सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

मंगलवार, 4 जून, 2024 | लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 152, पेज 16, 3.50 रुपये | www.facebook.com/volepaper | voiceofflucknow@gmail.com | www.voiceoflucknow.com



## शेयर बाजार में तेजी से रुपया मजबूत

शेयर बाजारों के तीन प्रतिशत से अधिक उछल जाने के बीच रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 28 पैसे की मजबूती के साथ 83 .14 पर बंद हुआ। } 14

## चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने के सबूत दे विपक्ष

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने विपक्ष को चुनौती दी कि वे उन आरोपों के साक्ष्य साझा करें जिनमें कहा गया है कि निर्वाचन अधिकारियों और डीएम को चुनाव प्रक्रिया को दूषित करने के लिए प्रभावित किया गया था। } 16

# प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला आज

## लोकसभा चुनाव : सबसे पहले होगी डाक मतपत्रों की गिनती, फिर ईवीएम से गिने जायेंगे वोट : मुख्य चुनाव आयुक्त

एजेंसी

नई दिल्ली। देश में 18वीं लोकसभा के लिए सात चरणों में चुनाव संपन्न हो चुके हैं। 97 करोड़ मतदाताओं ने 543 लोकसभा सीटों पर चुनावी मैदान में उतरे प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला कर दिया है। इनमें से गुजरात की सूरत लोकसभा सीट छोड़कर 542 सीटों का फैसला कल यानी 4 जून 2024 को आएगा। चुनाव आयोग (एडक) की ओर से रिटर्निंग ऑफिसर की नियुक्ति की जाती है, जो कल यानी 4 जून को पारदर्शिता के साथ बिना किसी बाधा के मतगणना कराएंगे।

लोकसभा चुनाव में वोटों की गिनती रिटर्निंग ऑफिसर और सहायक रिटर्निंग ऑफिसर की देखरेख में किसी बड़े हॉल में होती है। इनके अलावा, चुनाव आयोग की ओर से एक वरिष्ठ अधिकारी को पर्यवेक्षक के तौर पर तैनात किया जाता है। वोटों की गिनती शुरू करने से पहले रिटर्निंग ऑफिसर और असिस्टेंट रिटर्निंग ऑफिसर मतों की गोपनीयता बनाए रखने की शपथ लेंगे। मतगणना शुरू होने से पहले जोर-जोर से बोलकर शपथ लेते हैं। चुनाव आयोग के मुताबिक, मतगणना



सुबह 8 बजे से शुरू होगी। हालांकि, किसी विशेष परिस्थिति में समय में बदलाव भी किया जा सकता है। सबसे पहले बैलेट पेपर और इलेक्ट्रॉनिकली ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलेट सिस्टम के जरिए डाले गए वोटों की गणना होगी। बता दें कि आमतौर पर बैलेट पेपर व ईटीपीबीएस के जरिए चुनाव ड्यूटी में तैनात सरकारी कर्मचारी, सैनिक, देश के बाहर सेवारत सरकारी अधिकारी, बुजुर्ग मतदाता व प्रिवेंटिव डिटेंशन में रहने वाले लोग मतदान करते हैं। इन वोटों को गिनने में करीब आधे घंटे का समय लग जाता है। सुबह 8-30 बजे के बाद सभी टेबलों पर एक साथ वोटों की गिनती शुरू होती है। हॉल में एक राउंड में 14 ईवीएम के वोटों की गिनती की जाती है। मतगणना केंद्र पर मौजूद रिटर्निंग ऑफिसर प्रत्येक राउंड की गिनती के बाद रिजल्ट का एलान करते हैं। साथ ही इसे चुनाव आयोग की वेबसाइट पर भी अपडेट किया जाता है। मतों की गिनती का पहला रुझान सुबह 9 बजे से आना शुरू हो जाएगा।

बता दें कि देश की 542 सीटों पर चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला आएगा। इनमें से गुजरात की सूरत लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी की निर्विरोध जीत हो गई थी।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने सोमवार को कहा कि सभी मतगणना केंद्रों पर सबसे पहले डाक मतपत्रों की गिनती शुरू होगी और इस बारे में कोई संदेह नहीं है। उन्होंने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि डाक मतपत्रों की गिनती शुरू होने के आधे घंटे बाद इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) में दर्ज मतों की गिनती शुरू होगी। विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के नेताओं ने रविवार को निर्वाचन आयोग से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया था कि चार जून को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के नतीजों से पहले डाक मत पत्रों की गिनती कर उनके परिणाम घोषित किए जाएं। कुमार ने कहा नियम स्पष्ट रूप से कहते हैं (नियम 54ए) कि डाक मतपत्रों की गिनती पहले शुरू होगी। देश के सभी केंद्रों पर यह पहले शुरू होगी, इसमें कोई संदेह ...शेष पृष्ठ 14 पर

## यूपी : 81 स्थानों पर होगी मतगणना चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेगी पुलिस



विशेष संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश में 80 लोकसभा सीट और 4 विधानसभा सीट के उप चुनाव की मतगणना मंगलवार को सुबह 8 बजे से 7 पुलिस कमिश्नरेट एवं 68 जिलों में कुल 81 स्थानों पर होगी। भारत निर्वाचन आयोग के अनुसार मतगणना केंद्र की त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। सुरक्षा के मद्देनजर मतगणना स्थल पर 93 हजार से अधिक पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को तैनात किया गया है। इसके साथ ही सीएपीएफ और पीएसी की कंपनियों को भी तैनात किया गया है। इसके अलावा सोशल मीडिया पर प्रसारित भ्रामक खबरों, अफवाहों के खंडन एवं सत्यता की जानकारी कर कार्रवाई के लिए हर कमिश्नरेट/ जनपद में सोशल मीडिया टीम द्वारा 24 घंटे मॉनीटरिंग की जा रही है। ये जानकारी लोकभवन के सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता में अपर मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार और डीजीपी प्रशांत कुमार ने दी। इस दौरान सूचना ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### ब्रह्मोस एयरोस्पेस के पूर्व अभियंता को उम्रकैद

नागपुर। नागपुर की जिला अदालत ने शासकीय गोपनीयता अधिनियम( ओएसए) के तहत ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड के पूर्व अभियंता निशांत अग्रवाल को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने और गोपनीय जानकारी देने का दोषी ठहराते हुए सोमवार को उम्रकैद की सजा सुनाई। अदालत के आदेश के मुताबिक अग्रवाल को 14 साल तक सश्रम कारावास की सजा भुगतनी होगी और उसपर तीन हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। अतिरिक्त सत्र न्यायालय के न्यायाधीश एम.वी.देशपांडे ने अपने आदेश में कहा कि अग्रवाल को सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा-66 (एफ) और शासकीय गोपनीयता अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत किए गए अपराध के लिए भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा-235 के तहत दोषी करार दिया जाता है। विशेष लोक अभियोजक ज्योति वजानी ने बताया अदालत ने शासकीय गोपनीयता अधिनियम के तहत अग्रवाल को उम्रकैद और 14 साल की सश्रम कारावास की सजा सुनाई और तीन हजार रुपये का अर्थदंड लगाया।

### कार में आग लगने से चार लोगों की मौत

मेरठ। जिले के जानी थाना क्षेत्र में रविवार को कांवड़ मार्ग पर एक कार में आग लग जाने से कार सवार चार लोगों की जलकर मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवाण ने बताया कि एक सेंट्रो कार में आग लगने की यह घटना रविवार रात को हुई और ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस तथा दमकल विभाग ने आग पर काबू पाने के बाद वाहन से चार लोगों के शव बरामद किए गए थे। सजवाण ने बताया कि मृतकों की पहचान गाजियाबाद निवासी ललित, उनकी मां रजनी के रूप में हुई, जबकि दो अन्यों की पहचान राधा और कविता (50) के रूप में हुई है।

### गंगा में नहाने गये तीन युवक लापता

बिजनौर। जिले में गंगा के रावली घाट पर नहाने गये तीन युवक लापता हो गए जिसके बाद गोताखोर तीनों की तलाश कर रहे हैं। बिजनौर के कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि गंगा नदी के रावली घाट पर नहाने गए तीन युवकों के गहरे पानी में चले जाने से डूबने की आशंका है। घटना रविवार शाम की है, जब चार युवक बिलाल, अरशद, शाहनवाज और जुनैद गंगा नदी में नहाने गए थे, और गहरे पानी में चले गए। बिलाल तैरकर सुरक्षित निकल आया, जबकि अन्य तीन के डूबने की आशंका है। तीनों बेगावाला क्षेत्र के चांदपुरी गांव के निवासी हैं। पुलिस दल उन्हें खोजने का प्रयास कर रहे हैं।

# भारत को विकसित बनाने के लिए तेजी से करना होगा काम

## आशा भरी नजरों से भारत की ओर देख रहा है विश्व : मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश से पुरानी सोच और मान्यताओं का पुनर्मूल्यांकन और पेशेवर निराशावादियों के दबाव से समाज को मुक्त करने का आह्वान करते हुए कहा है कि भारत की आजादी के शताब्दी वर्ष के 25 वर्षों में विकसित भारत की नींव निश्चित तौर पर रखी जानी चाहिए। उन्होंने एक लेख में कहा, 21वीं सदी का विश्व अनेक आशाओं से भारत की ओर देख रहा है। और वैश्विक परिदृश्य में आगे बढ़ने के लिए हमें कई बदलाव करने होंगे। हमें सुधार के संबंध में अपनी पारंपरिक सोच को भी बदलने की जरूरत है। भारत सुधारों को सिर्फ आर्थिक सुधारों तक सीमित नहीं कर सकता। प्रधानमंत्री ने यह लेख एक जून को कन्याकुमारी से दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

की हवाईयात्रा के दौरान लिखा था। लोकसभा चुनाव प्रचार खत्म होने के बाद वह 30 मई को आध्यात्मिक प्रवास पर कन्याकुमारी पहुंचे थे। मोदी ने लोगों से जीवन के हर पहलू में सुधार की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। सोमवार को कई अखबारों में प्रकाशित इस लेख में मोदी ने कहा कि भारत के सुधार 2047 तक विकसित भारत की आकांक्षाओं के अनुरूप होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि सुधार किसी भी देश के लिए कभी भी एक-आयामी प्रक्रिया नहीं हो सकती। उन्होंने कहा, इसलिए, मैंने देश के लिए रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म (सुधार, निष्पादन और परिवर्तन) का दृष्टिकोण रखा है। सुधार की जिम्मेदारी नेतृत्व की है। उसी के आधार पर हमारी नौकरशाही काम करती है और जब लोग जनभागीदारी की भावना ...शेष पृष्ठ 14 पर

# एग्जिट पोल के बाद झूमा शेयर बाजार

## तीन प्रतिशत चढ़कर नये शिखर पर सेंसेक्स और निफ्टी

एजेंसी

मुंबई। एग्जिट पोल के बाद सोमवार को स्थानीय शेयर बाजार में चौतरफा लिवाली से बीएसई सेंसेक्स 2,500 से अधिक अंक की छलांग लगाकर अपने अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 733 अंक के उछाल के साथ नये शिखर पर बंद हुआ। शनिवार को एग्जिट पोल में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार की बड़ी जीत के अनुमान के बाद बाजार में यह तेजी आई है। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 2,507.47 अंक यानी 3.39 प्रतिशत उछलकर रिकॉर्ड




76,468.78 अंक पर बंद हुआ। यह पिछले तीन साल में एक दिन में सबसे बड़ी तेजी है। कारोबार के दौरान सूचकांक एक समय 2,777.58 अंक चढ़कर रिकॉर्ड 76,738.89 अंक तक चला गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 733.20 अंक यानी 3.25 प्रतिशत उछलकर अपने अबतक के सर्वोच्च स्तर 23,263.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 808 अंक यानी 3.58 प्रतिशत चढ़कर रिकॉर्ड ...शेष पृष्ठ 14 पर

# अनुमान से बिल्कुल विपरीत होंगे नतीजे

## सोनिया गांधी ने एम करुणानिधि की जयंती पर उन्हें अर्पित की श्रद्धांजलि

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने सोमवार को कहा कि उन्हें पूरी उम्मीद है कि लोकसभा चुनाव के असल परिणाम एग्जिट पोल (चुनाव बाद सर्वेक्षण) के अनुमान से बिल्कुल विपरीत होंगे।

सोनिया ने कहा हमें प्रतीक्षा करनी होगी। बस, इंतजार कीजिए और देखिए। उन्होंने कहा हमें पूरी उम्मीद है कि एग्जिट पोल में जो दिखाया जा रहा है, नतीजे उसके बिल्कुल विपरीत होंगे। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से सवाल किया गया था कि चार जून को घोषित होने जा रहे नतीजों से उन्हें क्या उम्मीद है? उन्होंने यह टिप्पणी द्रमुक



कार्यालय में तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री एम करुणानिधि को उनकी 100वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद की। अधिकतर एग्जिट पोल में लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को प्रचंड बहुमत मिलने का पूर्वानुमान व्यक्त किया गया है। अधिकतर सर्वेक्षणों में राजग को 350 से अधिक सीट मिलने की संभावना जताई गई है। अगर असल परिणाम भी एग्जिट पोल के अनुमान के मुताबिक रहते हैं तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार बड़े बहुमत के साथ सत्ता संभालेंगे। कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के अन्य घटक दलों ने एग्जिट पोल को खारिज कर दिया है और दावा किया है कि विपक्षी गठबंधन अगली सरकार बनाएगा। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रविवार ...शेष पृष्ठ 14 पर

# अखिलेश यादव ने एग्जिट पोल पर उठाये सवाल

## भाजपा के लिए बूथ मैनेजमेंट का काम कर रही हैं एजेंसियां

वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को एग्जिट पोल की विश्वसनीयता पर सवाल उठाया और दावा किया कि एग्जिट पोल करने वाली एजेंसियां सिर्फ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पक्ष में माहौल बनाने की कोशिश कर रही हैं।

चार जून को होने वाली मतगणना से पहले एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए यादव ने कहा, इंडियन नेशनल डेवलपमेंट इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) की जीत, देश और जनता की जीत होगी। यादव ने कहा हम और आप (मीडिया) लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए लोगों के बीच थे। हम सभी ने देखा है कि उनकी (भाजपा) रैलियों में लोग नहीं थे, उनके टेंट खाली थे, उनके पक्ष में कुछ भी नहीं था। एग्जिट पोल पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि



सपा प्रमुख अखिलेश यादव

एग्जिट पोल करने वाली कई एजेंसियां वही हैं जो भाजपा के लिए बूथ प्रबंधन का काम करती थीं। उन्होंने कहा वे (एग्जिट पोल एजेंसियां) भाजपा के पक्ष में माहौल बना रही हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा जनता स्वतंत्रता सेनानियों की तरह बलिदान करने के लिए तैयार है क्योंकि भाजपा काल में उसका जीवन तो वैसे भी दूभर हो गया है। जनता की सकारात्मक सक्रियता से, देश नकारात्मक ताक़तों से आज़ाद होने जा रहा है। देश-प्रेमी 140 करोड़ जनता की शक्ति के आगे भ्रष्ट और संकीर्ण सोच के चंद देश-विरोधी लोग टिक नहीं सकते हैं। देश का युवा फिर से कफ़न सिर पर बांधकर कह रहा है, मेरा रंग दे बसंती चोला। सपा अध्यक्ष ने कहा चुनाव खत्म हो चुके हैं। एग्जिट पोल कई चीजें दिखा रहे हैं। भाजपा कई चीजों के लिए जिम्मेदार है। उन्होंने शांति और भाईचारे को बिगाड़ा। उन्होंने आरक्षण खत्म करने की साजिश रची। उन्होंने महिलाओं के खिलाफ अपराध ...शेष पृष्ठ 14 पर



### आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 43.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 29.04 डिसे. |

### भीतर पढ़ें


- अमूल दूध व टोल टैक्स में वृद्धि जनता के साथ धोखा (पृष्ठ-02)
- सबसे जल्द कानपुर से आयेंगे चुनावी नतीजे (पृष्ठ-02)
- दो हजार के 97.82 प्रतिशत नोट वापस आये (पृष्ठ-14)
- आर्थिक मोर्चे पर भारत के नाम रहेगी यह सदी (पृष्ठ-14)
- निवेशकों की पूंजी 13.78 लाख करोड़ बढ़ी (पृष्ठ-14)


विशेष खबर

## 2023-24 अल नीनो के इस साल के अंत में ला नीना स्थिति में परिवर्तित होने का अनुमान

# समाप्त हो रहा अल नीनो, भरपूर बारिश की संभावना

एजेंसी

नयी दिल्ली। दुनिया भर में रिकॉर्ड तोड़ गर्मी और खराब मौसम के लिए जिम्मेदार 2023-24 अल नीनो के इस साल के अंत में ला नीना स्थिति में परिवर्तित होने का अनुमान है। यह जानकारी विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) ने दी। डब्ल्यूएमओ के अनुसार, दुनिया भर में लोगों ने अप्रैल का महीना अब तक का सबसे गर्म महीना और इस वर्ष लगातार 11वें महीने रिकॉर्ड-उच्च तापमान का अनुभव किया। इसके अनुसार, पिछले 13 महीने में समुद्र की सतह का तापमान रिकॉर्ड-उच्च स्तर पर रहा है।

संगठन ने कहा कि ऐसा प्राकृतिक रूप से होने वाले अल नीनो-मध्य और पूर्वी प्रशांत महासागर में पानी के असामान्य रूप से गर्म होने तथा मानवीय गतिविधियों से उत्पन्न ग्रीनहाउस गैस द्वारा वायुमंडल और महासागर में फंसी अतिरिक्त ऊर्जा के कारण होता है। अल नीनो का प्रभाव बना हुआ



है लेकिन यह कमजोर हो रहा है। इसके प्रभाव के चलते भारत और पाकिस्तान सहित दक्षिण एशिया में लाखों लोगों ने अप्रैल और मई में भीषण गर्मी का सामना किया। डब्ल्यूएमओ के ग्लोबल प्रोड्यूसिंग सेंटर्स ऑफ लॉन्ग-रेंज फोरकास्ट के नवीनतम पूर्वानुमानों में जून-अगस्त के दौरान तटस्थ स्थितियां या ला नीना में परिवर्तित होने की समान संभावनाएं (50 प्रतिशत) बताई गई हैं। ला नीना स्थितियों की जुलाई से सितंबर के दौरान संभावना 60 प्रतिशत तथा अगस्त से नवंबर के दौरान 70 प्रतिशत तक बढ़ जाती है। डब्ल्यूएमओ ने कहा कि इस दौरान अल नीनो के फिर से विकसित होने की संभावना नगण्य है।

अल नीनो भारत में कमजोर मानसूनी हवाओं और शुष्क परिस्थितियों से जुड़ा है, जबकि अल नीनो के विरोधी ला नीना के चलते मानसून के दौरान भरपूर बारिश होती है। पिछले महीने, भारत मौसम विज्ञान विभाग ने भारत में मानसून के मौसम में सामान्य से अधिक बारिश का अनुमान जताया था और अगस्त-सितंबर तक अनुकूल ला नीना स्थितियां बनने की उम्मीद है। भारत के कृषि परिदृश्य के लिए मानसून महत्वपूर्ण है क्योंकि 52 प्रतिशत खेती योग्य क्षेत्र इस पर निर्भर है। यह देश भर में बिजली उत्पादन के अलावा पेयजल के लिए जलाशयों को फिर से भरने में भी महत्वपूर्ण है। डब्ल्यूएमओ की उपमहासचिव को बैरेट ने कहा, जून 2023 से हर महीने तापमान का नया रिकॉर्ड बना है और 2023 अब तक का सबसे गर्म साल रहा है।

# 46.8 डिग्री के साथ प्रदेश में कानपुर रहा सबसे गर्म

विशेष संवाददाता

लखनऊ। नौतपा खत्म हो चुके हैं। इसके बाद भी गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही है। सोमवार को अधिकतम तापमान 45.3 डिग्री सेल्सियस रहने से झांसी प्रदेश का तीसरा सबसे गर्म जिला रहा। वहीं, न्यूनतम पारा 31 डिग्री सेल्सियस होने से सबसे गर्म रात रहने के मामले में झांसी का दूसरा स्थान रहा। झांसी में 25 मई से दो जून तक नौतपा के दौरान प्रचंड गर्मी पड़ी। इन दिनों में अधिकतम तापमान 49 डिग्री सेल्सियस पहुंच जाने से मई की गर्मी के सारे रिकॉर्ड टूट गए। चिलचिलाती धूप, तेज लू ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया। दो जून का नौतपा खत्म होने के बाद भी गर्मी में बहुत अधिक राहत नहीं मिली है। मौसम केंद्र लखनऊ के आंकड़े देखें तो सोमवार को कानपुर का अधिकतम तापमान 46.8 डिग्री सेल्सियस रहा। प्रदेश में कानपुर सबसे गर्म जिला रहा। वहीं, 45.4 डिग्री सेल्सियस पारा रहने से प्रयागराज दूसरा सबसे गर्म जिला रहा। 45.3 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ झांसी प्रदेश का तीसरा गर्म जिला रहा। वहीं, 45.2 डिग्री सेल्सियस तापमान होने से गर्म जिलों में आगरा और हमीरपुर का चौथा स्थान रहा। इन सभी जिलों में लू भी चली। वहीं, फतेहगढ़ का न्यूनतम पारा 31.2 डिग्री सेल्सियस रहा और रविवार-सोमवार की दरम्यानी रात प्रदेश में सबसे गर्म रही।

- 45.4 डिग्री के साथ प्रयागराज दूसरा सबसे गर्म जिला




# ब्रज क्षेत्र की छह लोकसभा सीटों में से तीन सीटों पर मामला फंसा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** ब्रज क्षेत्र की छह लोकसभा सीटों में से भाजपा ने 2019 के चुनाव में पांच सीटों पर क्लीन स्वीप किया था। इन पांच सीटों में आगरा फतेहपुर सीकरी, मथुरा, फिरोजाबाद और एटा शामिल हैं। वहीं मैनपुरी में सपा के मजूबत किले को भाजपा नहीं हिला पाई थी। वहीं अब लोकसभा

- **लोकसभा चुनाव 2024 के सर्वे भाजपा गंवा सकती है तीन सीटें**

चुनाव 2024 के सर्वे में तीन सीटों पर मामला फंसा हुआ नजर आ रहा है। ये तीन सीट हैं फिरोजाबाद एटा और फतेहपुर सीकरी हैं। हालांकि फिरोजाबाद को छोड़कर भाजपा ने एटा और फतेहपुर सीकरी पर पुराने चेहरों पर ही दांव लगाया है। एटा से से सपा को शाक्य प्रत्याशी मैदान में उतारने की वजह से फायदा मिलता नजर आ रहा हैए वहीं फिरोजाबाद की बात करें तो यहां सपा प्रत्याशी अक्षय यादव को जिस तरह चाचा का साथ मिला, उससे बढ़त मिलती नजर आ रही है।

**फिरोजाबाद पर चाचा शिवपाल का साथ :** फिरोजाबाद लोकसभा की बात करें तो यहां पिछले लोकसभा चुनाव में चाचा शिवपाल यादव अपने भतीजे अक्षय यादव के विरोध में खड़े हुए थे। वो एक बड़ा वोट बैंक काटकर अपने खाते में ले गए। माना जा रहा था कि इसी वजह से सपा को फिरोजाबाद सीट गवांनी पड़ गई और इसका फायदा सीधे भाजपा प्रत्याशी को मिला। इस चुनाव में चाचा शिवपाल यादव अपने भतीजे अक्षय यादव के साथ खड़े नजर आए। इस वजह से जानकार मान रहे हैं कि इस सीट पर सपा वापस अपना कब्जा जमा सकती है। एटा पर शाक्य प्रत्याशी से भाजपा आ सकती है मुश्किल में

बात करें एटा लोकसभा सीट की तो यहां से भाजपा के राजवीर सिंह उर्फ राजू भैया के सामने सपा ने देवश शाक्य को चुनाव मैदान में उतारा। यहां यादव और शाक्य मतदाताओं की एकजुटता का सपा को फायदा मिल सकता है। 2019 लोकसभा चुनाव में एटा सीट से बीजेपी के राजवीर सिंह ने जीत हासिल की थी। उन्हें 5,45,348 वोट मिले थे, वहीं सपा के देवेंद्र यादव 4,22,678 वोट पाकर दूसरे नंबर पर रहे थे।

**फतेहपुर सीकरी पर भाजपा के खिलाफ नाराजगी पड़ सकती है भारी :** वहीं यूपी की चर्चित सीटों में शुमार फतेहपुर सीकरी लोकसभा की बात करें, तो यहां भी भाजपा फंसी नजर आ रही है। चुनावी जानकार बता रहे हैं कि इसकी वजह भाजपा प्रत्याशी राजकुमार चाहर के खिलाफ स्थानीय स्तर पर विरोध और भाजपा के विधायक चौधरी बाबूलाल द्वारा निर्दलीय अपने बेटे रामेश्वर चौधरी को चुनाव मैदान में उतारना माना जा रहा है। यहां लड़ाई गठबंधन प्रत्याशी रामनाथ सिंह सिखरवार से नजर आ रही है।

**आगरा में भाजपा को बढ़त :** चुनावी जानकार बता रहे हैं कि आगरा लोकसभा पर भाजपा को हिला पाना काफी मुश्किल है। इस सीट पर भाजपा प्रत्याशी प्रो. एसपी सिंह बघेल काफी स्ट्रॉग पोजीशन में नजर आ रहे हैं। वहीं सपा-कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी सुरेश चंद कर्दम और बसपा प्रत्याशी पूजा अमरोही की स्थिति बहुत अच्छी नहीं मानी जा रही है।

**मैनपुरी में सपा मजबूत :** मैनपुरी संसदीय सीट पर मतदाताओं के दावे के मुताबिक पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव को बढ़त मिलती नजर आ रही है। यहां भाजपा प्रत्याशी ठाकुर जयवीर सिंह ने हालांकि काफी जोर शोर से प्रचार कियाए लेकिन मैनपुरी में सपा के मजबूत किले को तोड़ पाना आसान नहीं दिख रहा है।

**हेमा मालिनी के लिए तीसरी बार जीत का दावा :** मथुरा की बात करें तो प्रत्याशी और पार्टी फिर से जीत के गुणा-भाग में जुट गई हैं। भाजपा का तीन लाख मतों से जीत का दावा है। वहीं, बसपा दो और कांग्रेस एक लाख मतों से जीत का अनुमान लगाकर चल रही है। भाजपा के जिलाध्यक्ष निर्भय पांडेय का दावा है कि मथुरा में भाजपा की प्रत्याशी हेमामालिनी 3 लाख से अधिक मतों से जीत रही हैं। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा ने बताया कि प्रत्याशी मुकेश धनगर एक लाख मतों से जीत हासिल करने जा रहे हैं।

# यूपी में एनडीए को मिल रही जबरदस्त सीटें और बसपा को एक भी नहीं

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में इंडिया टीवी सीएनएक्स के सर्वे के अनुसार, एनडीए गठबंधन को जबरदस्त सीटें मिल रही हैं। भारतीय जनता पार्टी को उत्तर प्रदेश में 62 से 68 सीटें, अपना दल को दो सीटें व रालोद को दो सीटें मिल रही हैं। जबकि सुभासपा का खाता भी नहीं खुल रहा है। वहीं समाजवादी पार्टी को उत्तर प्रदेश में 10 से 16 सीटें मिलती हुई नजर आ रही हैं। वहीं कांग्रेस को एक से तीन सीटें मिल रही हैं। वहीं मायावती की अगुवाई में इस चुनाव में मैदान में अकेले उतरी बहुजन समाज पार्टी को एक भी सीट मिलती हुई नजर नहीं आ रही है।



- **एग्जिट पोल के नतीजों से सपा-कांग्रेस गठबंधन व बसपा को मिल रहीं निराशा**

उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी को 10 से 16 सीटें मिल रही हैं। वहीं सहयोगी पार्टी कांग्रेस को एक से तीन सीटें मिलती हुई नजर आ रही हैं। सपा मुखिया अखिलेश यादव लोकसभा चुनाव के दौरान उत्तर प्रदेश में 80 में से 79 सीटें जीतने का दावा कर रहे थे। साथ ही उन्होंने एक अन्य सीट वाराणसी में भी लड़ाई की बात कही थी। अब एग्जिट पोल के नतीजे और सपा प्रमुख के दावे में बड़ा अंतर है। हालांकि एग्जिट पोल और आधिकारिक नतीजों में काफी अंतर हो सकता है।लोकसभा चुनाव के सातवें चरण की वोटिंग के बाद मीडिया ने एग्जिट पोल के नतीजे जारी कर दिए हैं। लोकसभा चुनाव 2024 में सभी की नजरें लोकसभा सीटों के लिहाज से देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश पर टिकी हुई हैं। उत्तर प्रदेश में देश की सबसे ज्यादा 80 लोकसभा सीटें हैं। अलग-अलग एजेंसियों के एग्जिट पोल के नतीजे बदले हुए हैं, हालांकि सभी एग्जिट पोल में एनडीए गठबंधन की सरकार पूर्ण बहुमत से बनती हुई नजर आ रही है। इंडिया टुडे, एक्सिस माय इंडिया के सर्वे के अनुसार, देश में एनडीए गठबंधन की 361-401 सीटें मिलती हुई नजर आ रही हैं। जबकि इंडी गठबंधन को 131-166 सीटें और अन्य को 8-20 सीटें मिल रही हैं।

## ...सियासी करवट

### जनादेश का यह कैसा स्वागत

चुनाव नतीजे पर देश-दुनिया की नजर है। प्रशासन ने जहां मतगणना को लेकर भारी तैयारियां की है लेकिन विपक्षी दलों ने मतगणना से पहले ही इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन को खलनायक घोषित कर दिया है। एक दिन पहले उन्होंने एक्जिट पोल करने वाली संस्थाओं को नरेंद्र मोदी की तरफदारी करने वाला बताया था और अपने गठबंधन की सरकार बनने का दावा किया था लेकिन आज समूचे विपक्ष के सुर बदले नजर आ रहे हैं। कांग्रेस नेता शशि थरूर जहां इंडिया गठबंधन को 295 सीटें मिलने के दावे कर रहे हैं, वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कह रहे हैं कि भाजपा अगर 300 सीट जीतती है तो यह ईवीएम की जीत होगी। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के बोल भी कुछ इसी तरह के हैं। हिमाचल और कर्नाटक में कांग्रेस सरकार बनी तो भी इसी ईवीएम से चुनाव कराए गए थे। पंजाब विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी जीती और उसने सरकार बनाई। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की सरकार बनी। मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में जब कांग्रेस की सरकार बनी थी तब तो विपक्ष ने एक बार भी ईवीएम को दोष नहीं दिया था और एक बार भी ईवीएम और डीएम के कथित संबंधों की बात नहीं की थी। मीठा-मीठा गप, मीठा-मीठाथू का यह आदत जन स्वीकार्य हो भी तो कैसे? अभी तो केवल एक्जिट पोल के ही नतीजे आए हैं, उससे देश के विपक्षी दल इतना घबरा गए हैं कि कहिए मत? जो कांग्रेस कल तक सरकार बनाने और मोदी के प्रधानमंत्री न बनने के दावे कर रही थी। अगर वह मतगणना के दौरान अपने विशेषज्ञों की फौज उतारने और कार्यकर्ताओंकी हल्ला बोल टीम मतगणना स्थल पर तैनात करने की घोषणा कर रही है तो इसका मंतव्य साफ है कि कांग्रेस और उससे गठजोड़ कर चुनाव लड़ने वाले दलों की मंशा बहुत साफ नहीं है और वे देशको अराजकता और हिंसा की आग में झोंकने की दुरभिसंधि कर रहे हैं। हालांकि प्रबुद्ध तबके की ओर से इस बात की आशंका पहले भी जाहिर की जा चुकी है। लोकतंत्र और संविधान की रक्षा का हवाला देकर चुनाव लड़ रहे विपक्ष से इस तरह के आचरण की उम्मीद इस देश को कभी नहीं रही। पश्चिम बंगाल में तो मतदान के दौरान हिंसा की कई घटनाएं हो चुकी है। इसमें कई लोगों की जान भी जा चुकी है। बिहार के पाटलिपुत्र क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी राम कृपाल सिंह की कार पर हमले की जितनी भी निंदा की जाए, कम है। यह आखिर किस तरह का लोकतंत्र है। वैसे भी काठ की हांडी आग का ताप कब झेल पाती है। विपक्षके साथ भी वही बात है। वह कभी अपनी बात पर टिकता ही नहीं। विपक्ष ईवीएम को लेकर जिस तरह का भ्रम फैला रहा है और इसमें गृहमंत्री और जिलाधिकारियों की भूमिकाको संदिग्ध ठहरा रहा है, वह कितना तर्कसंगत है, इसकी मीमांसा तो होनी ही चाहिए। आरोप लगाना आसान है लेकिन उसे प्रमाणित करने का आधार भी तो होना चाहिए। मिथ्याचार की राजनीति किसी भी लिहाज से उचित नहीं है। झूठ और फरेब से जनता को एकबारगी गुमराह कियाजासकता है लेकिन जब उसे पता चलेगा तो फिर उसकी नजर से संबंधित राजनीतिक दलों को गिरते भी देर नहीं लगेगी।



सियाराम पांडेय 'शांत'

## नेताजी कहिन

### अमूल दूध व टोल टैक्स में वृद्धि जनता के साथ धोखा : प्रमोद तिवारी

**लखनऊ।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने केन्द्र की मोदी सरकार पर चुनाव के ठीक बाद टोल टैक्स तथा अमूल दूध के दामों में बढोत्तरी को लेकर जनता के साथ एक और छल तथा विश्वासघात करार दिया है। वहीं उन्होंने मतगणना को लेकर कांग्रेस व विपक्षी इण्डिया गठबंधन द्वारा चुनाव आयोग से पहले बैलेट पेपर की गिनती की मांग को निष्पक्ष चुनावी पारदर्शिता के लिए अपरिहार्य ठहराया है।



विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि मोदी सरकार का मंहगाई से एक बार फिर सीधा रिश्ता उजागर हुआ है। उन्होंने कहा कि चुनाव के ठीक बाद टोल टैक्स में पांच प्रतिशत टैक्स बढोत्तरी से सफर मंहगा हुआ है। वहीं राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि अमूल तथा मदर डेयरी ने दूध के दामों में दो रुपए प्रति लीटर बढोत्तरी के सरकार के फैसले से बच्चों की खुराक तक मंहगी हुई है। उन्होनें पीएम मोदी पर तंज कसा कि मंहगाई का एम से भाजपा का जुड़वा रिश्ता है। उन्होंने कहा कि एम से मंहगाई और एम से ही मोदी की पहचान देश की जनता को लगातार पीड़ा दे रही है। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने चुनाव आयोग में कांग्रेस और इण्डिया गठबंधन द्वारा मतगणना में ईवीएम की गिनती से पहले बैलेट पेपर गिने जाने को कानूनन जायज ठहराया है। उन्होंने कहा कि 1961 में बने कानून के तहत अब तक सबसे पहले बैलेट पेपर की ही गिनती होती आयी है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि मतगणना में पहले भी बैलेट पेपर और बाद में बैलेट की गिनती होती रही अब पहले पोस्टल बैलेट तथा ईवीएम की गिनती की प्रक्रिया बनायी गयी है। विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि विपक्ष ने आयोग से यही आशंका जतायी है कि आखिर इस बार मतगणना की व्यवस्था में पोस्टल बैलेट को पहले न गिने जाने का आधार क्या है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपनी इसी संवैधानिक बात को आशंका के रूप में निर्वाचन आयोग के समक्ष अनुरोध पूर्वक रखा है। उन्होंने कहा कि देश में चुनावी प्रक्रिया निष्पक्ष होनी ही नहीं बल्कि यह निष्पक्षता दिखलायी पड़नी चाहिए। उन्होने कांग्रेस की जतायी आशंका को लेकर सरकार के मंत्रियों की आयोग से इस पहलू पर मुलाकात पर तंज कसते हुए कहा कि सरकार का आयोग में जाना चोर की दाढ़ी में तिनका ही प्रदर्शित कर गया है।

# भाजपा ने मतगणना शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने का किया अनुरोध

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भाजपा के उच्चस्तरीय प्रतिनिधि मंडल ने सोमवार की शाम को मुख्य निर्वाचन अधिकारी से जनपथ स्थित उनके कार्यालय में भेंट कर ज्ञापन सौंपा।

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी के नेतृत्व में मुख्य

- **भाजपा के उच्च स्तरीय प्रतिनिधि मंडल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी से की मुलाकात**



निर्वाचन अधिकारी से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, प्रदेश के कैबिनेट मंत्री व प्रदेश चुनाव समिति के प्रमुख स्वतंत्र देव सिंह, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सहसंयोजक जेपीएस राठौर, अधिवक्ता अखिलेश अवस्थी सम्मिलित हुए। भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए आशंका व्यक्त की कि समाजवादी पार्टी द्वारा 4 जून को मतगणना के दौरान दंगा व हिंसा कराने की साजिश की सूचनायें मिली है। सपा प्रमुख की प्रेस कांफ्रेंस में कही गई बातों से सपा कार्यकर्ता उत्तेजित होकर अराजकता फैलाने की तैयारी कर रहे है।प्रतिनिधि मंडल ने आयोग से इन बातों को संज्ञान में लेकर मतगणना के दौरान अराजकता व दंगा करने के उद्देश्य से जमावड़ा करने वाले विपक्षी पार्टी के कार्यकर्ताओं को रोकने व मतगणना को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए सख्त निर्देश देने का अनुरोध किया।

# कांग्रेस ने तैनात की विशेषज्ञों व 'हल्ला बोल' टीम

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के एग्जिट पोल आ चुके हैं। एग्जिट पोल के रुझानों से भड़के इंडी गठबंधन के नेताओं ने आंकड़ों को सिरे से खारिज कर दिया। साथ ही मंगलवार को होने वाली मतगणना को लेकर राज्य मुख्यालय से लेकर पार्टी के राष्ट्रीय कार्यालय तक विशेषज्ञों की टीम तैनात करने का दावा किया। वहीं यूपी कांग्रेस ने तो 'हल्ला बोल' टीम तैनात करने का दावा किया। ऐसे में उनकी इस आक्रामक रणनीति पर सवाल भी उठ रहे हैं। यूपी कांग्रेस के मीडिया प्रमुख डॉ. सीपी राय ने इंडी गठबंधन की मतगणना को लेकर तैयारियां क्या हैं, इसकी जानकारी साझा की। उन्होंने दावा किया क गठबंधन के सभी दलों ने हर तरह से तैयारी कर ली है। काउंटिंग स्थल से लेकर प्रदेश और देश की

- **इंडी गठबंधन के नेताओं ने एग्जिट पोल के आंकड़ों को सिरे से किया खारिज**

राजधानी तक सभी विशेषज्ञ और बड़े नेता एक-दूसरे से जुड़े रहेंगे। यही नहीं जिले, स्टेट और नेशनल लेवल पर वार रूम, लीगल दस्ता की तैनाती की गई है। मतगणना स्थल पर हल्ला बोल टीम, आंदोलन और घेराव का दस्ता हर वक्त मुस्तैद रहेगा। हल्ला बोल टीम और आंदोलन दस्ता की तैनाती को लेकर एक तरफ जहां सवाल उठ रहे हैं। वहीं कांग्रेस के नेताओं का दावा है कि ये देश और संविधान बचाने का चुनाव है, इसलिए कोई भी हेराफेरी और बेईमानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# कानपुर से नतीजे सबसे जल्द गाजियाबाद के सबसे बाद में

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी में मतगणना मंगलवार सुबह आठ से शुरू हो जायेगी। गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र में सबसे अधिक 3092 पोलिंग बूथ और सबसे कम 1607 पोलिंग बूथ कानपुर लोकसभा क्षेत्र में हैं। गाजियाबाद साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक 1127 पोलिंग बूथ होने के कारण यहां सबसे अधिक 41 राउण्ड में मतगणना होगी। इसलिए गाजियाबाद लोकसभा सीट का नतीजा सबसे बाद में और कानपुर लोकसभा सीट का नतीजा सबसे पहले आने का अनुमान है क्योंकि यहां सबसे कम पोलिंग बूथ हैं और उम्मीद है कि यहां सिर्फ 12 राउण्ड की मतगणना होगी।

- **देश भर में चल रही मतगणना के रुझान और चुनाव नतीजे वेबसाइट पर देखे जा सकेंगे**

लोकसभा चुनाव के सभी सातों चरणों के मतदान की प्रक्रिया सम्पन्न होने के बाद अब मंगलवार चार जून को होने वाली मतगणना का सभी को बेसब्री से इंतजार है। किस सीट का सबसे पहले नतीजा आएगा इसको लेकर भी चर्चाएं शुरू हो गई हैं। हालांकि प्रशासन ने नतीजों की घोषणा की तैयारी शुरू कर दी है। उत्तर प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीटों पर मतगणना मंगलवार को सुबह आठ बजे शुरू होगी। सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गिनती की जाएगी और पोस्टल बैलेट की गिनती शुरू होने के आधे घंटे बाद इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों में दर्ज मतों की भी गिनती शुरू कर दी जाएगी। कानपुर लोकसभा के नतीजे सबसे पहले और गाजियाबाद के सबसे बाद में आने का अनुमान है। यह जानकारी प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने दी। उन्होंने बताया कि मंगलवार चार जून को सुबह आठ बजे के बाद से सिर्फ उत्तर प्रदेश ही नहीं देश भर में चल रही मतगणना के रुझान और चुनाव नतीजे वेबसाइट पर देखे जा सकेंगे।

# मिर्जापुर के डीएम को मतगणना स्थल पर प्रवेश से रोक लगायी जाये

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन में मांग की है कि निष्पक्ष मतगणना की दृष्टि से मिजार्पुर के जिलाधिकारी को मतगणना स्थल पर प्रवेश से रोक लगायी जाये। श्याम लाल पाल ने

- **सपा के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मिलकर उठायी मांग**

महिला से छेड़खानी के आरोपी शशि भूषण लाल सुशील को देवी पाटन का मण्डलायुक्त नियुक्त किये जाने पर भी आपत्ति जतायी है।

मुख्य निर्वावन अधिकारी को सौंपे गये ज्ञापन में कहा गया है कि समाजवादी पार्टी मीरजापुर के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने लिखित शिकायत किया है कि



पालिटेक्निक कालेज के पीछे की बाउंड्री तोड़ दी गयी है और कैमरा भी नहीं लगा है। सुरक्षा की दृष्टि से कैमरा लगवाया जाय, शासन व प्रशासन की मंशा ठीक नहीं लग रही है। निष्पक्ष मतगणना संभव नहीं है। इससे पूर्व भी जिलाधिकारी मीरजापुर पर निष्पक्ष चुनाव न कराये जाने का आरोप लगा था तथा जिलाधिकारी भाजपा प्रत्याशी के रिश्तेदार भी है इसलिए मतगणना निष्पक्ष होने में संशय है। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल द्वारा मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन में कहा है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में मतगणना कल 04 जून को सम्पन्न होगी। मतगणना से पूर्व सोमवार को महिला से छेड़खानी का आरोपी दागदार शशि भूषण लाल सुशील को देवी पाटन का मण्डलायुक्त नियुक्त कर दिया गया। सरकार और प्रशासन की मंशा मतगणना में धांधली कराने की है। नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है। निर्वाचन आयोग की साख पर सवाल खड़े हो रहे हैं। समाजवादी पार्टी ने मांग की है कि कल 04 जून को लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की मतगणना कम्पलीट होने तक देवी पाटन के मण्डलायुक्त पद पर शशि भूषण लाल सुशील की नियुक्ति पर पूर्ण रूप से रोक लगायी जाय, जिससे मतगणना निष्पक्ष, भयमुक्त और स्वतंत्र सम्पन्न हो सके ।समाजवादी पार्टी ने मांग की है कि मीरजापुर के जिलाधिकारी को मतगणना स्थल पर प्रवेश करने पर रोक लगायी जाये, किसी अन्य अधिकारी की देखरेख में मतगणना कार्य कराया जाय, तथा बाउंड्री तोड़े जाने की घटना की जांच कराकर दोषीजनों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाय और तत्काल कैमरा लगाकर अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात करके स्ट्रांग रूम की सुरक्षा और पुख्ता की जाए, जिससे लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की मतगणना निष्पक्ष, निर्भीक एवं स्वतंत्र हो सके।

# इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी : अजय राय

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**वाराणसी/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने जनपद वाराणसी में एक पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन पूर्ण बहुमत से सरकार बनायेगी। सरकार प्रायोजित एग्जिट पोल्स महाभारत की तरह चुनावी युद्ध के मतगणना का अंतिम सातवां द्वार

- **कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने दिया एग्जिट पोल को मात्र मनोवैज्ञानिक दबाव की राणनीति करार**

छल से जीतने के मनोवैज्ञानिक दबाव की एक रणनीति मात्र है। इंडिया गठबंधन के मतगणना अभिकर्ता एकाग्रता एवं तन्मयता से मतगणना के अंतिम क्षण तक स्वच्छ पारदर्शी गणना के लिए जूझेंगे और सरकार प्रायोजित एग्जिट पोल रणनीति को विफल कर इंडिया सरकार के लिए मिले जनादेश को साकार परिणाम तक पहुंचायेंगे।

उन्होंने कहा कि सरकारी एग्जिट पोल पूरी तरह आंख में धूल झोंक के अधिकारियों को धौंस में लेने तथा विपक्ष एवं उनके मतगणना अभिकर्ताओं को मानसिक दबाव बनाकर हताश मानस के साथ मतगणना में खड़े करने की रणनीति



का हिस्सा है। चुनाव और मतगणना को लेकर सट्टा बाजार में भारी धन लगा हुआ है इसलिए बाजार और सरकार की यह बेईमान इरादों की साझी रणनीति है, जो एक तरह का मैच फिक्सिंग खेल है। राय ने कहा कि 64 करोड़ लोगों ने वोट डाला है और भारत के विविधता भरे मतदान का आंकलन एग्जिट पोल सर्वे करने वाली एजेंसियां महज साढ़े तीन लाख कथित सैंपल के आधार पर प्रोसेस कर आंखों में धूल झोंक रहीं। सबसे बड़ी बात कि आखिरी चरण के 57 सीटों का मतदान पूरी तरह खत्म भी नहीं हुआ था कि तब तक बने बनाये एग्जिट पोल आंकड़े देश को परोस दिये गये। मतदान के बाद सारे आंकड़े को प्रोसेस करने में कुछ घंटे तो दूर कुछ मिनट भी नहीं लगाये। परिणाम भी इस कदर बढ़ा चढ़ा कर बताये कि अधिकारी एवं विपक्षी यह मानकर मतगणना स्थल पर काम शुरू करें कि कुछ कम भी होगा, तब भी बीजेपी सरकार ही बननी है। इस मानसिक दबिश में विपक्षी एजेंट विचलित मानस से खड़े हों एवं कुछ देर बाद हट जाय और अधिकारियों पर दबाव बनाकर मतगणना में धांधली हो सके।

# एक्जिट पोल : जहां योगी का चला बुलडोजर वहां भी भाजपा को बहुमत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** एग्जिट पोल का अनुमान है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जहां माफियाओं के खिलाफ बुलडोजर की कार्रवाई की या जिन्हें बाहुबलियों के प्रभाव वाली सीट माना जाता है, वहां भी भाजपा को बहुमत है।

लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर शनिवार 1 जून को देशभर की सभी सीटों पर एग्जिट पोल के नतीजे आ गए। लगभग सभी एग्जिट पोल में जो तस्वीर पेश की गई है, उसमें भारतीय जनता पार्टी की अगुआई वाले एनडीए को भारी बहुमत से जीतते हुए दिखाया गया है। 80 सीटों वाले उत्तर प्रदेश को लेकर भी एग्जिट पोल में भाजपा की बड़ी जीत दिखाई गई है।

टाइम्स नाउ के देश का मूड मीटर एग्जिट पोल का अनुमान है कि ऐसी 6 सीटें जिन पर बाहुबलियों का प्रभाव है, उन सीटों पर भी भाजपा को समर्थन है। सबसे पहले गाजीपुर सीट की बात करते हैं, जहां पर माफिया मुख्तार अंसारी के भाई अफजाल अंसारी और



भाजपा उम्मीदवार पारस नाथ के बीच मुकाबला था। गाजीपुर सीट पर एग्जिट पोल में बीजेपी उम्मीदवार को जीतते दिखाया गया है। अफजाल अंसारी समाजवादी पार्टी के टिकट पर मैदान में उतरे थे। यहां अफजाल अंसारी को करारी शिकस्त मिल सकती है। मुख्तार अंसारी की मौत के बाद से यह सीट काफी चर्चा में थी। दूसरी सीट है घोसी, जो गाजीपुर से लगी हुई है और इसको भी अफजाल अंसारी के प्रभाव वाली सीट माना जाता है। यहां भी एग्जिट पोल ने सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के उम्मीदवार अरविंद राजभर की जीत दिखाई है। यूपी में सुभासपा और बीजेपी का गठबंधन है। यहां अरविंद राजभर का मुकाबला सपा उम्मीदवार राजीव राय से है। तीसरी है राजाभैया की प्रतापगढ़ सीट, जहां सपा के एसपी सिंह पटेल का मुकाबला भाजपा उम्मीदवार संगम लाल गुप्ता से है। प्रतापगढ़ सीट पर राजाभैया का बहुत प्रभाव माना जाता है और उनकी कुंडा विधानसभा सीट भी इसके अंतर्गत आती है। यहां राजाभैया की पार्टी जनसत्ता दल (लोकतांत्रिक) और सपा का गठबंधन है, लेकिन एग्जिट पोल के नतीजों में गठबंधन का खास असर नहीं दिख रहा है। देश का मूड मीटर एग्जिट पोल का अनुमान है कि प्रतापगढ़ से संगम लाल गुप्ता जीत सकते हैं। चौथी सीट है कौशांबी और यह भी राजाभैया के प्रभाव वाली सीट है। यहां भी भाजपा उम्मीदवार विनोद सोनकर जीतते दिख रहे हैं। उनके खिलाफ सपा ने पुष्पेंद्र सरोज को उम्मीदवार बनाया है। पांचवीं सीट है, जौनपुर। यहां भाजपा उम्मीदवार कृपाशंकर सिंह और सपा कैंडिडेट बाबू सिंह कुशवाहा के बीच टक्कर है। एग्जिट पोल का अनुमान है कि इस सीट पर भी भाजपा को ही जीत मिल सकती है। छठी सीट है, कैसरगंज, भाजपा ने यहां करण भूषण सिंह को और सपा ने भगत राम मिश्रा को टिकट दिया है। यहां से बृजभूषण सिंह जीतते रहे हैं, लेकिन इस बार पार्टी ने उनके बेटे करण भूषण सिंह को टिकट दिया है। ये सभी बाहुबलियों की प्रभाव वाली सीटें हैं और एग्जिट पोल ने सभी पर भाजपा की जीत का अनुमान जताया है।

# उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला आज, जीत का जश्न मनाने की तैयारी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आगामी लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होने के बाद मंगलवार को लखनऊ व मोहनलालगंज के उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होना है। लोकसभा के साथ

- **सौ कुंतल लड्डू के बल्क में आर्डर, कहीं जगह लगेंगे भंडारे**

ही पूर्वी विधानसभा सीट के प्रत्याशी के भाग्य का फैसला भी बंद ईवीएम से बाहर निकलेगा। मंगलवार को मतगणना को लेकर प्रमुख दलों के क्षेत्रीय नेताओं व कार्यकर्ताओं में बड़ा उत्साह है। एक्जिट पोल में एक बार फिर मोदी सरकार बनने से भाजपा के कार्यकर्ताओं का जोश चरम पर है। यही वजह है कि मतगणना में रूझान आते ही कार्यकर्ताओं की भाजपा की जीत के लिए जश्न मनाने की तैयारी की गई है।

जीत हार का फैसला आने के पहले ही राजनीतिक पार्टियां जश्न की तैयारी में जुट गईं हैं। मंगलवार को चुनावी परिणाम अपने पक्ष में आने की संभावनाओं को देखते हुए सभी पार्टियों के प्रत्याशी अभी से ही जश्न मोड में आ चुकी है। राजधानी में जीत की उम्मीद लिए कार्यकर्ताओं, उनके समर्थकों और राजनीतिक दलों ने मिठाई, लड्डू के ऑर्डर तक दे दिए हैं।





वहीं बड़ी संख्या में आर्डर को पूरा करने के लिए कारीगर एक दिन पहले से ही लड्डू तैयार करने में जुटे हैं। बूंदी के लड्डू तैयार किए जा रहे हैं। बूंदी के लड्डू खास तौर पर जीत के जश्न के लिए बनाए जा रहे हैं। अलग-अलग व्यापारियों को करीब 100 कुंतल लड्डू के बल्क ऑर्डर मिले हैं। व्यवसायी राकेश ने बताया कि उनके यहां 5 क्विंटल बूंदी के लड्डू तैयार किए जा रहे हैं।

जैसे-जैसे लड्डू तैयार होते जा रहे हैं। उनकी सप्लाई की जा रही है क्योंकि जीत की खुशी में लड्डू बांटे जाएंगे। दूसरी तरफ बड़ा मंगल होने की वजह से भी बूंदी की मांग है, कई जगह भंडारे लगाने का कार्यक्रम बनाया गया है। इसके लिए भी हलवाईयों को पहले से आर्डर दे दिया गया है। बता दें कि लोकसभा चुनाव में जीत को लेकर कई सभी राजनीति दल अपने-अपने जीत के दावे कर रही हैं। दरअसल, कई एग्जिट पोल में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले एनडीए को प्रचंड बहुमत मिलने का अनुमान लगाया गया है। एग्जिट पोल की मानें तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार केंद्र की सत्ता संभालने जा रहे हैं। भाजपा के कार्यकर्ताओं में जहां जीत का जश्न मनाने के लिए पूरी तैयारी की गई है वहीं कांग्रेस व सपा के कार्यकर्ताओं को पहले परिणाम आने का इंतजार है। सपा के पदाधिकारी भले ही अपनी जीत का दावा कर रहे हैं मगर कार्यकर्ताओं को ईवीएम के खुलने का ही इंतजार है।

# पांच साल तक बिजली दरें 8 प्रतिशत कम करने का प्रस्ताव आयोग में दाखिल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग में बिजली कंपनियों पर सरप्लस उपभोक्ताओं के 33122 करोड़ रुपये के एवज में अगले पांच साल तक बिजली दरें कम किए जाने का प्रस्ताव दाखिल किया। जिसमें उन्होंने लिखा है कि उपभोक्ताओं की इस धनराशि के बदले अगले पांच साल तक बिजली दरें आठ फीसदी कम की जाएं। प्रस्ताव दाखिल करने की जानकारी देते हुए अवधेश वर्मा ने बताया है कि आयोग अगले दो-तीन दिनों में बिजली कंपनियों के वार्षिक राजस्व आवश्यक्ता (एआरआर) को स्वीकार कर बिजली दरों पर सुनवाई करने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाएगा। गौरतलब है कि प्रदेश की बिजली कंपनियों ने 2024-25 के लिए एआरआर के तहत 101784 करोड़ रुपये का प्रस्ताव दाखिल किया है। प्रस्ताव दाखिल करने के साथ ही चेयरमैन अरविंद कुमार से मुलाकात कर अवधेश कुमार वर्मा ने उनसे कहा कि प्रदेश की बिजली कंपनियों का सिस्टम ओवरलोड है, जिससे उपभोक्ताओं को सुचारू बिजली नहीं मिल पा रही है। जब फिक्स बिजली नहीं तो घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं से फिक्स्ड चार्ज की वसूली समाप्त की जानी चाहिए। जब सिस्टम फिक्स बने तभी यह चार्ज उपभोक्ताओं से वसूला जाए।

# नगर निगम में शार्ट सर्किट से लगी आग, मचा हड़कंप

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भीषण गर्मी में राजधानी में लगातार आग लगने की घटनाएं हो रही हैं। इसके बाद भी जिम्मेदार लापरवाह बने हुए हैं। सोमवार को लालबाग स्थित नगर निगम मुख्यालय में आग लग गई। शॉर्ट सर्किट के

- **कर्मचारी ने फायर एक्सटिंग्विशर के जरिए बुझायी आग**

चलते मुख्य परिसर में लगे बिजली के तारों में आग लग गई। इससे नगर निगम में हड़कंप मच गया। कर्मचारी अपने बचाव के लिए बाहर की ओर भागने लगे मगर आग नगर निगम के प्रवेश द्वार पर ही लगी थी। इस बीच एक कर्मचारी की सूझ बूझ से आग पर काबू पाया गया।

सोमवार को नगर निगम मुख्यालय की गैलरी में बिजली के तारों में आग निकलने लगी।



दोपहर बाद करीब साढ़े तीन बजे तारों से आग और धुंआ निकलता देख कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। पहले तो कर्मचारियों ने इसे हल्के में लेने का प्रयास किया मगर धीरे-धीरे आग की रफ्तार बढ़ने पर स्थिति भयावह होता देख कर्मचारियों में बाहर की ओर से निकलने के लिए भगदड़ मच गई। यही हाल में नगर निगम कर्मचारी संघ के उपाध्यक्ष मो. शमील एखलाक भी बैठते हैं। उन्हें जब आग लगने की जानकारी हुई तो उन्होंने अपनी जान की परवाह किए बगैर कार्यालय में मौजूद फायर एक्सटिंग्विशर के जरिए आग बुझाने का प्रयास किया। उनका यह प्रयास रंग लाया और कुछ ही मिनटों में आग बुझ गई। शमील एखलाक ने बताया अगर समय रहते आग पर काबू न पाया जाता तो आग भयावह हो सकती थी। जिस स्थान पर आग लगी वहीं नीचे की ओर से कुछ पुराना सामान भी रखा हुआ है जबकि पूरे परिसर की बिजली वायरिंग काफी पुरानी हो चुकी है। इससे आग के बढ़ने के पूरे आसार थे। आग छोटी ही सही मगर गर्मी के दिनों में शार्ट सर्किट से आग लगने के बाद बड़ा नुकसान हो सकता था। इसके बाद भी नगर निगम में व्यवसथाधिकारी की ओर से कोई पुरसाहाल नहीं लिया गया। बता दें कि वर्ष 2019 में 3 मई को लखनऊ नगर निगम मुख्यालय में आग लगी थी। आग केबिल जलने से लगी थी। आग लगने से स्वीपर वेलफेयर फंड का कमरा जल गया था। इससे चारों तरफ धुंआ ही धुंआ भर गया था। आग लगने से अफरातफरी मच गई थी। लोग वहां से निकलकर बाहर की तरफ भागने लगे थे।

**बड़ी मात्रा में लगे एसी बढ़ा रहे बिजली का लोड :** नगर निगम मुख्यालय में बड़ी संख्या में एसी लगे हुए हैं। जिन अधिकारियों व कर्मचारियों को एसी में बैठने का अधिकार भी नहीं है उन्होंने जुगाड़ से एसी लगवा रखे हैं। जोनल कार्यालय, कर अधीक्षक, जनसंपर्क, अभियंत्रण समेत अन्य विभागों में अपेक्षा से अधिक एसी लगे हुए हैं। इस वजह से बिजली का लोड भी बढ़ गया है जबकि नगर निगम में बिजली की वायरिंग काफी पुरानी हो चुकी हैं। एक तरफ बिजली का लोड बढ़ने से वायरिंग पर भी लोड बढ़ गया है। इसकी जानकारी होने पर भी जिम्मेदार बड़ी घटना का इंतजार कर रहे हैं। पूर्व में नगर विकास मंत्री सुरेश खन्ना ने निरीक्षण के दौरान खुली वायरिंग को ढकने के निर्देश दिए थे। इसके बाद इन पर प्लाई से कवर कर दिया गया। तो शार्ट सर्किट से आग लगने पर आग लगने की बड़ी वजह बन सकती है।

# अवर अभियंता विभागीय कार्य से तंग, दिया धरना

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बढ़ते तापमान की वजह से बिजली संकट बढ़ गया है। शहर हो या गांव चारो तरफ बिजली कटौती से लोग परेशान है। ऐसे में अवर अभियंता कार्य करने के बजाय विभाग के सिस्टम से परेशान होकर अधिशासी अभियंता के कार्यालय में धरने पर बैठ गये। ऐसे में जब एक्सीएन दिनेश पाल सिंह को धरने की खबर लगी तो अभियंताओं को धरने से उठाकर फाल्ट को सही करने के लिए भेज दिया।

एक तरफ गर्मी में बिजली कटौती से लोग परेशान है। तो वही दूसरी तरफ अभियंता तेल और अन्य खर्चे के लिए डिवीजन आफिस के कार्यायल से परेशान होकर धरने पर बैठ रहे है। अभियंताओ ने आरोप लगाया कि मई माह का वेतन मात्र इसलिए रोक दिया गया कि बीते वर्ष लगाये गये पौधो का फोटो एप में अपलोड नही हो सका था। इसके साथ ही तेल और अन्य खर्चो का पैसा भी बाबू नही दे रहा था जिससे नाराज बीकेटी डिवीजन के आठ अभियन्ता सोमवार को अधिषासी अभियन्ता के कार्यालय में धरने पर बैठ गए। अवर अभियंताओ का आरोप है कि 2023 में वृक्षारोपण हुआ था जिसका जियो टैगिंग अपलोड करना था लेकिन सर्वर नही चलने के कारण लगाए गए वृक्षारोपण की संख्या का लेखा जोखा अपलोड



नही हो सका जिसके चलते उनका वेतन रोक दिया गया। वही मामला बढ़ता देख बीकेटी डिवीजन के अधिशासी अभियंता डीपी सिंह ने सर्किल अफसर अरुण कुमार राय को दी। आनन फानन में अवर अभियंताओ की धरने की खबर आला कमान तक पहुचने लगी जिसके बात महज कुछ घण्टो में सर्किल टेन के अधीक्षण अभियंता पहुंचे जहां उन्होंने सभी सभी अभियंताओ की समस्या सुनते हुए सभी की सैलरी रिलीज करने के निर्देश अधिशासी अभियंता को दिया। धरने पर जीपीआर को जेई विशाल चौधरी, साढ़ामऊ के दिवाकर यादव, कुंमरावा सीवी राय, कठवारा अजय कुमार, सहारा स्टेट के अभियंता कृष्ण पाल, चक गंज्जगिरी से सुबोध यादव और इटौजा से योगेश यादव शामिल रहे।

# जिला सहकारी बैंक फैजाबाद का नाम अब होगा जिला सहकारी बैंक अयोध्या

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के सहकारिता विभाग के प्रस्ताव पर भारतीय रिजर्व बैंक ने 31 मई को जिला सहकारी बैंक लि. फैजाबाद का नाम संशोधित करते हुए जिला सहकारी बैंक लि. अयोध्या के नाम से बैंकिंग लाईसेन्स जारी कर दिया है। परिणाम स्वरूप बैंक 31 मई से जिला सहकारी बैंक लि. अयोध्या के नाम से परिचालित किया जा रहा है।

यह जानकारी प्रदेश के सहकारिता राज्य मंत्री जेपीएस राठौर ने दी है। उन्होंने बताया कि उ0प्र सरकार द्वारा 23 नवम्बर, 2018 को विद्यमान जिला फैजाबाद का नाम जिला अयोध्या के रूप में परिवर्तित किया गया था।

सहकारिता मंत्री ने बताया कि जिला सहकारी बैंक लि., फैजाबाद की स्थापना 14 अगस्त 1906 को हुई थी। बैंक की स्थापना के 117 वर्ष के उपरान्त बैंक का नाम अयोध्या के रूप में संशोधित हुआ। जिला सहकारी बैंक लि. अयोध्या का कार्यक्षेत्र जनपद अयोध्या एवं अम्बेडकरनगर में है। बैंक जनपद अयोध्या में 15 शाखाओं एवं जनपद अम्बेडकरनगर में 9 शाखाओं के माध्यम से दोनों जनपदों के शहरी एवं सुदूर ग्रामीण अंचलों में बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध करा रहा है। उन्होंने बताया कि बैंक का मुख्यालय कोर्ट कम्पाउण्ड अयोध्या में स्थित है। जिला सहकारी बैंक लि., अयोध्या वर्तमान में पूर्णतयाः कम्प्यूटरीकृत एवं सीबीएस प्लेटफार्म पर कार्य कर रहा है। बैंक अपने ग्राहकों को आरटीजीएस/नेफ्ट एवं एटीएम सहित अन्य सुविधाएं प्रदान कर रही है। बैंक द्वारा कृषकों को किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से न्यूनतम ब्याज दर पर फसली ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है।

# गर्मी के तीखे तेवर पड़े नरम, हीट वेव से राहत नहीं

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी समेत प्रदेश में गर्मी के तीखे तेवर कुछ नरम पड़ने लगे हैं। जेठ माह की तपिश वाले नौ दिनों का नौतपा दो जून (रविवार) को खत्म हो गया। हालांकि प्रदेश के कुछ इलाकों में भीषण गर्मी का कहर जारी है। ज्यादातर जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से लेकर 45 डिग्री सेल्सियस बना हुआ है। इसके चलते भीषण गर्मी पड़ रही है। सोमवार को प्रयागराज में सबसे अधिक तापमान 45.4 डिग्री दर्ज किया गया। लखनऊ में सोमवार को अधिकतम तापमन 42.8 डिग्री रहा जो कि सामान्य से 2.6 डिग्री अधिक था। मौसम विज्ञान विभाग ने 5 जून तक उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों में गरज चमक के साथ हल्की बारिश तथा 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा के तेज रफ्तार से



धूल भरी हवा चलने की चेतावनी जारी की है। वहीं, इस दौरान कुछ इलाकों में हीट वेव चलती रहेगी। 6 जून के बाद मौसम फिर से शुष्क होगा। अधिकतम तापमान में 2 से लेकर 3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की जाएगी। फरुर्खाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया एवं आसपास के इलाकों में लू चलने की संभावना है। गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, फरुर्खाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अम्बेडकर नगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलन्दशहर, अलीगढ, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं एवं आसपास के इलाकों में बिजली गिरने के साथ तेज झोंकेदार हवा (गति 30-40 किमी/घण्टा) चलने की संभावना है। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार मंगलवार को लखनऊ में बादल छाए रहेंगे। कुछ स्थानों पर गरज चमक के साथ हल्की बारिश हो सकती है। तेज रफ्तार से हवा चलेंगी। अधिकतम तापमान 43 व न्यूनतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश में 6 जून तक मिश्रित मौसम रहेगा।

# सराय माली खां व चौपटिया क्षेत्र में मटमैले पानी की आपूर्ति

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शासन की ओर से नगर निगम व जलकल विभाग को शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए निर्देश दिए हैं मगर शहर के कई इलाकों में पीना तो दूर हाथ धोने तक के लिए पानी नहीं मिल रहा है। पुराने शहर के आचार्य नरेंद्र वार्ड सराय माली खां और चौपटिया क्षेत्र में गंदे पानी की आपूर्ति से लोग बेहाल हैं। यहां करीब 20 दिन से मटमैले पानी की आपूर्ति हो रही है। लोगों का कहना है कि यह पानी न तो नहाने वाला है न ही पीने वाला है। आचार्य नरेंद्र देव वार्ड के पार्षद मनीष रस्तोगी से कई बार शिकायत की गई मगर कोई सुनवाई नहीं हो रही है। भीषण गर्मी में पीने के पानी तक के लिए लोगों को जद्दोजहद करना पड़ रहा है। शहर में पीने के पानी की यह हकीकत तब है जबकि बीते दिनों हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने शहर के कई इलाकों में पीने के पानी की समस्या बने



रहने पर तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा था कि अब वक्त आ गया है कि नगर निगम जाग जाए। एक जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान न्यायालय के संज्ञान में लाया गया कि शहर के सराय हसनगंज, बरौरी, बरौलिया, अकबर नगर, हरदासी खेड़ा, डूडा कॉलोनी, दमदन का पुरवा, चिनहट व मटियारी इलाकों में पीने का पानी नहीं उपलब्ध कराया जा रहा है। इस पर न्यायालय ने उपरोक्त टिप्पणी करते हुए नगर निगम को आदेश दिया है कि वह उपरोक्त इलाकों का सर्वेक्षण कर साफ पीने का पानी मुहैया कराना सुनिश्चित करे तथा यदि इस संबंध में यदि कोई समस्या हो तो उसके समाधान का उपाय करे। न्यायालय ने अगली सुनवाई तक नगर निगम से हलफनामा भी तलब किया है। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन राय वह न्यायमूर्ति ओमप्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने उत्कर्ष सेवा संस्थान की ओर से दाखिल वर्ष 2016 की जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान पारित किया। सुनवाई के दौरान जल निगम की ओर से पेश अधिवक्ता द्वारा न्यायालय को बताया गया कि साफ पानी उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी नगर निगम के जलकल विभाग की है। न्यायालय के संज्ञान में यह भी लाया गया कि उक्त समस्या के समाधान के लिए जल निगम व राज्य सरकार के अधिकारियों की बैठक भी हो चुकी है परंतु कोई ठोस नतीजा नहीं निकला। वही याची की ओर से अधिवक्ता मोतीलाल यादव ने दलील दी कि वर्तमान याचिका वर्ष 2016 में ही दाखिल की गई थी लेकिन आज भी पानी की समस्या जस की तस बनी हुई है। इस पर न्यायालय ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि नगर निगम ने आज तक जवाबी हलफनामा भी नहीं दाखिल किया है।

# एलएमआरसी ने पर्यावरण संरक्षण के लिए उठाये अनूठे कदम

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपीएमआरसी ने अपने अनूठे प्रयासों से पृथ्वी को हरा-भरा एवं टिकाऊ बनाने में अहम योगदान देने का काम किया है। सौर ऊर्जा के दोहन के लिए व्यापक रूप से सोलर प्लांट लगाए हैं। हर साल, लखनऊ, कानपुर और आगरा मेट्रो सामूहिक रूप से सालाना लगभग 35 लाख लीटर वर्षा जल का संरक्षण किया जा रहा है।

- **कार्बन फुटप्रिंट घटाने, ग्रीन कवर बढ़ाने में निभाई प्रमुख भूमिका**

यूपीएमआरसी ने एक महीने में अधिकतम 45 लाख रुपये की ऊर्जा की बचत की है। यूपीएमाआरसी ने 1.1 लाख वर्ग मीटर का विशाल ग्रीन कॉरिडोर का निर्माण किया है।

लखनऊ और कानपुर मेट्रो की कुल सौर क्षमता 4.412 मेगावाट है। जबकि लखनऊ में अकेले ट्रांसपोर्ट नगर मेट्रो डिपो में 2.28 मेगावाट का सौर संयंत्र है, पांच मेट्रो स्टेशनों पर सामूहिक रूप से 1 मेगावाट का सौर संयंत्र है। इसके अतिरिक्त ट्रांसपोर्ट नगर और मुंशीपुलिया में आरएसएस भवनों में से प्रत्येक में 10-10 किलोवाट संयंत्र और गोमतीनगर में प्रशासनिक भवन में 12 किलोवाट संयंत्र शामिल हैं। 1टह का सौर संयंत्र कानपुर मेट्रो डिपो में स्थापित किया गया है। अभी प्रतिवर्ष लगभग 40 लाख यूनिट बिजली सौर ऊर्जा से उत्पन्न की जी रही है जिससे निश्चित तौर पर कार्बन फुट प्रिंट कम करने में मदद मिली है।

**1.5 वर्षों में 3.5 करोड़ रुपये की बिजली की बचत :** यूपी मेट्रो एनर्जी एक्सचेंज कार्यक्रम के अंतर्गत वाली राज्य का पहली संगठन है, जिसने पिछले 1.5 वर्षों में 3.5 करोड़ रुपये की बिजली की बचत की है। लखनऊ मेट्रो के संचालन और रखरखाव के लिए बिजली 'ओपन एक्सेस मॉडल' के तहत इंडियन एनर्जी एक्सचेंज (आईईएक्स) के माध्यम से खरीदी जाती है। बिजली दरें एक्सचेंज की ओर से 15-15 मिनट



के ब्लॉक में विभाजित 24 घंटों के लिए तय की जाती हैं। यूपीएमआरसी सिर्फ उन ब्लॉक में बिजली खरीदता है जिसके लिए उचित दरें मिल रही हों और बाकी शेष खंडों के लिए यूपी मेट्रो उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) से मानक दरों पर बिजली खरीद आपूर्ति पूरी करता है। इस मॉडल के जरिए यूपीएमआरसी ने एक महीने में अधिकतम 45 लाख रुपये की ऊर्जा की बचत की है। यूपीएमाआरसी ने 1.1 लाख वर्ग मीटर का विशाल ग्रीन कॉरिडोर का निर्माण किया है। इस हरित क्रांति का नेतृत्व करते हुए, लखनऊ मेट्रो 65,000 वर्ग मीटर की हरियाली कवर प्रदान कर रहा है, इसके बाद कानपुर मेट्रो 35,000 वर्ग मीटर के साथ, और आगरा मेट्रो लगभग 1,200 वर्ग मीटर का योगदान देता है। पॉलिटेक्निक चौराहा, मेट्रो डिपो, मेट्रो ऑफिसर्स कॉलोनी केडी सिंह स्टेडियम और पूरे मेट्रो कॉरिडोर के बीचों-बीच जैसे प्रमुख स्थान अब इन हरे पेड़-पौधों की बदौलत बेहतर शहरी परिदृश्य का आनंद ले रहे हैं।

**35 लाख लीटर वर्षा जल का संरक्षण कर रहा मेट्रो :** यूपी मेट्रो का जल संरक्षण प्रयास पर्यावरण नीति में मील का पत्थर साबित हो रहा है। हर साल, लखनऊ, कानपुर और आगरा मेट्रो सामूहिक रूप से सालाना लगभग 35 लाख लीटर वर्षा जल का संरक्षण करते हैं, जिससे स्थायी जल प्रबंधन प्रथाओं के प्रति अपनी प्रतिबद्धता मजबूत होती है। जल संरक्षण उपायों में पानी का पुनः उपयोग कर मेट्रो ट्रेन को धोना एवं बागवानी करना शामिल हैं। पानी का यह पुनः उपयोग यूपीएमआरसी के सतत संसाधन उपयोग के प्रति समर्पण को रेखांकित करता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि पानी के हर बूंद को ज्यादा से ज्यादा काम में लाया जा सके।

**कंपोस्टिंग मशीनों से उर्वरक में बदल रहा कचरा :** इसके अतिरिक्त, लखनऊ, कानपुर और आगरा मेट्रो डिपो में जीरो डिस्चार्ज सुविधा से सुनिश्चित होता है कि पर्यावरण में प्रदूषण का एक कड़ भी ना जाए। डिपो में स्वचालित कंपोस्टिंग मशीनों को लगाया गया है जो कचरे को उर्वरक में बदल कर पर्यावरण की प्रति यूपीएमआरसी की जिम्मेदरी को दशार्ता है। यूपी मेट्रो के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने कहा ग्रीन कॉरिडोर, जल संरक्षण प्रणालियों और नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों को एकीकृत कर यूपी मेट्रो न केवल शहरी जीवन की गुणवत्ता को बढ़ा रहा है बल्कि टिकाऊ प्रथाओं के लिए एक मानक भी स्थापित कर रहा है।

# विकास प्राधिकरण की संपत्तियों की साइबर हैकरों से होगी सुरक्षा

**लखनऊ।** विकास प्राधिकरण और आवास विकास परिषद की संपत्तियों की साइबर हैकरों से बचाने के लिए अब साइबर सुरक्षा की व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए आवास विभाग ने निदेशक आवास बंधु रवि जैन को चीफ इंफार्मेशन सिक्योरिटी आफिसर नामित किया है। आईटी एवं इलेक्ट्रानिक विभाग ने आवास विभाग से अनुरोध किया है कि वे संपत्तियों और इससे जुड़े दस्तावेजों को सुरक्षित रखने के लिए साइबर सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए जाएं। इसके लिए जरूरत के आधार पर विभागीय स्तर पर इंतजाम किए जाएं और इसमें किसी तरह की जरूरत होने पर आईटी एवं इलेक्ट्रानिक विभाग की मदद ली जा सकती है। आवास विभाग ने इसके आधार पर अधिकारी को नामित कर दिया है।

महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108



# मार्निंग वॉक पर निकली महिला से लूटे सोने के जेवरात

## विरोध करने पर महिला को जमीन पर गिराया, महिला हुई बुरी तरह हुई चोटिल

- पूर्वी जोन में लगातार हाफ एनकाउंटर होने के बावजूद नहीं रुक रही हैं घटनाएं

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** राजधानी में जहां एक तरफ पुलिस को मुठभेड़ कर अपराधियों को सबक सिखाने की रट लगाये है वहीं पुलिस की इस कार्रवाई से बेखौफ होकर बदमाश लगातार लूट हत्या जैसे संगीन अपराध कर रहे हैं। ऐसा ही एक ताजा मामला पीजीआई इलाके का है जहां पर नहर रोड के पास सोमवार सुबह टहलने निकली अधेड़ महिला से, स्कूटी सवार बदमाश ने चेन और झुमके लूट लिए, और धक्का देकर गिरा दिया, महिला बुरी तरह से चोटिल हो गई, बदमाश मोहनलाल गंज की तरफ भाग निकला, किसी तरह घर पहुंची महिला ने पीजीआई कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी, पुलिस मुकदमा पंजीकृत कर, सीसीटीवी फुटेज से बदमाश का सुराग तलाशने में जुटी है।

जानकारी के अनुसार किरन यादव 55 वर्ष, पति का नाम स्व ओम प्रकाश यादव, बाबूखेड़ा ,कल्ली पश्चिम में परिवार के साथ रहती हैं। किरन यादव के मुताबिक वह शुगर की मरीज हैं, चिकित्सक ने सुबह टहलने की सलाह दी है। सोमवार सुबह करीब 5बजे रोज की तरह घर से टहलने निकली हुई थी। नहर रोड से पीजीआई कोतवाली के पीछे पहुंची थीं तभी, अचानक स्कूटी से आए बदमाश ने रोककर चेन लूट ली, विरोध करने पर धक्का देकर नीचे गिरा दिया और एक कान का झुमका नोच लिया, शोर मचाने पर जब कुछ लोग दौड़े तो आरोपी मोहनलाल गंज की तरफ भाग निकला।

**विरोध करने पर चोटिल हुई महिला :** लुटेरे द्वारा चेन खींचने के दौरान किरण यादव ने विरोध किया था, वह लुटेरे से भिड़ गईं थीं, जिससे उनके गले के आसपास, कंधे ,कुहनी, और कान चोटिल हो गए।चोट के बाद भी वह शोर मचा रही थी, जिससे दूसरे कान का झुमका लूटने की हिम्मत बदमाश नहीं जुटा सका और भाग निकला। इंस्पेक्टर पीजीआई ब्रजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर, सीसीटीवी फुटेज में सुराग तलाश की जा रही है।

**घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर की खानापूर्ति:** आशियाना थाना क्षेत्र मे घूम रहे बेखौफ चोरों ने एक युवक की बाइक उसके घर के सामने से पार कर दिया।

आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित सेक्टर जी निवासी सुमन कुमारी पत्नी विपिन के अनुसार बीते 30 मई की तडके करीब 3.30 बजे उनकी बाइक संख्या यूपी 32 एच वाई 2922 घर के बाहर खडी थी जिसे अज्ञात चोरो ने घर के बहार से पार कर दिया। जिसकी जानकारी होने पर उन्होने खोजने के बाद स्थानीय थाने मे पुलिस से शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीडित की शिकायत परचोरी की धारा में मुकदमा दर्ज कर चोरों कि तलाश की जा रही है।

## दुबग्गा में सो रहे मजदूर पर युवक ने लघुशंका की, विरोध पर पीटा

**लखनऊ।** दुबग्गा सब्जी मंडी परिसर में पीछे की ओर सो रहे मजदूर के मुंह पर दूसरे मजदूर ने लघुशंका कर दी। नींद खुलने पर उसने विरोध किया तो आरोपी मजदूर राजकुमार ने उसकी पिटाई कर दी। किसी ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इस पर पुलिस हरकत में आ गई। कुछ देर की पड़ताल में पुलिस ने दोनों को ढूंढ़ निकाला। पीड़ित की तहरीर पर आरोपी मजदूर राजकुमार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

## महिला से छेड़छाड़, विरोध पर पति को पीटा



**लखनऊ।** मोहनलालगंज में दबंग ने गुरुवार को घर में घुसकर महिला के साथ छेड़छाड़ की। चीख पुकार पर आए पति ने विरोध जताया तो आरोपित ने अपने भाइयों के साथ मिलकर उनकी पिटाई कर दी। तहरीर पर मोहनलालगंज पुलिस तीनों आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। पीड़िता के मुताबिक गुरुवार शाम को वह घर में अकेली थी। इस बीच मनोहरापुर निवासी विजय घर में घुस आया और छेड़छाड़ करने लगा। खुद को बचाने के लिए उसने चीख पुकार मचाया। शोर सुनकर उसके पति आ गए। पति के विरोध पर विजय धमकाते हुए वहां से भाग निकला। कुछ देर बाद अपने भाई नीरज और पिंटू के साथ घर आकर पिटाई कर दी। इंस्पेक्टर मोहनलालगंज आलोक राव के मुताबिक तीनों आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# आज बड़े मंगल पर 11 जगहों पर बदला रहेगा यातायात




विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ में ज्येष्ठ मास के दौरान पड़ने वाले चार बड़े मंगल के दूसरे बड़े मंगल चार जून को शहर में 11 जगहों पर ट्रैफिक डायवर्जन रहेगा। इस दौरान लखनऊ के विभिन्न हनुमान मंदिरों में भारी संख्या में श्रद्धालुओं का आवागमन होगा। इसी के चलते लखनऊ में पुराना हनुमान मंदिर अलीगंज व हनुमान सेतु मंदिर में विशाल मेला लगने के चलते 4 जून को वाहनों पर ट्रैफिक डायवर्जन व्यवस्था लागू किया गया है। वाहनों के डायवर्जन का सबसे ज्यादा असर महानगर, आईटी, लविवि, अलीगंज, निरालानगर आदि स्थानों पर रहेगा।

**इधर रोक रहेगी:** सीतापुर रोड की ओर से आने वाले भारी वाहन पुरनियां रेलवे क्रासिंग से डालीगंज रेलवे क्रासिंग नहीं जा सकेगें। कैसरबाग होकर हजरतगंज आने वाले भारी वाहन सुभाष चौराहे से आईटी, कपूरथला की ओर नहीं जा सकेंगे। कुर्सी रोड से आने वाले वाहन विष्णुपुरी कालोनी व रहीमनगर चौराहा से नीरा नर्सिंग होम की ओर नहीं जा सकेगा। छन्नी लाल चौराहा से कपूरथला की ओर कोई भी वाहन नहीं जा सकेगा। सांई मंदिर अलीगंज तिराहे की ओर से कोई भी वाहन कपूरथला चौराहा की ओर नहीं आ सकेगा।

**इधर से जा सकेंगे:** यह वाहन हीवेट पॉलिटेक्निक (रहीमनगर) चौराहा, वायरलेस चौराहा, गोल मार्केट, बादशाहनगर, निशातगंज, सिकंदरबाग होकर जा सकेंगे। यह वाहन अयोध्या रोड, सेंट्रल बैंक तिराहा, वायरलेस चौराहा, हीवेट पालीटेक्निक से विष्णुपुरी होते हुए जा सकेगा। यह वाहन निरालानगर तिराहे से बांये चौराहा नंबर-8 से डालीगंज रेलवे क्रासिंग ओवरब्रिज, अल्कापुरी, पुरनिया होते जा सकेगा। यह वाहन वायरलेस चौराहा व सेंट्रल बैंक होकर अपने गंतव्य को जा सकेगा। यह वाहन अलीगंज तिराहे से बांयें प्रगति बाजार के पीछे से सहारा टावर होकर जा सकेंगे।

# ग्रीन गैस का भुगतान कराने के नाम पर जालसाजों 98799 रुपए खाते से उड़ाये

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आशियाना क्षेत्र में रहने वाले एक ग्रीन गैस उपभोक्ता से जालसाजों ने कनेक्शन का बकाया भुगतान कराने के नाम से उपभोक्ता के क्रेडिट कार्ड से तीन बार में हजारो रुपए ट्रांसफर कर लिए।

आशियाना इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने बताया कि जलवायु विहार फेज -2 विंग कमांडर एजे के पांडेय अपने परिवार संग रहते है` विंग कमांडर ने अपने घर पर ग्रीन गैस का कनेक्शन ले रखा है` आरोप है कि रविवार सुबह उनके मोबाईल फोन पर एक नंबर से काल आया कॉलर ने कनेक्शन का बकाये भुगतान जमा कराने की बात कही जिसपर पीड़ित ने अपने सिटी बैंक क्रेडिट कार्ड से भुगतान जमा कर भुगतान जानकारी कॉलर से साझा किया जिसके थोड़ी दे बाद ही खाताधारक के खाते से तीन बार में कुल 98799 रुपए दूसरे खाते में ट्रांसफर हो गए जिसकी जानकारी होने पर खाताधारक ने अपने क्रेडिट कार्ड को बंद करा साइबर सेल में शिकायत कर स्थानीय थाना आशियाना पर शिकायत की है` पुलिस के अनुसार पीड़ित खाताधारक की शिकायत पर आईटी एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## सिचाई विभाग के ठेकेदार से व्हाटसएप पर वॉइस काल से मांगी गई रंगदारी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। आशियाना थाना इलाके में रहने वाले एक सिचाई विभाग के ठेकेदार से व्हाटसप्प पर वाइस काल द्वारा रंगदारी माँगी गई और मांग पूरी नहीं होने पर उसे जान से मारने की धमकी मिली है।

आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित सेक्टर जे अम्बिका विहार में सिचाई विभाग के ठेकेदार शिवेन्द्र नारायण पुत्र राजेन्द्र प्रसाद अपनी पत्नी माता पिता व बहन के साथ रहते है पीड़ित ठेकेदार के अनुसार बीते 29 मई की सुबह करीब 11 बजे उनके व्हाटसप्प पर वाइस काल व संदेस के माध्यम से धमकि दी गई कि उसे जान से मार दूंगा अन्यथा एक लाख रुपये दो यदि अपने एवं अपने परिवार की कुशलता चाहते हो यह काल इंटरनेट नंबर से किया गया था । इस प्रकार से मिली धमकी पर वह दहशत मे आ गए और त्वरित स्थानीय थाने पर संपर्क कर पुलिस को कॉल व मैसेज की जानकारी देते हुए लिखित शिकायत की` पुलिस के अनुसार पीड़ित ठेकेदार की शिकायत पर रविवार को आईटी एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## छात्र के खाते से 1.21 लाख रुपये उड़ाये




**लखनऊ।** पारा में परीक्षा देने आए छात्र की स्कूटी में रखा मोबाइल और पर्स चोरों ने पार कर दिया। इसके बाद खाते से 1.21 लाख रुपये भी निकाल लिए। पीड़ित की तहरीर पर पारा पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। चिनहट के निजामपर मल्हौर निवासी हरीश पांडेय 24 मई को सीयूईटी की परीक्षा देने पारा रिंगरोड के निकट बीडीआर इंफो सॉल्यूशंस आए थे। हरीश सेंटर के बाहर स्कूटी खड़ी कर डिग्गी में पर्स और मोबाइल रख दिया था। परीक्षा देकर जब वह वापस लौटे तो पर्स और मोबाइल गायब था। इसके बाद उनके खाते 1.21 लाख रुपये निकाल लिए गए। इंस्पेक्टर पारा ब्रजेश कुमार के मुताबिक मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## दहेज में कार, कैश के लिए दिया तीन तलाक

**लखनऊ।** ठाकुरगंज में दहेज में कार और दो लाख रुपये न मिलने पर पीड़िता ने पति पर तीन तलाक देने का आरोप लगाया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस पति समेत पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच कर रही है। बालागंज निवासी पीड़िता के मुताबिक तीन वर्ष पहले उनका निकाह लखीमपुर खीरी निवासी फुरकान अली से हुआ था। पीड़िता के मुताबिक निकाह के कुछ दिन बाद से ससुराल वाले उसे कम दहेज लाने का आरोप लगा प्रताड़ित करने लगे। बात-बात पर उसकी पिटाई कर देते थे समय पर उसे खाना भी नहीं देते थे। कुछ समय से पति फुरकान दहेज में कार और दो लाख रुपये लाने का दबाव बनाने लगा। इतना दहेज लाने में असमर्थता जताने पर ससुराल वालों ने पिटाई कर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने जब पति के खिलाफ थाने में शिकायत की तो ससुराल वाले घर आ धमके। पति ने पिटाई कर तीन तलाक दे दिया। इंस्पेक्टर ठाकुरगंज श्रीकांत राय के मुताबिक पति फुरकान, ससुर अहमद, सास सरीफुन, देवर इरफान, ननद सायबा पर केस दर्ज कर लिया गया है।

# चार साल की बच्ची से दुष्कर्म करने वाला आरोपी भेजा गया जेल

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सुशान्त गोल्फ सिटी के अर्जुनगंज क्षेत्र की एक कालोनी में खेल रही चार साल की बच्ची को पड़ोस के किराए के मकान में रहने वाले एक मुस्लिम व्यक्ति ने साथ खेलने के बहाने घर ले जाकर उंसके साथ दुष्कर्म किया। जब उसकी हालत बिगड़ी और वह चिल्लाने लगी तो वह छोड़कर भाग गया। लेकिन ग्रामीणों ने उसे खोज कर पुलिस के हवाले कर दिया।




पीड़िता के पिता के मुताबिक रविवार की दोपहर करीब एक बजे वह घर के पास खेल रही थी तभी किराये के मकान में रहने वाले ताहिर खान मूल निवासी छावनी रामगढ़ थाना हरैया जिला बस्ती का रहने वाला है। उसने बेटी को साथ खेलने के बहाने अपने कमरे में ले गया। उसके साथ दुष्कर्म किया। बच्ची जब चिल्लाने लगी तो आसपास के लोग निकल पड़े भीड़ को बढ़ता देख आरोपी किसी तरह वहां से भाग निकला। लेकिन ग्रामीणों ने खोज कर उसको पुलिस के हवाले कर दिया। पीड़िता के पिता ने बताया कि मैं काम पर गया था। के लिए काम पर गया था। लेकिन पत्नी घर मे थी बच्ची को अकेला बाहर देख कर उसे उठा ले गया। इंपेक्टर अंजनी कुमार मिश्रा ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार किया कर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। जिसे जेल भेज दिया गया। बच्ची को इलाज के लिए झलकारी बाई अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

- पुलिस घायल को सीएचसी ले गई जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा रिफर किया गया

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** गोसाईंगंज के अमेठी कस्बे के पास सुल्तानपुर रोड पर लगने वाली आम व फल मंडी के पास बाइक किनारे खड़ी कर खरबूजा खरीद रहे एक बाइक सवार को बलेनो कार ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हों गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी ले गई जहां उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा रिफर कर दिया गया। टक्कर मारने के बाद कार अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। जिसमें सवार चालक व एक अन्य किसी तरह निकल कर मौके से भाग गए।

इंस्पेक्टर ब्रिजेश कुमार त्रिपाठी ने मुताबिक सुल्तानपुर लखनऊ रोड पर अमेठी कस्बे के पास बसरहिया मोड़ पर लगने वाली मंडी के पास एक बाइक पर सवार दीपक निवासी बसरहिया गोसाईंगंज खरबूजा खरीद रहे थे। तभी लखनऊ से हैदरगढ़ की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार बलेनो कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई कार अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। किसी तरह कार सवार कार छोड़कर भाग निकले। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी ले गई जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा रिफर किया गया। पुलिस ने बताया कि कार को जब्त कर लिया गया है।

## रॉन्ग साइड से पुलिस कर्मी ने निकाली गाड़ी, कटा चालान

**लखनऊ।** सड़क पर उल्टी दिशा से वाहन दौड़ाने वालों को सचेत करने वाली खबर हैं। सोमवार दोपहर रॉन्ग साइड से वाहन गुजार रहे पुलिस कर्मी के वाहन का चालान काट दिया गया। गोमतीनगर के समतामूलक तिराहे के पास उल्टी दिशा से आने वाले वाहनों को रोकने के लिए टायर क्रशर लगाए गए है। सोमवार को उल्टे दिशा से आने वाले वाहन सवारों को पुलिस कर्मी ही टायर क्रशर के जरिए वाहन सवारों को पार कराता दिखा। दोपहर डेढ़ बजे के करीब पुलिस की वर्दी पहने बाइक सवार संख्या यूपी 32 एमएक्स 2438 भी टायर क्रशर दरकिनार करते हुए पार करते नजर आए। इस समय किसी राहगीर ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। कुछ ही देर बाद एडीसीपी ट्रैफिक अजय कुमार ने पुलिस कर्मी की इसका संज्ञान लेकर पुलिस कर्मी विष्णु कुमार के नाम से गाड़ी पर 2000 का चालान काट दिया। चालान का मैसेज भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो आम लोग टायर क्रशर से उल्टे दिशा में वाहन लेकर जाने के बजाए सीधे दिशा में वाहन दौड़ते मिले।

## लैब टेक्नीशियन पर दबंग युवक ने किया जानलेवा हमला

लखनऊ। कृष्णा नगर कोतवाली से चंद कदमों की दूरी पर स्थित मैट्रो स्टेशन के निकट एक दबंग युवक ने अचानक युवक पर धारदार हथियार से हमला कर लहुलुहान कर दिया। वही सिग्नल के पास ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियां ने दबंग युवक को पकड धारदार हथियार से लहुलुहान युवक को इलाज के लिए नजदीकी निजी अस्पताल पहुंचाया जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद पीड़ित ने स्थानीय थाने में पुलिस से शिकायत की है। मूल रूप से ग्राम केदरु पुर कल्यानपुर थाना जहांगीरगंज जनपद अम्बेडकर निवासी अंकुश मिश्रा पुत्र स्व0 शिव शंकर मिश्रा ने लखनऊ के कृष्णा नगर पंडित खेड़ा में अपने रिस्तेदार संग रहकर एक कंपनी में लैब टेक्नीशियन पद पर कार्यरत है घायल पीड़ित के मुताबिक वह रविवार की शाम करीब 4:00 बजे अपनी बाइक से कृष्णा नगर मैट्रो स्टेशन के निचे गाड़ी खड़ी कर बतासे खा रहा था इस बीच एक युवक निकट आया और अचानक चाकू निकाल कई वार कर दिए जिससे पीड़ित का चेहरा और पीठ से खून की धारा बह निकली यह नजारा देख मौके पर डियूटी पर तैनात यातायात पुलिसकर्मियों ने राहगीरों की मदद से हमलावर युवक को पकड़ लिया और घायल को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भेज हमलावर को स्थानीय पुलिस के सुपुर्द कर दियो वहीं अस्पताल से इलाज करा थाने पहुंचे घायल ने पुलिस से लिखित शिकायत की है कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर जानलेवा हमले की धारा में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## रहीमाबाद में बागवान पर कुत्ते का हमला, कई जगह जख्मी

लखनऊ। बेलवा गांव की रेलवे क्रासिंग किनारे आम के बाग की रखवाली कर रहे वृद्ध शिवचरन (63) पर सोमवार सुबह कुत्ते ने हमला कर दिया। कुत्ते ने उनके शरीर पर कई स्थानों पर काट कर घायल कर दिया। चीखपुकार सुनकर आसपास आम के बागों की रखवाली कर रहे लोगों ने लाठी डंडे से दौड़ाकर कुत्ते को भगाया। तब जाकर वृद्ध की जान बची। वृद्ध बागवान को सीएचसी मलिहाबाद में भर्ती कराया गया है। सुबह 10 बजे के करीब बाग की रखवाली कर रहे शिवचरन पर आवारा कुत्ते ने पीछे से हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से वह चिल्लाते हुए इधर-उधर भागे। शोर - शराबा सुनकर आपपास के बागों में काम कर रहे मजदूर व ग्रामीण उन्हें बचाने के लिए भागे। लाठी डंडे से कुत्ते को भगाया। इस दौरान कुत्ता वृद्ध शिवचरन को कई जगह काट चुका था। घटना की सूचना परिजनों को मिली तो उन्होंने शिवचरण को इलाज के लिए सीएचसी महिलाबाद में भर्ती कराया।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नया बाईपास गोला बाहर टी.वी.एस. एजेंसी सड़क के उत्तर दिशा में गाटा संख्या 1964 और 1966 हैं जोकि दोनों विवादित हैं। इनसे संबंधित वाद श्रीमान अपर जिला अधिकारी महोदय लखीमपुर के न्यायालय में विचाराधीन/ लंबित है। यदि कोई भी व्यक्ति जाने या अनजाने में उक्त वर्णित आरजी का कुल या अंश खरीदता है तो उस दशा में होने वाले नुकसान/क्षति के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **शशिकांत गुप्ता पुत्र स्व. स्वामी दयाल गुप्ता निवासी मोहम्मदी रोड, मोहल्ला मुन्नूगंज गोला गोकर्णनाथ, जिला लखीमपुर खीरी।**

**प्रेस विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि थाना आलमबाग कमिश्नरेट लखनऊ पर काफी समय से विभिन्न प्रकार के दो पहिया, तीन पहिया व चार पहिया वाहन खड़े है जिनके रजिस्ट्रेशन नम्बर चेचिस नम्बर इंजन नम्बर का पता नहीं चल पा रहा है तथा लम्बे समय से खुले आसमान, धूप, बरसात होने के कारण उनमें जंग लगकर सड़ गये हैं जिनकी पहचान करना मुस्किल है। जिसमें नीलामी के क्रम में वाहन स्वामियों को नोटिस प्रेषित नहीं हो पा रही है। अतः आप सभी लोग जिनके वाहन थाना आलमबाग लखनऊ पर किसी मामले में सुरक्षार्थ सीज लावारिस मुकदमाती खड़े हो जल्द से जल्द किसी भी दिन सम्पर्क कर अपने वाहन को नियमानुसार अवमुक्त करा लें अन्यथा वाहनों को नियमानुसार नीलामी कराकर सम्बन्धित धनराशि राजकीय कोश में जमा करा दिया जाएगा जिसके जिम्मेदार वाहन स्वामी स्वयं होंगे। **प्रभारी निरीक्षक थाना आलमबाग लखनऊ।**

# शिकायतों से नाराज डीजी ने किया फतेहगढ़ जेल का निरीक्षण

## निरीक्षण के दौरान स्क्रीन और ब्लॉक प्रिंटिंग अन्य उपकरणों की जांच की

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लगातार मिल रही शिकायतों से नाराज पुलिस महानिदेशक कारागार पी वी रामाशास्त्री आज अचानक सेंट्रल जेल फतेहगढ़ पहुंचे और व्यापक पैमाने पर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रस्तावित खुली जेल फतेहगढ़ संस्थात्मक एवं क्रियात्मक व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने खुली जेल से संबंधित जूता निर्माण और परिधान बुनाई तथा स्क्रीन और ब्लॉक प्रिंटिंग तथा जरी कढ़ाई और अन्य उद्योगों के लिए बनाए गए विभिन्न संरचनाओं की जांच की।

डीजी कारागार पीवी रामाशास्त्री ड्रैगन फार्मिंग और मवेशी शेड तथा मछली तालाब और कृषि क्षेत्र और अन्य प्रासंगिक क्षेत्रों सहित खुली जेल की कृषि गतिविधियों का भी निरीक्षण किया।

डीजी कारागार ने खुली जेल अवधारणा और कैदियों के लिए पात्रता मानदंड तथा पात्र कैदियों के परिवारों के लिए आवास व्यवस्था एवम अन्य महत्वपूर्ण आयामों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने खुली जेल के सफल कार्यान्वयन के लिए बहुमूल्य सुझाव भी दिए।खुली जेल निरीक्षण के बाद फतेहगढ़ सेंट्रल जेल का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने सर्वप्रथम कंट्रोल रूम का दौरा किया।इसके बाद वह उच्च सुरक्षा बैरकों में निरुद्ध बंदियों के रखरखाव का मुआयना किया।साफ सफाई और भोजन की बढ़िया व्यवस्था करने के निर्देश दिए।इसके बाद डीजी जेल अस्पताल सर्कल में गए जहां उन्होंने चिकित्सा अधिकारी से मुलाकात कर चिकित्सा सुविधाओं की पर्याप्तता पर चर्चा की और मौजूदा स्वास्थ व चिकित्सा सुविधाओं संबंधी मुद्दों बातचीत की। डीजी कारागार ने मेडिकल वार्ड के कैदियों से भी बातचीत की और उनकी सेहत और बीमारियों तथा उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी ली।

इसके बाद डीजी कारागार ने सेंट्रल जेल में काम कर रही औद्योगिक इकाइयों पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने उनकी उत्पादकता और उत्पाद विपणन प्रणाली और कच्चे माल की आपूर्ति श्रृंखला की समीक्षा की। उन्होंने कच्चे माल की गुणवत्ता से जुड़ी चिंताओं पर विशेष ध्यान दिया और इस क्षेत्र में सुधार के महत्व पर जोर दिया। जेल के उद्योगों और कृषि गतिविधियों द्वारा निर्मित उत्पादों का भी निरीक्षण किया।उनकी गुणवत्ता का आकलन किया और संबंधित व्यावसायीकरण और विपणन प्रयासों को मजबूत करने के लिए कुछ महत्वपूर्ण सुझाव भी साझा किया।इसी चरण में पुलिस महानिदेशक ने जिला जेल फतेहगढ़ का भी भ्रमण किया।

जहां पर उन्होंने ने चिकित्सालय, भोजनालय और महिला बैरक का व्यापक निरीक्षण कर बंदियों की समस्याएं सुना।जेल से सभी स्टॉफ से भी मिलकर सभी की समस्याओं को सुना।निरीक्षण के पश्चात केंद्रीय कारागार व जिला कारागार दोनो को स्थापित नियमों और व्यवस्थाओं के अन्तर्गत कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने सीसीटीवी कैमरे को सुचारू रूप से क्रियाशील रखने तथा उसकी विधिवत निगरानी कर व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। बंदियों के शिक्षा और व्यवसायिक प्रशिक्षण व संवर्धन पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया।

# जेठ का दूसरा बड़ा मंगल आज, मंदिरों में होगी हनुमान जी की पूजा




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** चीर के छाती बोले अपनी पवनसुत हनुमान मेरे मन में बसे है राम... जैसे भक्ति से ओतप्रोत कर देने वाले भजन जेठ के दूसरे मंगल के एक दिन पहले राजधानी के हनुमान मन्दिरों में गूंजने लगे हैं। राजधानी के प्रमुख हनुमान मन्दिरों में सोमवार को रात से ही दर्शन का क्रम शुरू हो चुका था। मन्दिरों में बज रहे भजनों से माहौल भक्तिमय हो रहा था। अलीगंज के नया हनुमान मन्दिर, पुराना हनुमान मन्दिर, हनुमान सेतु, पक्कापुल स्थित लेटे हुए हनुमान मन्दिर में दूसरे मंगल को लेकर तैयारियां देर रात तक चलती रही। मन्दिर फूलों और बिजली की रोशनी से जगमगा रहे है। कई कुंतल फूलों से केशर नन्दन का श्रृंगार होगा।

**चमेली के तेल से होगा श्रृंगारः** अमीनाबाद हनुमान मन्दिर में सिन्दूर और चमेली के तेल से हनुमान जी महाराज का श्रृंगार किया जायेगा। ब्रम्ह मुहूर्त में प्रधान पुजारी कृष्णकांत पाठक द्वारा आरती होगी। पहले कपूर और लौंग से फिर 51 दीपों से आरती होगी। उसके बाद 51 किलो बेसन के लड्डू का भोग लगाया जायेगा। सुबह और शाम सुन्दरकांड का पाठ होगा। तालकटोरा स्थित बालाजी मन्दिर में सोने, चांदी के वर्क से बाबा का श्रृंगार किया जायेगा। लक्ष्मण टीले के पास लेटे हुए हनुमान मन्दिर में सुबह हनुमान जी का विशेष श्रृंगार होगा। शाम को सुन्दरकांड का पाठ होगा। बीरबल साहनी मार्ग स्थित श्री संकट हरण पंचमुखी हनुमान मन्दिर में सुबह मन्दिर आरती के बाद 11 किलो लड्डू का भोग लगेगा। मन्दिर की ओर से बाहर भण्डारे के आयोजन भी होंगे। शाम को तिवारी बन्धु द्वारा संगीतमय सुन्दरकांड पाठ होगा। इसके अलावा हजरतगंज के हनुमान मन्दिर, रकाबगंज चौराहा स्थित हनुमान मन्दिरए राणाप्रताप मार्ग स्थित जल निगम के सामने हनुमान मन्दिरए आईटीआई चौराहा अलीगंज हनुमान मन्दिर, इन्दिरानगर सी ब्लाक हनुमान मन्दिर, नाका चौराहा के हनुमान गढ़ी मन्दिर, दुबग्गा के बरदानी हनुमान मन्दिर, आलमबाग के शिवमूर्ति हनुमान मन्दिर, पंचमुखी बालाजी मन्दिर, चारबाग के त्रिलोचन हनुमान मन्दिर, इन्दिरानगर के भूतनाथ मन्दिर, सीतापुर रोड स्थित हाथी बाबा मन्दिर, डालीगंज के बिहारी जी मन्दिर, सहित अन्य मन्दिरों में बड़े मंगल को लेकर देर रात तक तैयारियां चलती रही।





**अलीगंज नया हनुमान मंदिरः 2.5 कुंतल लड्डू का लगेगा भोगः** अलीगंज हनुमान मंदिर में सुबह चार बजे मंदिर के कपाट खुल जाएंगे। बजरंगबली को 2.5 कुंतल लड्डू और एक हजार माखन बड़ा का भोग लगाया जाएगा। दिन में 11 बार बजरंगबली का चोला बदला जाएगा। मंदिर के कार्यालय अधीक्षक राकेश दीक्षित ने बताया कि मंदिर परिसर को रंग बिरंगे फूलों से सजाया जाएगा। विशेष पूजन के साथ भंडारे का आयोजन होगा। सुबह 6 बजे और रात 8 बजे आरती होगी।

**हनुमान सेतुः सुबह 4 बजे मंगला आरती के साथ होंगे दर्शनः** लखनऊ विश्वविद्यालय मार्ग स्थित हनुमान सेतु मंदिर में दूसरे बड़े मंगल पर सुबह 4 बजे मंगला आरती के साथ मंदिर के कपाट खुल जाएंगे। भक्तों को प्रसाद वितरित करने के लिए लड्डू बनाया जा रहा है। भक्त रात 12 बजे तक लगातार दर्शन कर सकेंगे। सुबह 6 बजे और रात 8 बजे विशेष आरती होगी।

**एक कुंतल बूंदी का भोग लगेगा त्रिलोचन हनुमान मंदिर मेंः** चारबाग स्थित प्राचीन त्रिलोचन हनुमान मंदिर में जेठ के दूसरे बड़े मंगल को लेकर तैयारियां तेज हैं। मंदिर के पंडित देवी प्रसाद चतुर्वेदी ने बताया कि इस बार दूसरे बड़े मंगल के साथ महंत देवदत्त गिरी जी महाराज की पुण्यतिथि भी मनाई जाएगी। सुबह पांच बजे आरती के बाद 51 किलो लड्डू और एक कुंतल लड्डू का भोग लगाया जाएगा। उसके बाद भंडारे का आयोजन होगा।

**हनुमान जी भगवान शिव के अवतारः** हनुमान जी भगवान शिव के अवतार हैं। इनकी पूजा तत्काल फल देने वाली है। इन्हें संकटमोचन, ग्राम देवता के रूप में भी पूजा जाता है। माता सीता ने हनुमान जी को अष्ट सिद्धि और नवनिधि की प्राप्ति का वरदान दिया था। भक्त व्रत रखकर रामसीता, लक्ष्मण और हनुमान जी का पूजन कर भजन कीर्तन करते हैं और रामचरित मानस के सुंदरकांड का पाठ करना बहुत लाभदायक होता है। लाल वस्त्र, लाल चंदन, लाल फूल, सिंदूर, चमेली के तेल का लेप, तुलसी पत्र, बेसन के लडडू और बूंदी से बजरंगबली शीघ्र प्रसन्न होते हैं।

**कोई नहीं रहता भूखा :** बड़े मंगल पर सूरज के जागने से पहले ही शहर जाग जाता। दिन चढ़ने के साथ ही उत्साह उत्सव सी चहलपहल में बदल जाता। जेठ की आग बरसती दुपहरी में भंडारों की तैयारी होती। कैसा भी रास्ता हो, संकरा या चौड़ा, हर चार कदम पर भंडारा लगता। लखनऊ में जेठ के सभी मंगल को कोई भूखा प्यासा नहीं रहता, शायद ही किसी के घर पर खाना बनता हो। बने भी क्यों, जब भंडारे में ही हर तरह का स्वाद मिल जाता है। सुबह घर से निकलने के बाद रात तक के खाने की चिंता नहीं करनी पड़ती। कोई वहीं खड़े होकर खाता, कोई गाड़ी में बैठकर तो कई लोग भंडारे का प्रसाद पैक कराकर घर ही ले जाते। कहने को तो प्रसाद, लेकिन पेट जब तक न भरे, खाते ही जाते। लखनऊ में बड़े मंगल की एक और खासियत रही है, इस दिन विशेषकर सरकारी दफ्तरों में काम न होता। आधे से ज्यादा स्टाफ भंडारे में प्रसाद बांटता ही मिलता। कुछ लोग तो परिवार को दफ्तर बुलाकर सपरिवार भंडारा वितरण करते।

## सिंदूर और लांल रंग का चोला अर्पित करने से प्रसन्न होते हैं हनुमान जी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** हनुमान जी को भगवान राम भक्ति के रूप में जाना जाता है। साथ ही उन्हें बजरंगबली, पवनपुत्र, संकटमोचन आदि कई नामों से जाना जाता है। ज्येष्ठ माह में पड़ने वाले सभी मंगलवार को बड़ा मंगल कहा जाता है। ऐसे में इस साल पहला बड़ा मंगल 28 मई को पड़ा था और दूसरा दूसरा बड़ा मंगल 04 जून को है। ऐसे में आप दूसरे बड़े मंगल पर इन कार्यों द्वारा हनुमान जी की कृपा के पात्र बन सकते हैं। बड़े मंगल के दिन हनुमान जी की पूजा के दौरान उनके समक्ष चमेली के घी का दीपक जलाएं। साथ ही हनुमान जी को नारंगी सिंदूर और लांल रंग का चोला अर्पित करें। प्रसाद के रूप में बूंदी का भोग लगाएं और सभी लोगों में भी बांटें। वहीं, अगर आप बड़े मंगल के दिन हनुमान जी को नारियल अर्पित करते हैं, तो इससे जीवन के दुख व संकटों से छुटकारा मिल सकता है।



इसके साथ ही बड़ा मंगल पर हनुमान चालीसा का पाठ करना भी बहुत ही शुभ माना जाता है।

**प्रसन्न होंगे बजरंगबलीः** बड़े मंगल के दिन हनुमान जी की पूजा करते समय उन्हें तुलसी की माला जरूर अर्पित करें। इसके लिए नारंगी रंग के सिंदूर में सरसों का तेल मिलाएं। इसके बाद 11 तुलसी के पत्ते लेकर उसपर राम नाम लिखें । अब इस पत्तों की माला बनाकर हनुमान जी को चढ़ाएं। ऐसा करने से जीवन में आ रही मुश्किलें दूर होती हैं और सुख-समृद्धि बनी रहती है।

**इस विधि से करें पाठः** सबसे पहले स्नान आदि से निवृत होकर साफ-सुथरे वस्त्र धारण कर लें। चालीसा का पाठ करते समय लाल वस्त्र धारण करना अति शुभ माना जाता है। इसके बाद शुद्ध घी या फिर तिल के तेल का दिया जलाकर चालीसा का पाठ शुरू करें। मन ही मन हनुमान जी का स्मरण करते रहें। शास्त्रों में वर्णन मिलता है कि हनुमान चालीसा का पाठ करते समय साधक का मुख पूर्व या दक्षिण दिशा की ओर होना चाहिए। चालीसा पूर्ण होने के बाद बजरंगबली जी को लड्डू का भोग लगाएं।

**इन बातों का रखें ध्यानः** हनुमान चालीसा के पाठ के दौरान शुद्धता का विशेष ध्यान रखना चाहिए। जो भक्त प्रतिदिन हनुमान चालीसा का पाठ करते हैं, उन्हें मांस-मदिरा के सेवन से दूर रहना चाहिए। चालीसा के पाठ के समय कोई भी नकारात्मक भाव न आने दें और पूर्ण श्रद्धाभाव से हनुमान चालीसा का पाठ करें। साथ ही दिन में 03 बार हनुमान चालीसा का पाठ करना लाभदायक माना जाता है।

## हनुमान मंदिरों में तैयारियां पूरी, होगा विशेष श्रृंगार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शहर के सभी हनुमान मंदिरों में बड़े मंगल को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। बड़े मंगल पर 4 बजे मंदिर के कपाट खुल जाएंगे। सुबह 5:30 बजे मंगला आरती होगी। 11:30 बजे सब्जी-पूड़ी, हलवा, चना, बूंदी और भोग लगाकर भोग आरती उतारी जाएगी। मंदिर के प्रधान पुजारी श्याम पाठक ने बताया कि बजरंगबली का सिन्दूर, चांदी का वर्क से श्रृंगार किया जाएगा। शाम को सुंदरकाण्ड होगा।



मेडिकल कालेज चौराहा के पास स्थित छाछी कुआ हनुमान मन्दिर में दूसरे बड़े मंगल की तैयारियां पूरी हो चुकी है। मन्दिर फूलों और बिजली की सजावट से मन्दिर की भव्यता देखती ही बन रही है।

मन्दिर के सचिव कमलेश कुमार तिवारी ने बताया कि ज्येष्ठ मास के सभी मंगल को मन्दिर सुबह पांच बजे खुल जाएगा। पहले भगवान की आरती होगी उसके बाद दर्शन का क्रम शुरू होगा। शाम सात से 10 बजे तक भजन कीर्तन व सुन्दरकांड का पाठ होगा। इतिहासछांछी कुआ हनुमान मन्दिर मेडिकल कालेज चौराहा के पास स्थित छाछी कुआ हनुमान मन्दिर में 1884 के आसपास एक बारात इस मन्दिर में रुकी थी बारातियों के जलपान के लिए जब महंत के शिष्य ने कुएं में बाल्टी डाली तो पानी की जगह छाछ निकली। जिसके बाद से इस मन्दिर का नाम छांछी कुआं पड़ गया। इसी कुएं से एक बजरंगबली की प्रतिमा भी निकली थी। मन्दिर की स्थापना महंत बाबा परमेश्वर दास ने कराई थी। प्रत्येक मंगलवार को विशेष श्रृंगार होता है। मन्दिर आने वाले भक्त मनौती मांगते है। मनौती पूरी होने पर भगवान का श्रृंगार कराते है। चोला चढ़ाते है और घंटी टांगते है। मन्दिर के बाहर मेले के लिए दुकानें आ चकी है। मेले में कुछ दुकानें रात में ही लग चुकी थी। बच्चों के झूले व खिलौने की दुकानें आदि मेले का रंग जामायेंगे।

## लाइफ स्टाइल प्रदर्शनी में जमकर हुई खरीदारी



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नीरू होम द्वारा एक लाइफस्टाइल प्रदर्शनी सोमवार को स्पाइसी बाइट रेस्तरां, हजरतगंज, लखनऊ में सुबह 11 बजे से रात 8 बजे तक प्रदर्शित की गई। प्रदर्शन में लिनन, सूट, कॉर्ड सेट, घर की सजावट और आवश्यक वस्तुएं, क्रॉकरी और कटलरी और बहुत कुछ जैसे घरेलू सामानों की एक श्रृंखला शामिल थी। प्रदर्शनी में दुबई के क्रॉकरी सेट ,मुरादाबाद के सजावटी सामान, वाराणसी की साड़ियां, और लखनऊ की चिकनकारी की साड़ियां व सलवार सूट आकर्षण का केंद्र रहे। लखनऊवासियों को खरीदारी करके और गर्मी से राहत पाकर खुद को बहुत अच्छा लगा है। इस अवसर पर लखनऊ फिल्म फोरम की अध्यक्ष रेनुका टंडन ,फिक्की फ्लो की चेयरपर्सन विभा अग्रवाल, साहिबा तुलसी, और माधुरी हलवासिया मौजूद थीं।

## खुशी कक्कड़ का नया भोजपुरी गाना रिलीज, दर्शकों को आ रहा पसंद

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भोजपुरी सिनेमा की जानी मानी सिंगर खुशी कक्कड़ इन दिनों अपने गानों को लेकर खूब खबरों में छाई हैं। एक के बाद एक खुशी के गाने रिलीज हो रहे हैं। ऐसे में भोजपुरी फैंस भी उनके गानों को न सिर्फ पसंद करते हैं बल्कि खूब नए गानों के रिलीज का इंतजार बड़ी बेसब्री से करते हैं। इसी बीच अब खुशी कक्कड़ का एक और नया भोजपुरी सॉन्ग रिलीज हो गया है। इस गाने के बोल 'जसही लगवनी ओठललिया' है।



रिलीज होते ही ये गाना यूट्यूब पर जमकर वायरल हो रहा है। सिंगर खुशी कक्कड़ के 'जसही लगवनी ओठललिया' गाने में एक्ट्रेस अभिनेत्री काजल त्रिपाठी अपने ठुमाकों से आग लगा रही हैं। 'जसही लगवनी ओठललिया' को वर्ल्डवाइड रिकाड्र्स के ऑफिसियल यूटयूब चैनल पर रिलीज किया गया है। ये गाना हाल ही में रिलीज हुआ है। देखते ही देखते इसके व्यूज लगातार बढ़ते जा रहे हैं। गाने में काजल त्रिपाठी अपनी अदाओं से दर्शकों को घायल कर रही है। भोजपुरी गाना 'जसही लगवनी ओठललिया' बड़े ही मस्तीभरे अंदाज में बनाया गया है। गाने में सभी मस्ती के मूड में नजर आ रहे हैं।'जसही लगवनी ओठललिया' गाने में काजल त्रिपाठी अपने घर की ड्रेसिंग टेबल पर बैठकर सज श्रृंगार कर रही है। जिसे देखकर उसके ऑन स्क्रीन पिया का मन डोलने लगता है। वो काजल के साथ मस्ती करते है। वहीं, गाने में काजल ने पिंक कलर की साड़ी पहनी है, जिसमें वो बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं। गाने में उनके फेस एक्सप्रेसशन लोगों को घायल करने के लिए काफी है। गाने में काजल त्रिपाठी डांस और मस्ती करते हुए कहती है, 'देखे में रईस पियवा छन भर में हो गइले छलिया, अहि दादा जसही लगवनी ओठललिया...।' गाने के निमार्ता रत्नाकर कुमार ने किया है। इस गीत को सिंगर खुशी कक्कड़ ने मधुर आवाज में गाया है।

## कहानी संग्रह 'मुखबिर' में कश्मीर घाटी की अनोखी मार्मिक कहानियां

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कश्मीर भारत का एक ऐसा हिस्सा है जिसे सभी ने अलग-अलग दृष्टि से देखा। किसी ने इसे धरती का स्वर्ग कहा, तो किसी ने ऋषि कश्यप से आई सांस्कृतिक धरोहर माना। आम भारतीय ने आतंकवाद ग्रसित क्षेत्र के रूप में देखा तो सैलानियों ने खूबसूरती और वहाँ की जीवनशैली से जाना। पाकिस्तान ने कश्मीर को आतंकवाद का अड्डा बनाया तो दुनिया ने इसे विवादग्रस्त क्षेत्र माना।

इन सभी नजारियों के बीच एक अलग नजरिया उस फौजी का भी है जो हर रोज जान हथेली पर रखकर कश्मीर में अमन बनाये रखने के लिये खड़ा है। उस फौजी के लिये राहत की साँस कश्मीर के वो लोग हैं जो आतंक का खात्मा चाहते हैं और इसके लिये कोई मुखबिर भी बन जाता है। ऐसे ही एक फौजी कर्नल सुशील तंवर की नजर से उनका कहानी संग्रह मुखबिर कश्मीर और वहाँ के लोगों को देखता है। इस संग्रह की सभी कहानियाँ कश्मीर में घुसपैठ, आतंकवाद, फौज की चुनौतियों, दुश्वारियाँ और मुखबिरों के बारे में हैं जो कई बार डबल एजेंट भी निकल आते हैं। 17 कहानियों के इस संग्रह की प्रत्येक कहानी एक अलग पहलू को उजागर करती है। पहली ही कहानी ऐसे व्यक्ति की है जिसकी पहचान मुखबिर के रूप में हो चुकी, साथ ही उसे हर नए अफसर के आने पर अपनी विश्वसनीयता को साबित करना पड़ता है। लव जिहाद ऐसे आतंकी की कहानी है जो स्थानीय लड़की के प्रेम में पड़ चुका है। पता लगने पर आर्मी अफसर प्रेमिका का इस्तेमाल आतंकी को मारने की जगह उसका हृदय परिवर्तन कर उसे वापस पाकिस्तान भेजने और अपना मुखबिर बनाने में करता है। लाल रंग की जैकेट स्थानीय पुलिस और मुखबिर के उस धूर्तता को सामने लाता है जहाँ वह पैसे की खातिर किसी निर्दोष को घुसपैठिया साबित कर मरवाना चाहते हैं। कर्नल तंवर ने इन कहानियों को बुनते वक्त कश्मीर के निर्दोष लोगों की व्यथा और उनकी अच्छाई को उजागर करने का भरपूर प्रयास किया है, तो वहीं ट्वेंटी-ट्वेंटी एवं इश्क मोहब्बत जैसी कहानियां आतंक समर्थकों द्वारा फौज के इस दोस्ताना रवैये का इस्तेमाल कर पीठ में छुरा घोंपने की घटनाएं भी सामने लाता है। फौज द्वारा बंदूक से इतर कश्मीरियों का विश्वास जीत कर उनके माध्यम से आतंक समाप्त करने की कोशिशें इन कहानियों में दिखती हैं जिनसे प्रायः आम नागरिक अनजान है। यह कहानियाँ बेहद विश्वसनीय और पठनीय हैं क्योंकि लेखक ने किसी को भी हीरो या विलेन नहीं, एक इंसान के तौर पर प्रस्तुत किया है। लेखक कर्नल सुशील तंवर कई बार स्वयं आतंकियों से मुठभेड़ कर चुके, घायल हुए और साथ ही सेना की इन्टेलिजन्स विंग का भी हिस्सा रहे। उन्हें अपनी सैन्य कार्यकुशलता के लिये विशिष्ट सेवा मेडल मिल है। किताब राजपाल प्रकाशन से आई है और कीमत 325 रुपये है।

## क्रिकेट और लव स्टोरी का नया एंगल है 'मिस्टर एंड मिसेज माही'

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजकुमार राव और जान्हवी कपूर की फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। दूसरी बार राजकुमार और जान्हवी की जोड़ी देखने को मिल रही है। इस फिल्म में दोनों का रोमांस भरपूर देखने को मिल रहा है और वो भी क्रिकेट के तड़के के साथ। तो क्या आपको यह फिल्म देखनी चाहिए या फिर अपने पैसे खर्च करने के से बचना चाहिए। इस फिल्म को शरण शर्मा ने डायरेक्ट किया है। इस फिल्म की कहानी एक ऐसे शख्स के ऊपर है जो अपनी जिंदगी में कुछ करना चाहता है लेकिन हालात और टाइमिंग उसके फेवर में नहीं है। फिल्म में राजकुमार राव महेंद्र अग्रवाल की भूमिका निभा रहे हैं और जान्हवी कपूर एक्टर की पत्नी महिमा अग्रवाल का रोल निभा रही हैं।




मिस्टर एंड मिसेज माही की कहानी शुरू होती है महेंद्र अग्रवाल से, जो सिर्फ क्रिकेट खेलना चाहता है और किसी भी हाल में नेशनल टीम के लिए सेलेक्ट होना चाहता है। लेकिन लाख तिकड़म लगाने के बाद भी वो सेलेक्ट नहीं हो पाता और उसके पिता अपनी दुकान पर बिठाकर महेंद्र के क्रिकेटर बनने के सपने को चकनाचूर कर देते हैं। यही नहीं, उसके पिता अपने बेटे को ही नकारा महसूस करवाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ते हैं।

कुछ साल बीतने के बाद महेंद्र की शादी तय की जाती है होने वाली डॉक्टर महिमा के साथ। महेंद्र ने अपनी जिंदगी में कुछ खास उखाड़ा नहीं था तो उसके पिता ने महेंद्र की झूठी उपलब्धियों के बांध बांधकर रिश्ता पक्का करवा दिया। लेकिन महेंद्र ने महिमा से जाकर सबकुछ सच कह दिया और महेंद्र की इमानदारी से इंप्रेस होकर महिमा शादी के लिए हां कर देती है। शादी के बाद महेंद्र को पता चलता है कि महिमा बहुत अच्छा क्रिकेट खेलती है और फिर वो पत्नी की डॉक्टरी छुड़वाकर उसे क्रिकेटर बनाता है और बदले में उम्मीद करता है कि आज तो जो उसे जिल्लत मिलती आ रही है, वो अब दूर होगी लेकिन ऐसा नहीं होता है। हर ओर महिमा का नाम होता है और महेंद्र को कोई पूछता भी नहीं हैं। इस फिल्म में दिखाया है कैसे एक आदमी अंधी दौड़ में शामिल होकर अपनी ही खुशियों का गला घोंटता है। जिस चीज की तलाश उसे बाहरी दुनिया में की चकाचौंध में दिखाई देती है, वो दरअसल उसके अंदर ही होती है। वो है- खुशी। फिल्म की कहानी का फोकस सबसे ज्यादा राजकुमार राव पर है, लिहाजा राजकुमार ने अपने हर एक्सप्रेशन पर पकड़ बनाकर रखी है। महेंद्र के किरदार में राजकुमार राव इस तरह जमे हैं कि एक समय पर आपको उनसे नफरत तक हो जाएगी। जान्हवी ने अपनी एक्टिंग में काफी सुधार किया है और इस फिल्म में वो काफी एक्सप्रेशन दे पाई हैं। कुमुद मिश्रा और जरीना वहाब की एक्टिंग भी कमाल की रही है। फिल्म में टीवी एक्टर अर्जित तनेजा ने राजकुमार राव के भाई का रोल निभाया है जो कि एक कामयाब टीवी एक्टर है, उन्होंने भी अपने छोटे से रोल के साथ न्याय किया है। फिल्म की कहानी क्रिकेट के ऊपर है, लेकिन क्रिकेट पर इतना ज्यादा ध्यान नहीं दिया गया।

- निर्देशक- शरण शर्मा
- कलाकार-राजकुमार राव, जान्हवी कपूर

**रेटिंग-2.5/5**

ये फिल्म स्पोर्ट्र्स ड्रामा कम एक आम लव स्टोरी ज्यादा नजर आ रही थी। अगर आपने फिल्म का ट्रेलर देखा है तो इससे ज्यादा आप फिल्म में कुछ उम्मीद करके ना जाएं, क्योंकि इस फिल्म में और कोई एक्स्ट्रा एलीमेंट नहीं है। फिल्म के डायलॉग्स आउटस्टैंडिंग नहीं थे और आप बड़ी आसानी से फिल्म में आगे क्या होने वाला है उसका अंदाजा लगा सकते हैं। अगर आप राजकुमार राव के फैन हैं तो आप ये फिल्म देखने जा सकते हैं क्योंकि इस फिल्म में राजकुमार राव और जान्हवी की जोड़ी कमाल की लगी है। लेकिन अगर आप क्रिकेट लवर हैं और इस आशा के साथ मूवी देखने जा रहे हैं कि आपको इस फिल्म में क्रिकेट के लिए दीवानगी देखने को मिलेगी तो आपके हाथ थोड़ी निराशा लग सकती है।

## कार्यशाला में नाटकों को लेकर हुई चर्चा



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उ.प्र. संगीत नाटक अकादमी द्वारा 27 मई से गौतम सिद्धार्थ के दिशा निर्देशन में चल रही नाट्य निर्देशन की कार्यशाला में आज सोमवार को अकादमी के निदेशक डॉ. शोभित कुमार नाहर उपस्थित रहे।

अकादमी निदेशक द्वारा कार्यशाला के प्रतिभागियों से औपचारिक बातचीत की गई और प्रतिभागियों का परिचय प्राप्त किया गया। कार्यशाला में प्रियांशु सिंह, सचिन तिवारी, नीलम श्रीवास्तव आशीष सिंह, चन्द्रभाष सिंह। राधिका वर्मा, इमरान खान, कविता श्रीवास्तव, राम गोपाल, विशाल कृष्ण, अग्नि सिंह, आशुतोष गुप्ता, सन्दीप कुमार तथा रानी सिंह प्रतिभागकर रहे हैं। अकादमी निदेशक की उपस्थिति के दौरान कार्यशाला के दौरान कार्यशाला निर्देशक ने नाट्य निर्देशन कार्यशाला के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान अकादमी निदेशक के वयक्तिक सहायक सौरभ सक्सेना तथा आईटी इन्जीनियर डॉ पवन भी उपस्थित रहे।

# छात्र पढ़ेंगे एपिडेमियोलॉजी की माइक्रोबायोलॉजी

## पुनर्वास विवि के कुलपति के साथ आगामी कार्य योजनाओं पर हुआ विचार-विमर्श

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग की एक वर्षीय, तीन वर्षीय एवं पांच वर्षीय कार्ययोजना का विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय सिंह की अध्यक्षता एवं कुल सचिव रोहित सिंह, संकाय के अध्यक्ष प्रो. सीके दीक्षित की उपस्थिति में विभागीय प्रस्तुतीकरण संपन्न हुआ। यह प्रस्तुतीकरण विभाग के समन्वयक डॉ. दीपक चंद शर्मा ने किया। इस अवसर पर विभाग की शिक्षिकाएं डॉ. शालिनी राय, डॉ. संगीता यादव एवं डॉ. सिंपल कुमारी उपस्थिति रहीं।



प्रस्तुतीकरण में विभाग समन्वयक द्वारा विभाग के आरंभ से अब तक विभागीय स्तर पर हुई शैक्षणिक गतिविधियों एवं छात्रों के प्लेसमेंट से संबंधित जानकारी माननीय कुलपति को दी गयी। डॉ. शर्मा ने बताया कि विभाग में अब तक प्रवेशित परास्नातक छात्रों में से आधे से अधिक का प्लेसमेंट विभिन्न सरकारी एवं निजी संस्थानों में हुआ है तथा कुछ छात्र-छात्रायें विदेशों में अंतरराष्ट्रीय शोध परियोजनाओं में शोध कार्य कर रहे हैं, जो कि विश्वविद्यालय के लिए अत्यंत गौरव का विषय है।

विभाग समन्वयक ने नवीनतम राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत विभाग द्वारा तैयार किए गए पाठ्यक्रम को संक्षिप्त रूप से कुलपति के समक्ष प्रस्तुत किया और बताया कि पाठ्यक्रम में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत जारी किये गये सभी दिशा निर्देशों का पूर्णतया पालन किया गया है तथा अनेक क्षेत्रों से संबंधित विषयों में सूक्ष्मजीव विज्ञान के अनुप्रयोगों से संबंधित प्रश्न पत्रों को समाहित किया गया है, जिससे की छात्र उपलब्ध विकल्पों जैसे खाद्य गुणवत्ता परीक्षण, स्वास्थ्य और सफाई, महामारी विज्ञान, प्रयोगशाला जांच, पोषण चिकित्सा और भोजन तथा जल जनित रोग जैसे प्रश्न पत्रों का चयन कर सकते हैं जो कि भविष्य में उन्हें न सिर्फ उनकी विभिन्न प्रतिभाओं को विकसित करने बल्कि रोजगार चयन में भी अत्यंत सहायक सिद्ध होंगे। इसके अतिरिक्त छात्र पाठ्यक्रम के प्रथम सेमेस्टर से एक प्रोजेक्ट/डिजर्टेशन भी प्रारंभ करेंगे तथा इसका प्रस्तुतिकरण विभाग में प्रस्तुत करेंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के दिशा निर्देशों के अंतर्गत परास्नातक छात्र अपने प्रोजेक्ट को शोध पत्र के रूप में अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में भी प्रकाशित करेंगे तथा ऐसा करने के लिए छात्रों को प्रोत्साहित किया जाएगा।

इसके बाद पंचवर्षीय कार्य योजना के तहत डॉ. शर्मा ने विभाग के थ्रस्ट एरिया ऑफ रिसर्च के तहत विभाग में औद्योगिक सूक्ष्मजीव विज्ञान के अंतर्गत आने वाले अपस्ट्रीम तथा डाउनस्ट्रीम प्रक्रिया का उपयोग करते हुए कृषि अपशिष्ट से बने मूल्यवान एंजाइम तथा अन्य उत्पादों को बनाने की कार्य योजना प्रस्तुत करते हुए जानकारी दी कि इस पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाएगा और इन क्षेत्रों में दिव्यांगों के लिए रोजगार के अवसर को बढ़ावा दिया जाएगा, जिसकी सराहना करते हुए कुलपति ने उसके क्रम में अपने बहुमूल्य सुझाव भी दिये, जिस पर विभाग समन्वयक द्वारा कहा गया कि वे सभी सुझावों को समाहित करते हुए विभाग में पंचवर्षीय कार्ययोजना पर कार्य करेंगे जो विभाग को निश्चित ही नये आयाम प्रदान करेगी।

विभाग समन्वयक ने बताया कि विभाग विश्वविद्यालय के अन्य छात्रों को उनके प्रोजेक्ट वर्क एवं शोध कार्यों में सदैव सहायता करता रहता है एवं भविष्य में भी अन्य विभागों के साथ मिलकर अंतर विषयक शोध के क्षेत्र में कार्य करेगा। इस संबंध में रसायन विज्ञान विभाग के साथ मिलकर अंतर विषयक शोध को बढ़ावा दिया जाएगा, जिसके अंतर्गत रसायन विज्ञान विभाग नये-नये एंटी फंगल रसायन बनायेगा जिसके सूक्ष्म जीवों पर प्रभाव का अध्ययन सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग करेगा तथा इन रसायनों का प्रयोग दिव्यांग छात्रों में आमतौर पर होने वाले फंगल इन्फेक्शन के रोकथाम के लिए किया जाएगा इसके अतिरिक्त विभाग रसायन विभाग के साथ मिलकर फूड तथा मृदा को टेस्ट करने के लिए लैब स्थापित करेगा।

प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विभाग समन्वयक ने विभाग में अब तक हुए शोध कार्यों जैसे शोध पत्रों, पुस्तकों के पब्लिकेशंस, पेटेंट पब्लिकेशन एवं विभाग के शिक्षकों द्वारा अनेक व्याख्यान की विस्तृत जानकारी कुलपति के समक्ष रखी। कुलपति के दिशा निर्देश के अनुसार आगामी सत्र से शुरू होने वाले सेमेस्टर के लिए कोर्स फोल्डर तैयार कर उनका प्रस्तुतीकरण किया गया। प्रस्तुतीकरण के दौरान कुलपति द्वारा विभाग में अब तक किये गये शैक्षिक एवं शोध कार्यो तथा प्लेसमेंट से संबंधित गतिविधियों की अत्यंत सराहना की गयी एवं अनेक सुझाव भी दिये गये, जिस पर विभाग समन्वयक द्वारा आश्वासन देते हुए कहा गया कि वह कुलपति के सभी सुझावों को समाहित करते हुए विभाग की एक वर्षीय, तीन वर्षीय एवं पंचवर्षीय कार्य योजना पर कार्य करेंगे और विभाग को एक सेंटर आफ एक्सीलेंस के रूप में स्थापित करने का पूर्ण प्रयास करेंगे।

प्रस्तुतीकरण के बाद विभाग समन्वयक ने कुलपति एवं कुलसचिव को स्मृति स्वरूप तुलसी के पौधे तथा माइक्रोबायोलॉजिस्ट सोसाइटी के कैलेंडर भेंट किए। प्रस्तुतीकरण के अंत में विभाग समन्वयक में कुलपति प्रो. संजय सिंह, कुलसचिव रोहित सिंह, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अमित राय, अधिष्ठाता विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संकाय प्रो. डॉ. सीके दीक्षित, रसायन विज्ञान विभाग के समन्वयक डॉ. पुष्पेंद्र सिंह एवं उपस्थित सभी शिक्षकों का हृदय से आभार एवं धन्यवाद प्रकट किया।

## शराब की दुकान आज बंद रहेगी

**लखनऊ।** रमाबाई रैली स्थल में मतगड़ना होने वाली जगह पर सुरक्षा के साथ शराब की दुकाने भी बंद रहेगी। इसके अलावा भी कई इंतजाम किए जा रहे हैं। सभी कार्मिकों, सुरक्षा बलों के जवानों के लिए ग्रीष्म लहर और हीट स्ट्रोक से बचाने के लिए सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। मंगलवार को मतगणना स्थल के 100 मीटर के दायरे में किसी भी वाहन का प्रवेश वर्जित रहेगा। डीएम ने कहा कि शराब, बीयर देशी शराब की दुकान बंद रहेगी।

## नेशनल टीचिंग कोशेन्ट प्रतियोगिता में सीएमएस की शिक्षिकाओं ने लहराया परचम



**लखनऊ।** सीएमएस के गोमती नगर प्रथम कैम्पस की पांच शिक्षिकाओं ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित सेंटा टीचिंग कोशेन्ट टेस्ट (सेंटा टीक्यू) में अपनी शिक्षण प्रतिभा व प्रोफेशनल कौशल का परचम लहराकर लखनऊ का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता सेन्टर फॉर टीचर एक्रिडिटेशन (सेंटा) के तत्वावधान में आयोजित हुई, जिसमें देशभर के हजारों विद्यालयों के शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। प्रतिभागी शिक्षकों को तीन मुख्य मानकों सब्जेक्ट एक्सपर्टाइज, क्लासरूम कम्युनिकेशन एवं एलीमेंट्स ऑफ वर्बल कम्युनिकेशन पर आंका गया। यह जानकारी स्कूल के जनसम्पर्क अधिकारी ऋषि खन्ना ने दी है। उन्होंने बताया कि इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्कूल के गोमती नगर प्रथम कैम्पस की शिक्षिका वर्षा सिन्हा ने मिडिल स्कूल साइंस, रिम्मी कोहली ने अर्ली चाइल्डहुड, शिवांगी मित्तल ने प्राइमरी मैथ्स, अनामिका श्रीवास्तव ने प्राइमरी मैथ्स एवं प्रियांशा चन्द्रा ने मिडिल स्कूल मैथमेटिक्स में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन कर शिक्षण प्रतिभा का परचम लहराया है। स्कूल प्रबंधक प्रो. गीता गांधी किंगडन ने इन सभी शिक्षिकाओं को हार्दिक बधाई दी है।

## हीट वेव का शमन और प्रबंधन विषय पर वेबिनार का आयोजन



**लखनऊ।** बनारस रेल इंजन कारखाना ने आज विश्व पर्यावरण दिवस-2024 के अवसर पर हीट वेव का शमन और प्रबंधन विषय पर एक वेबिनार का आयोजन किया। यह वेबिनार कर्मचारियों को भीषण तपती गर्मी से उत्पन्न होने वाली शारीरिक समस्याओं जैसे हीट वेव और हीट क्रैम्प्स से बचाव के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। कार्यक्रम का आयोजन एस. के. श्रीवास्तव महाप्रबंधक के कुशल नेतृत्व और सुब्रतो नाथ प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर के दिशानिर्देश में किया गया। एस. बी. पटेल, मुख्य संरक्षा अधिकारी, और उनकी संरक्षा टीम द्वारा आयोजित इस वेबिनार में कारखाना सलाह सेवा और श्रम संस्थान (डीजीएफएएसएलआई), कानपुर का सहयोग रहा। वेबिनार का आयोजन प्राविधिक प्रशिक्षण केंद्र के ऑडिटोरियम में किया गया और इसे विशेष रूप से उन कर्मचारियों के लिए आयोजित किया गया जो बाहर खुले में कार्य करते हैं जैसे कि कारखाना कर्मचारी, संविदा श्रमिक, सुरक्षा एवं मरम्मत विभाग के कर्मचारी।

# बीबीएयू में मनाया गया विश्व साइकिल दिवस

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) में सोमवार को 20 यूपी गर्ल्स बटालियन, 67 यूपी बटालियन, एनसीसी एवं विश्वविद्यालय खेल अनुभाग के संयुक्त तत्वाधान में विश्व साईकिल दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एनएमपी वर्मा के दिशा-निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मौजूद शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने बिरसा मुंडा छात्र गतिविधि केंद्र से साईकिल चलाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम के संयोजक ले. (डॉ.) मनोज कुमार डडवाल ने बताया कि हर साल 3 जून को दुनियाभर में विश्व साइकिल दिवस मनाया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य साइकिल चलाने से स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता फैलाना है। रोजाना साइकिल चलाने से शरीर फिट और तंदुरुस्त रहता है और बीमारियों का खतरा कम हो जाता है। कार्यक्रम के दौरान प्रो. बीएस भदौरिया, प्रो. संजय कुमार, कैप्टन डॉ. राजश्री, डॉ. ओपी सैनी, एनसीसी के सदस्य एवं विश्वविद्यालय के अन्य विद्यार्थी मौजूद रहें।

# केजीएमयू ट्रामा ने महिला मरीज को नहीं किया भर्ती

- टीबी अस्पताल ने मरीज की हालत गंभीर होने पर किया था रेफर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर के डॉक्टरों ने सोमवार को एक महिला मरीज को ऑक्सीजन बेड उपलब्ध न होने की बात कहकर दूसरे अस्पताल रेफर कर दिया। महिला को सांस लेने में तकलीफ बढ़ने पर टीबी अस्पताल के डॉक्टर ने रेफर किया था। यहां भर्ती नहीं होने पर परिजन मरीज को लेकर चले गए। आशियाना के बंगला बाजार निवासी विमल कुमार ने बताया कि बहन नीलम (50) का इलाज ठाकुरगंज टीबी अस्पताल से चल रहा था। सोमवार को सांस लेने में दिक्कत होने के बाद हालात बिगड़ने पर डॉक्टर ने ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। वह 108 एम्बुलेंस से ट्रॉमा सेंटर लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टर ने रेफर लेटर व मरीज को देखने के बाद ऑक्सीजन न होने का हवाला देकर बलरामपुर अस्पताल ले जाने को कहा। करीब आधे घंटे इंतजार के बाद परिजन मरीज को लेकर निजी अस्पताल चले गए।



ट्रामा में बेड की उपलब्धता के अनुसार मरीजों को भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। पूरा प्रयास रहता है कि किसी भी मरीज को बिना इलाज लौटाया न जाये। फिर भी मामले की जांच करायी जाएगी। जांच के बाद ही मरीज के लौटाने की वजह साफ होगी।

**डॉ. सुधीर सिंह, प्रवक्ता, केजीएमयू**

## महिला और पुरुष हुए सम्मानित



लखनऊ। जॉर्ज फर्नांडिस फाउंडेशन उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में सोमवार को समता पार्क सेक्टर 13 विकास नगर में पद्म विभूषण जॉर्ज फर्नांडिस का 94वीं जंयती धूमधाम से मनायी गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राकेश मिश्रा, पार्षद लोहिया नगर वार्ड विकास नगर ने लगभग 20 महिलाओं तथा पुरुषों को माल्यार्पण तथा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के आयोजक जॉर्ज फर्नांडिस फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रो. केके त्रिपाठी ने कहा कि जॉर्ज फर्नांडिस सड़क से लेकर संसद तक गरीबों मजलूमों की आवाज को सड़क से लेकर संसद तक पहुंचाने का काम करते थे। कार्यक्रम में सम्मानित की गयी महिलाओं में अमिता, कमला, रेखा कश्यप, माधुरी, गीता, गुड़िया, राजरानी, अर्चना, सुशीला माली, मुन्नी, विषंभर, चंदन लोधी, इंद्र प्रसाद, सुनील, लालू हैं। मनीष नंदन, महासचिव व प्रवक्ता ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रूप नारायण बैसवार, एसपी सिंह, मनोरा मिश्रा, सतीश मिश्रा, ललित जैन, ज्योति शाह, आरके शर्मा, डॉक्टर सतीश कुमार सिंह ने की।

# उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के 29 कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अपनी रेल सेवा का कुशलतापूर्वक निर्वहन करते हुए 31 मई को उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के 29 रेल कर्मचारी अपनी रेल सेवा से निवृत्त हुए। इन सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सोमवार को मंडल कार्यालय के सभागार में आयोजित सेवानिवृत्ति समारोह के अंतर्गत प्रत्येक सेवानिवृत्त कर्मचारी को समापक भुगतान प्रपत्र प्रदान किया गया, जिसका भुगतान कर्मी के नामांकित बैंक खाते में सीधे आरटीजीएस के माध्यम से भेजा जायेगा एवं कर्मचारी के खाते में स्वतः क्रेडिट हो जायेगा` इन कर्मचारियों को कुल 10,31,35,715 रुपये का भुगतान किया गया। इस कार्यक्रम के प्रारंभ में मंडल कार्मिक अधिकारी आर.सी.बैरवा ने सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों का स्वागत किया तथा उनकी रेल सेवाओं हेतु सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए प्रत्येक सेवानिवृत कर्मचारी को गोल्ड कोटेड चांदी का पदक प्रदान कर सम्मानित किया। इसके उपरांत मण्डल रेल प्रबंधक एस. एम. शर्मा ने प्रत्येक कर्मचारी को समापक भुगतान प्रपत्र प्रदान किया गया तथा सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीघार्यु होने की कामना की।



# बिजली इंजीनियरों ने की भीषण गर्मी को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अत्यधिक गर्मी की मौजूदा स्थिति में बिजली की तेजी से बढ़ती मांग को देखते हुए ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन (एआईपीईएफ) ने मांग की है कि हीट वेव को राष्ट्रीय आपदा घोषित किया जाए। एआईपीईएफ के चेयरमैन शैलेन्द्र दुबे ने आज प्रधानमंत्री को मेल करके लिखे एक पत्र में उनका ध्यान इस ओर आकर्षित किया है।

पत्र की प्रति सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों को भी भेज दी गई है। एआईपीईएफ का कहना है कि विशेष रूप से उत्तर भारत में अत्यधिक गर्मी के कारण उत्तरी राज्यों में बिजली की मांग चरम पर है। 30 मई, 2024 को, उत्तरी क्षेत्र ने रिकॉर्ड मांग हासिल की, जो 86.7 गीगावॉट के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। इस महीने के दौरान, बिजली की अधिकतम मांग यूपी में 29000 मेगावाट, पंजाब में 14000 मेगावाट, हरियाणा में 12000 मेगावाट और दिल्ली में 8300 मेगावाट को पार कर गई। भारत की बिजली की मांग नए रिकॉर्ड की ओर, बिजली की खपत 250 तक पहुंच गई।

यह पिछले सितंबर, 2023 के 243.3 के पिछले उच्चतम स्तर को पार कर गया है। बिजली की मांग ने बिजली मंत्रालय के सभी अनुमानों को तोड़ दिया है और आने वाले महीनों में इसके बढ़ने की संभावना है क्योंकि धान की बुआई जून, 2024 के मध्य से पूरे जोरों पर होगी। उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए, एआईपीईएफ के चेयरमैन शैलेन्द्र दुबे ने माननीय प्रधानमंत्री से अनुरोध किया है कि वर्तमान गर्मी को बाढ़ और चक्रवात आदि जैसी राष्ट्रीय आपदा घोषित करें और स्थिति से निपटने के लिए अल्पावधि और मध्यावधि में निम्नलिखित उपाय करें। एआईपीईएफ द्वारा सुझाए गए उपाय हैं - कार्यालय का समय सुबह 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक बदल दिया जाना चाहिए, सभी वाणिज्यिक प्रतिष्ठान, मॉल, दुकानें आदि शाम 7 बजे बंद कर दिए जाने चाहिए। उद्योग पर पीक लोड प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। बिजली चोरी को एनएसए के तहत कवर किया जाए। राज्य की नीति के रूप में मुफ्त बिजली तुरंत बंद कर दी जानी चाहिए।

राज्यों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि पावर फैक्टर 0.95 के आसपास रखने के लिए उनके सबस्टेशन पर पर्याप्त कैपेसिटर बैंक काम कर रहे हों। धान की बुआई की तारीख 25.6 पर शिफ्ट करें। 24. ढवरअ44 जैसी पानी अधिक खपत करने वाली किस्मों पर प्रतिबंध लगाएं और ढफ126, बासमती आदि जैसी किस्मों को प्रोत्साहित करें जो 90 दिनों में पक जाती हैं और किसान को प्रति एकड़ 40 प्रतिशत अधिक मौद्रिक रिटर्न देती हैं। एआईपीईएफ ने मध्यावधि उपाय भी सुझाए हैं- किसी भी वितरण ट्रांसफार्मर पर उसकी क्षमता का 75 प्रतिशत से अधिक भार नहीं डाला जाएगा। सबस्टेशनों, डीटी आदि पर अर्थिंग सिस्टम की जांच की जाए और उसका अच्छे से रखरखाव किया जाए। पुराने कंडक्टर को नए कंडक्टर से बदला जाए।

## नाव पर योगाभ्यास शिविर का शुभारंभ



**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन एवं इंटर यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर योगिक साइंस, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली के तत्वावधान में विश्वविद्यालय ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2024 के क्रम में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। प्रातः सूर्योदय के समय शंख एवं बांसुरी वादन के साथ गोमती नदी के कुड़िया घाट पर नाव पर योगाभ्यास शिविर का शुभारंभ किया गया। योग फैकल्टी के शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं द्वारा योगासन का प्रदर्शन किया गया। विभाग के प्रशिक्षक डॉक्टर रामकिशोर द्वारा इस अवसर पर उत्तान मंडूकासन, पर्वतासन, उष्ट्रासन, त्रिकोणासन जैसे आसनों तथा अनुलोम-विलोम, भ्रामरी प्राणायाम, शीतकारी प्राणायाम का अभ्यास हुआ। फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिंस के कोऑर्डिनेटर डॉक्टर अमरजीत यादव ने बताया कि प्राचीन मान्यता है कि नदी में नाव पर योगासन के अभ्यास से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है क्योंकि इस तरह के अभ्यास से फेफड़े, हृदय तथा मांसपेशियों की कार्य क्षमता बढ़ती है। नदी में अभ्यास से मानव शरीर के फेफड़े सक्रीय हो जाते हैं, परिणाम स्वरुप शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा संतुलित होने लगती है। शरीर के लिए हानिकारक कार्बन डाइऑक्साइड तेजी से शरीर से बाहर निकलती है शरीर में ऊर्जा और चेतना का स्तर बढ़ता है। नदी के जल में सूर्य की किरणों के पड़ने से उस स्थान पर विशेष प्रकार की ऊर्जा का प्रकटीकरण होता है। ऐसे वातावरण में योग करने से शरीर में रक्त परिसंचरण संतुलित होता है और शरीर की विषाक्तता कम होती है। रहस्यमय संभावनाओं से युक्त मस्तिष्क की कार्य क्षमता बढ़ती है शरीर की रासायनिक प्रयोगशाला लीवर है, संतुलित खान-पान के साथ योग किया जाये तो लीवर स्वस्थ्य रहता है।

# मतगणना स्थल पर टेंट की पर्याप्त व्यवस्था की जाये : नवदीप रिणवा

## भीषण गर्मी और लू से मतगणना कार्मिकों को सुरक्षित रखने के लिए दिये गये निर्देश



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की मतगणना 04 जून को होनी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने भीषण गर्मी और लू से मतगणना कार्मिकों को सुरक्षित रखने के लिए सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतगणना स्थल पर विशेष प्रबंध और सावधानी बरतने के निर्देश दिये हैं।

मतगणना स्थल पर टेंट की पर्याप्त व्यवस्था की जाये, जिसमें कूलर, एयर कंडीशनर और पंखों की सुविधा हो। राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि, मतगणनाकर्मी और मीडियाकर्मी हल्के सूती वस्त्रों का प्रयोग करें और सिर को ढकने के लिए सफेद सूती गमछा या अन्य कपड़ा रखें। मतगणना स्थल पर पीने योग्य शीतल जल, गुड़, ग्लूकोज की पर्याप्त व्यवस्था हो। मतगणना स्थल पर हल्के और ताजे बने भोजन की व्यवस्था की जाये। मतगणना स्थल पर ओआरएस पैकेट की उपलब्धता, मेडिकल कैम्प, डॉक्टर, दवाइयां, पैरा मेडिकल स्टाफ, ऑक्सीजन सिलेंडर और एम्बुलेंस की सुविधा हो। इन उपायों के अलावा हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए हैंड बिल तैयार किए जाएं और सभी मतगणना कार्मिकों को उपलब्ध कराये जायें। जनपद की स्वास्थ्य सेवायें भी अलर्ट पर रहें। इस प्रकार के उपायों से न केवल मतगणना की प्रक्रिया सुचारु रूप से संपन्न होगी, बल्कि मतगणना कर्मियों और अन्य संबंधितों की स्वास्थ्य सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी।

## 55160.84 लाख रुपये कीमत की शराब ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी जब्त

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेंसियों व उड़नदस्तों की ओर से अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया गया। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से 16 मार्च को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 02 जून तक कुल 55160.84 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त किये गये। इसमें 9128.78 लाख रुपये नकद धनराशि, 5776.58 लाख रुपये कीमत की शराब, 24238.29 लाख रुपये कीमत की ड्रग, 2889.47 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं, 10714.81 लाख रुपये कीमत के मुफ्त उपहार एवं 2412.91 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा आदर्श आचार संहिता लागू होने की तिथि 16 मार्च, 2024 से 02 जून तक कुल 50008.71 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त किये गये। इसमें 8317.01 लाख रुपये नकद धनराशि, 4565.74 लाख रुपये कीमत की शराब, 22764.85 लाख रुपये कीमत की ड्रग, 1327.78 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं, 10714.81 लाख रुपये कीमत के मुफ्त उपहार एवं 2318.51 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी।

संक्षेप

## करंट की चपेट में आया युवक, झुलसा

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय थाना क्षेत्र के गांव कठीघरा निवासी लगभग चालीस वर्षीय सुनील कुमार नामक युवक बीती देर रात बालामऊ कानपुर रेलवे ट्रैक के किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में विद्युत करेंट से झुलसा पड़ा मिला। जानकारी होने पर ग्रामीणों के सहयोग से परिजन उसे सी एच सी ले गए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां से परिजन उसे कानपुर हैलट ले गए जहां उसका इलाज चल रहा है। रविवार देर शाम झुलसी हुई स्थिति में पड़ा मिला युवक सुनील मूक बधिर बताया जाता है।

## चोरी की सूचना पर पुलिस ने खुलासा का दिया भरोसा

पुरवा, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम बैगांव निवासी रामकुमार पुत्र नन्हकऊ के मुताबिक बीते 28 दिसम्बर को घर में रखी 15 हजार की नगदी, 1 कोट, दो कुल्हाड़ी, 4 सनकी व 4 राजश्री के पैकेट, 1 कमला पसंद का पैकेट, 1 बड़ी सनकी का पैकेट सामान आदि चोरी गया था। फिर बीते 28 मार्च 25 सौ रुपये की नगदी सहित 2 राजश्री व 2 सनकी के पैकेट, 1 कमला और 1 बड़ी सनकी का पैकेट आदि चोरी गया था।जिस पर उसने 31 मई को गांव के ही सजित पुत्र सलीम के विरुद्ध घर में चोरी करने की तहरीर दी थी। जिसमें शनिवार को कोतवाली पुलिस उसे थाने ले आई थी। पीड़ित की तहरीर बाद कोतवाली पुलिस ने जांच बाद कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

## स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

लहरपुर/सीतापुर। विकासखंड परसेंडी के ग्राम पंचायत गोड़रिया के ग्राम जमलापुर में सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परसेंडी की स्वास्थ्य टीम के द्वारा क्षेत्र में चल रहे वायरल फीवर, डेंगू, मलेरिया आदि रोगों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सदस्य जिला पंचायत प्रतिनिधि प्रहलाद कुमार कन्नौजिया के सौजन्य से किया गया। जिसमें 40 मरीजों के स्वास्थ्य की जांचकर उन्हें दवाएं वितरित की गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉक्टर सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि, जमालापुर में वायरल फीवर की सूचना मिलने पर डॉक्टर नौशाद अली, डॉ आशुतोष, फार्मासिस्ट समरजीत, एएल टी अरुण, आशा सोनी, विपिन ने मरीजों की जांच कर उन्हें निशुल्क दवाइयां वितरित की, डॉक्टर नौशाद अली ने बताया कि, 15 संदिग्ध बुखार से पीड़ित मरीजों की स्लाइड बनाकर जांच के लिए भेजा गया है।जांच रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## मारपीट में घायल

सीतापुर। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बढ़ैया निवासी सत्येंद्र कुमार शुक्ला को गांव के निवासी कृष्ण बिहारी पुत्र विद्यासागर ने जमकर पिटाई कर दी। जिससे वह घायल हो गया। कोतवाली में घटना की तहरीर दी है।

## ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

करमा/सोनभद्र। स्थानीय थानांतर्गत केकराही गांव के समीप एक अधेड़ की ट्रेन की चपेट मे आने से मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक सोमवार को दोपहर 12 बजे के आस पास कुसाही गांव निवासी 60 वर्षीय रामलाल विश्वकर्मा पुत्र राम प्यारे विश्वकर्मा की ट्रेन ध्माल गाड़ी की चपेट मे आने से मौत हो गयी।घटना की जानकारी मिलते ही परिजन भी घटना स्थल पर पहुंच गये।ग्राम प्रधान राम चंद्र प्रजापति ने कर्मा थाना को सूचित किया। कर्मा पुलिस ने मौके पहुंच कर पंचनामा की कार्यवाही करते हुए पी एम के लिए भेज दिया।मृतक रामलाल की पत्नी और उनके बेटे प्रभु नारायण, मिंटू ने बताया कि विगत एक माह से उनकी मानसिक स्थिति ठीक नही थी, अर्ध विक्षिप्त रहते थे, कान से भी कम सुनते थे।सोमवार की सुबह केकराही के तरफ निकले थे, तब तक यह घटना घटित हो गयी।थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो गयी है, पंचनामा की कार्यवाही करते हुए शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है।

# चोर उखाड़ ले गये एटीएम, खेत में पड़ी मिली मशीन

### 22 लाख रुपये थे एटीएम में, एटीएम को पिकअप से बांधकर उखाड़ा





जिला संवाददाता(vol)

लहरपुर/सीतापुर। रविवार देर रात भारतीय स्टेट बैंक के दो एटीएम बदमाश उखाड़ ले गए। लहरपुर इलाके में शटर का ताला तोड़कर बदमाशों ने मशीन उखाड़ ली। जबकि सदरपुर इलाके में एटीएम को पिकअप से बांधकर घसीटा। जिससे एटीएम मशीन उखड़ गई और केबिन के दरवाजे का शीशा टूट गया। गेट टूटने की तेज आवाज से आस-पास के लोग जग गए। शोर मचाने लगे। जिससे लुटेरे। एटीएम को बाहर ही छोड़कर भाग गए। बैंक कंट्रोल रूम से सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की।

वहीं पहला एक खेत में टूटा हुआ मिला। इसमें 22 लाख रुपए थे, जो चोरी हो गए। पुलिस ने खेत मालिक को हिरासत में लिया है। पहली वारदात लहरपुर थाना इलाके की है। यहां तंबौर मार्ग पर ग्राम गौरिया प्रहलादपुर में भारतीय स्टेट बैंक का ।ज्ड लगा है। शनिवार रात को शटर का ताला तोड़कर बदमाश एटीएम उखाड़ ले गए। सुबह जब स्थानीय लोग नमाज पढ़ने के लिए निकले तो। एटीमए का केबिन टूटा हुआ देखा। इस पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने अगल-बगल लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की। फुटेज में बदमाश ।ज्ड के शटर का ताला तोड़कर मशीन को गाड़ी में लादते हुए दिखे। मशीन उखाड़ने से पहले बदमाशों ने एटीएम के बाहर लगे कैमरे भी तोड़ दिए। बैंक कर्मचारियों की मानें तो ।ज्ड में 22 लाख 30 हजार 500 रुपए थे। प्रभारी निरीक्षक मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। तालगांव थाना इलाके के धोन्धी गांव में किसान पुत्तन के खेत में टूटा हुआ एटीएम बरामद हुआ। इससे कैश निकाला जा चुका था। किसान पुत्तन को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। एसपी चक्रेश मिश्रा ने बताया- स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के कंट्रोल रूम से फोन के जरिए घटना की जानकारी मिली थी। मौके पर जाकर जांच पड़ताल की गई। एटीएम में लगे कैमरे टूटे मिले हैं। आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रहे हैं। जल्द ही लुटेरों को पकड़ लिया जाएगा।

### एसबीआई के एटीएम को बेखौफ चोरों ने उखाड़ा



महमूदाबाद/सीतापुर। बेखौफ चोरों ने पुलिस चैकी से चंद कदमों की दूरी पर लगे एसबीआई के एटीएम को उखाड़ लिया। नागरिकों के जग जाने पर चोर एटीएम छोड़ पिकअप में सवार हो भाग निकले। कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पड़ताल शुरू की।

सदरपुर के गोडैचा चौराहे पर रेउसा मार्ग पर कस्बे के अंदर एसबीआई का एटीएम लगा है। बताया जाता है कि रविवार की रात करीब दो बजे करीब आधा दर्जन चोर पिकअप से आ धमके। चोरों ने एटीएम के अंदर घुसकर एटीएम मशीन उखाड़ी और उसे निकालने लगे, इस दौरान मुख्य दरवाजे का शीशा तेज आवाज के साथ टूट गया। शीशा के जोर से टूटने की आवाज सुनकर आसपास छतों पर सोए लोग जग गए और शोर मचाने लगे। लोगों के शोर मचाने पर चोर एटीएम मशीन को वहीं छोड़कर पिकअप पर सवार होकर फरार हो गए। एटीएम मशीन के नीचे एक घड़ी पड़ी मिली है। इतना हो-हल्ला होने के बाद भी करीब दो सौ मीटर दूर गोडैचा पुलिस पिकेट पर तैनात पुलिसकर्मियों की कुम्भकर्णी नींद नहीं खुली। एसबीआई एटीएम के कंट्रोल रूम से मामले की जानकारी थाना प्रभारी सदरपुर को सीयूजी नंबर पर दी गई। थाना प्रभारी की सूचना के बाद गोडैचा पिकेट से पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए थोड़ी ही देर में थाना प्रभारी राकेश सिंह मयफोर्स मौके पर पहुंच गए और आसपास के लोगों से पूंछतांछ करते हुए पड़ताल शुरू की। प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह ने बताया कि पिकअप सवार लोगों ने एटीएम मशीन उखाड़कर बाहर निकाला था किंतु लोगों के जग जाने से ले नहीं जा सके। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच मौका मुआयना किया गया है और एटीएम में लगे सीसीटीवी कैमरे के पुटेज को निकलवाया जा रहा है। पुटेज निकलने के बाद बदमाशों की पहचान कर उनकी धरपकड़ के प्रयास किए जा रहे हैं।

## नेहरू युवा केंद्र के रिजनल डारेक्टर ने निर्माण के लिए जगह का किया निरीक्षण



उन्नाव। युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार नेहरू युवा केंद्र के रिजनल डारेक्टर श्रीकान्त पाण्डेय ने सोमवार को दरोगा बाग स्थित कार्यालय पहुंचकर कार्यालय का औचक निरीक्षण किया और युवाओं के साथ मीटिंग की मीटिंग के दौरान आए हुए युवाओं को संबोधित करते हुए कहा की आगामी पांच जून को युवा मंडल के सदस्य अपनी टीम के साथ नीम, पीपल, बरगद आदि के साथ ही साथ एलोवेरा, सहजन, काली तुलसी के पौधे अधिक से अधिक रोपण करे और उसकी सेवा करने के निर्देश दिये।

साथ ही युवाओं को समाजिक कार्यो पर प्रोत्साहित किया।और कहा कि हम सबको रक्तदान करने व अन्य लोग को जागरूक करे साथ ही विवेकानंद जी के आदर्शो पर चर्चा की। रिजनल डारेक्टर श्रीकान्त पाण्डेय, जिला युवा अधिकारी विनीत गहलावत के साथ सदर तहसील के नजदीक पीएम आवास के सामने नेहरू युवा केन्द्र का आफिस बनने के लिए जगह का निरीक्षण किया, रिजनल डारेक्टर श्रीकान्त पाण्डेय ने बताया कि जल्द ही नेहरू युवा केंद्र का नया आफिस का शिलान्यास किया जाएगा। युवाओं द्वारा श्रीकांत पाण्डेय को आने वाली पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य एक दर्जन पौधे भेट कर स्वागत किया गया। इस मौके पर डॉ विपिन सिंह जिला प्रभारी एनसीसी, रवि रंजन, अनिल पांडेय, पंकज गुप्ता, भरत लोधी, धर्मेंद्र शर्मा, अभिषेक मिश्र, संजय, कुलदीप, अंकित, दीपेन्द्र सिंह, तरान्नुम खान आदि लोग मौजूद रहे।

## मेंथा की टंकी में बने प्रेशर से मामा-भांजी झुलसे

महमूदाबाद/सीतापुर। कोतवाली महमूदाबाद के अंतर्गत मुबारकपुर गांव में मेंथा की टंकी का ढक्कन टंकी में बने प्रेशर के चलते निकल जाने मामा भांजी झुलस गए। आनन फानन में परिजन गंभीर रूप से झुलसी नगमा को लखनऊ स्थित एक निजी हॉस्पिटल में एडमिट करवाया जबकि साजिद का गांव के ही निजी चिकित्सक द्वारा इलाज चल रहा है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात साजिद पुत्र मुकीम गांव में स्थित मेंथा की टंकी पर पेराई का कार्य कर रहा था। उसे महसूस हुआ के टंकी के ऊपर स्थित ढक्कन के बोल्ट कुछ ढीले है। जिन्हे टाइट करने के लिए वह ढक्कन के ऊपर चढ़कर बोल्ट कसने लगा। तभी मेंथा टंकी में बने प्रेशर के परिणामस्वरूप ढक्कन दूर जा गिरा और साजिद भी दूर जा गिरा।जिससे उसकी आंख एवम हाथ पैरों में चोट लग गई जब पास ही खड़ी उसकी भांजी नगमा टंकी से निकलने वाले गर्म पानी से गंभीर रूप से झुलस गई। नगमा की पीठ की झुलसने की स्थिति देखकर परिजन उसे लेकर लखनऊ स्थित प्राइवेट हॉस्पिटल पंहुचे जहां उसका इलाज चल रहा है जबकि साजिद का इलाज घर पर ही एक निजी चिकित्सक द्वारा किया जा रहा है। समाचार लिखे जाने तक दोनों की स्वास्थ संतोष जनक है।

## मां : मासूम बच्चे को तो खोया अब पुलिस की प्रताड़ना सह रही हूं

महमूदाबाद/सीतापुर। सात माह के मासूम की दर्दनाक मौत के मामले में पुलिस का रवैया अभी भी शिथिल है, मासूम की माँ को बीते चार दिनों से पोस्टमार्टम रिपोर्ट न देकर उसे टरकाया जा रहा है जिसको लेकर पीड़ित माँ ने मुख्यमंत्री के पोर्टल सहित महिला आयोग व एसपी सीतापुर से शिकायत की है और कोतवाली प्रभारी पर सुलह करने का दबाव बनाने का आरोप लगाया है। मालूम हो कि नगर के मोहल्ला कटरा निवासिनी कैसरजहाँ ने 24 मई को कोतवाली में तहरीर देते हुए अपने सात माह के मासूम बच्चे की हत्या का आरोप आपछई देवरानी पर लगाया था, बड़ी मुश्किल के बाद हत्या का मामला पुलिस ने दर्ज कर लिया था डीएम के आदेश के बाद मजिस्ट्रेट की निगरानी में बीती 29 मई को कोतवाली पुलिस ने कब्र खोदकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। दूसरे दिन पोस्टमार्टम के बाद वापस सुपुर्द ए खाक किया गया था। बताते है पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मासूम के सर में चोट होने की पुष्टि हुई थी, गौरतलब है कि मृतक मासूम की माँ कोतवाली के चार दिन से चक्कर लगा रही है।आरोप है कि, ऐसे में कोतवाली प्रभारी न तो उसे पोस्टमार्टम रिपोर्ट की कॉपी मुहैया करा रहे हैं बल्कि आरोपी देवरानी और उसके मायके के गावँ के प्रधान गुड्डू मौर्य संग मिलकर सुलह का दबाव बनाते हुए धमकाते हैं कि सुलह न करने पर मासूम की हत्या के मामले में उसे ही जेल भेज देंगे। ऐसे में सोमवार को पीड़ित माँ ने पुलिस पर आरोप लगाते हुए आईजीआरएस के माध्यम से मुख्यमंत्री और महिला आयोग सहित एसपी से शिकायत कर उचित कार्रवाही की मांग की है।

## ट्रेन के आगे कूद कर युवक ने की आत्महत्या

सीतापुर । जिले के कस्बा कमलापुर मे एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है । जहा एक युवक ने रेलवे ट्रेक पर ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली है ।म्रतक के पास से मिले एक सुसाइड नोट भी मिला जिस पर लिखा था मां तुम्हारा लाडला दुनिया से जा रहा है ..... मुझे माफ कर दो ... ।जानकारी के मुताबिक वह कई दिनो से डिप्रेशन मे था । ये मामला कमलापुर कस्बे के रानी बाग के सामने का भै जहा सोमवार सुबह कमलापुर थाना पुलिस को क्षेत्रीय लोगों ने सूचना दी कि एक युवक का शव रानी बाग के समीप रेलवे लाइन पर पड़ा है। थानाध्यक्ष कमलापुर क्रष्ण बली पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। शव की तलाशी ली गई तो उसकी जेब मे परिजनो के फोन नम्बर मिला। जिसके आधार पर परिजन को सूचना दी। जिन्होंने मृतक की पहचान ब्रजेश ( 22 ) रामनरेश के रुप में की।

शव की पहचान होने के साथ ही पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष रसूलपुर कमलेश सिंह ने बताया कि युवक ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या की है। युवक की जेब से एक कागज भी मिला था। जिस पर मां के लिए लिखा था कि तुम्हारा लाडला दुनिया से जा रहा है ... मुझे माफ कर दो । परिजनो का कहना है कि वह शनिवार की शाम से घर से निकला था ।

## मां संकटा देवी धाम के प्रबंध समिति के अध्यक्ष बने रमेश बाजपेई

महमूदाबाद/सीतापुर। प्रसिद्ध मां संकटा देवी धाम महमूदाबाद की प्रबंध समिति के गुप्त मतदान के द्वारा संपन्न हुए चुनाव में रमेश वाजपेई शिवरलश को अध्यक्ष, शिवम गुप्त विक्रांत को महामंत्री तथा शिवदास पुरवार को कोषाध्यक्ष चुना गया।



चुनाव अधिकारी अनूप सूरज द्वारा निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराए गए चुनाव में धाम समिति के 41 लोगों ने गुप्त मतदान किया। अध्यक्ष, महामंत्री और कोषाध्यक्ष के लिए हुए मतदान में समिति के सदस्यों को एक प्रिंटेड स्लिप पर अपनी पसंद के प्रत्याशी का नाम लिखकर मतपेटिका में डालना था। मतदान के बाद काउंटिंग कराई गई, जिसमें कुल 41 वोट पड़े। जिसमें से अध्यक्ष पद के लिए रमेश वाजपेई विरल को व महामंत्री के लिए शिवम गुप्त विक्रांत को पूरे के पूरे वोट मिले। कोषध्यक्ष के लिए शिवदास पुरवार को 33 वोट मिले। समिति के अन्य पदाधिकारियों के चयन व समिति के पुनर्गठन के लिए त्रिलोकी नाथ मौर्य, शिवम गुप्त, आरजे वर्मा, शिवदास पुरवार, अशोक नाग को अधिकृत किया गया। संरक्षक डॉ. एमणि मिश्र ने धन्यवाद ज्ञापित किया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर और मिठाई खिलाकर सभी सदस्यों ने बधाई दी। चुनाव के बाद बैठक को संबोधित करते हुए नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने कहा कि संकटा माई की कृपा और क्षेत्र वासियों, समिति के साथियों व जन प्रतिनिधियों के सहयोग से ही सब कुछ संभव हो पा रहा है। नारायण दास अग्रवाल, उमेश वर्मा, ज्ञानेश मिश्र, राजेंद्र वर्मा मुंशी, नरेंद्र पांडेय, मुन्ना त्रिपाठी, राजेंद्र राजपूत सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## अन्नपूर्णा साहित्य संगम की साप्ताहिक काव्य गोष्ठी का आयोजन



सीतापुर। अन्नपूर्णा साहित्य संगम सीतापुर के तत्वाधान में साप्ताहिक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। शहर के सरस्वती संगीत महाविद्यालय के सभागार में आयोजित काव्य गोष्ठी यासीन इब्ने उमर के संयोजन तथा राम दास वैश्य रामू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। काव्य गोष्ठी का संचालन रामकिशोर श्रीवास्तव के द्वारा किया गया, तथा गीता किशोर श्रीवास्तव की वाणी वंदना के माध्यम से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर संचालन कर रहे राम किशोर श्रीवास्तव ने गोष्ठी में उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि शहर के वरिष्ठ समाजसेवी अनिल द्विवेदी के द्वारा समाज सेवा के साथ-साथ हिंदी भाषा व साहित्य की सेवा के उद्देश्य से वर्षों पहले साप्ताहिक काव्य गोष्ठी के आयोजन का शुभारंभ किया गया था, जो शहर के कवियों व शायरों के सहयोग से निरंतर अपनी यात्रा जारी रखे हुए है। तथा 593 सप्ताह पूर्ण करते हुए एक बड़ी उपलब्धि प्राप्त कर ली गई है। इस अवसर पर रामू वैश्य, केपी मिश्रा सतीश चंद वर्मा, राम किशोर श्रीवास्तव, एपी गौतम, गीता किशोर श्रीवास्तव, रियाजुद्दीन रियाज, रईस रहमानी, कन्हैया लाल शुक्ल, आलोक कुमार, गुड्डू चक्रवर्ती, विनोद कुमार कुशवाहा, बृजेन्द्र मिश्र व सुधांशु त्रिवेदी आदि कवियों ने उपस्थित होकर विभिन्न विषयों पर अपनी कविताएं प्रस्तुत कीं। अंत में राष्ट्रगान के साथ सभा का समापन किया गया।

## तीन बालक सरायन नदी में डूबे, सदमे में मां बेसुध








सीतापुर । ननिहाल घूमने आए दो सगे भाई समेत तीन लड़के सोमवार दोपहर कमलापुर इलाके के महादेवा घाट पर सरायन नदी में डूब गए। सुचना पाकर घटनास्थल पर पहुचे गांव के लोगों ने तीनो लड़कों की तलाश में नदी मे उतरे ।कुछ देर बाद तीनो अचेतावस्था मे गहरे पानी में मिले। जिन्हे इलाज के लिये जिला अस्पताल ले जाया गया जहा डांक्टरो ने म्रत्यु घोषित कर दिया ।

### महोली से मां के साथ बच्चे आये थे ननिहाल

सीतापुर की महोली कोतवाली के गुजिया गांव निवासी महेन्द्र बाजपेयी पेशे से किसान है महेंद्र की ससुराल कमलापुर थाना क्षेत्र के रायपुर गांव मे है । इधर कुछ दिन पहले महेन्द्र के पुत्र कृष्ण ( 12 ) और मोहन ( 11 ) का स्कूल बंद हुआ तो वह ननिहाल जाने की बात कहने लगे। कुछ दिन पहले मां रूपा के साथ दोनों यहां रायपुर में ननिहाल आ गए। सोमवार दोपहर करीब दो बजे क्रष्णा , मोहन और ननिहाल के विवेक ( 13 ) , रवि ( 11 ),पुत्रगण रामशंकर प्रशांत ( 10 ) पुत्र जयशंकर आदि लड़को के साथ गांव से कुछ दूरी पर स्थित महादेवा घाट पर स्नान करने गए। नहाते समय क्रष्णा ,मोहन व विवेक गहरे पानी मे चले गये और डूबने लगे। यह देखकर अन्य लड़कों ने मदद की आवाज लगाई, जिस पर आसपास मौजूद लोग लड़कों को बचाने के लिए पानी में उतर गए। और काफी मस्कत के बाद तीनों बालकों को मुर्छित अवस्था में बाहर निकाला । और इलाज के लिये जिला अस्पताल ले गये जहा डॉक्टरों ने उन्हे मृत घोषित कर दिया । इस घटना ने दोनों बच्चों की मां और ननिहाल वालों को बदहवास कर दिया है।

### खाना बना कर भांजों की राह देख रही थी मामी मिली मौत की खबर

सीतापुर ।सोमवार की दोपहर नदी मे नहाने जा रहे दोनों भांजे कृष्ण और मोहन को शिल्पी ने कुछ देर रुक कर जाने को कहा था। ताकि वे कुछ खा लें। लेकिन दोनों कुछ देर बाद आने की बात कह कर परिवार के अन्य बच्चो के साथ महादेवा घाट की तरफ निकल गए थे। भानजो के जाने के बाद शिल्पी अपनी ननद रूपा के साथ मिल कर घर का चूल्हा जलाकर खाना बनाने लगीं। दिन के 12 बजे तक खाना तैयार हो गया। खाना तैयार होने के बाद अपने भांजों को घर आने की राह देखने लगीं। लेकिन तभी उन्हें भांजों की नदी में डूबने से मौत होने की खबर मिली। इस सूचना से पूरा परिवार सन्न रह गया। नाना , शिवशरन शुक्ला मामा विमलेश, मामी शिल्पी और बच्चो की मां रूपा की चीख निकल गई तथा तीनो बेसुध हो गईं। इस खबर के बाद घर के अन्य सदस्य तथा ग्रामीण घाट की तरफ दौड़ पड़े। देखते ही देखते पूरे गांव का माहौल गमगीन हो गया। मृतक के परिजनों के चित्कार से उनके घर पहुंची महिलाओं के आंखों से भी आंसू टपकने लगे। घाट की और दौड़ कर गए ग्रामीणों ने वहां मरणासन्न बालको को देखकर और परिजनों के चित्कार से ग्रामीणों की आंखे भी नम हो गई हैं।

## करंट की चपेट में आकर पिता-पुत्री की मौत

हरगांव /सीतापुर। थाना इलाके में करंट की चपेट में आने से पिता व पुत्री की मौत हो गई। हादसा खेत में लगी बाड़ में करंट आने की वजह से हुआ है। इस हादसे में बालिका की मां बुरी तरह से झुलस गई है। पुलिस घटना की जांच में जुटी हुई है। हरगांव थाना इलाके के फत्तेपुर मीरा बेहड मकसूदपुर गांव के निवासी संजय की 11 वर्षीय पुत्री सोनिका सोमवार की सुबह शौच के लिए गांव के बाहर खेतों की तरफ गई थी। बताया जा रहा है कि गांव के शरीफ पुत्र कादिर के खेत में लगी बाड़ में करंट उतरा था। सोनिका जैसे ही बाड़ के करीब पहुंची, वह करंट की चपेट में आ गई। आसपास किसी के मौजूद न होने के कारण बालिका की मौके पर ही मौत हो गई। इधर काफी देर तक जब बालिका घर नहीं पहुंची, तो परिजन उसे तलाशने निकल पड़े। इसी बीच बालिका के पिता संजय 45 वर्ष ने खेत में पुत्री का शव पड़ा देखा। पिता भी जैसे ही बाड़ के करीब पहुंचा, वह करंट की चपेट में आ गई। संजय की पत्नी सरोजनी देवी ने बचाने का प्रयास किया। तो वह भी करंट की चपेट में आ गई। बताया जा रहा है कि इसी बीच लाइट चली गई। जिससे सरोजनी देवी बच गई। लेकिन वह करंट की चपेट में आने झुलस गई। इधर मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया है कि खेत स्वामी ने फसल को जानवरों से बचाने के लिए खेत की बाड़ में करंट उतार रखा था। खेत स्वामी की मनमानी की वजह से पिता व पुत्री की जांन चली गई। पुलिस का कहना है कि घटना की जांच की जा रही है। दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## नाबालिग की लज्जा भंग करने पर 3 वर्ष का कारावास

सीतापुर। वर्ष 2016 में कोतवाली सिधौली में सिधौली कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छाजन निवासी धनपाल पुत्र रामबली के खिलाफ एक परिवार ने नाबालिग की लज्जा भंग करने का केस दर्ज कराया था। इस मामले की सुनवाई करते हुए न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या 14 ( पॉक्सो एक्ट ) ने साक्ष्य देखने, गवाही व दोनों पक्षों के वकीलों की बहस सुनने के बाद आरोपी धनपाल को दोषी करार दिया। न्यायाधीश ने धनपाल पुत्र रामबली को धारा 354, 452, 506 के तहत 3 वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। वहीं 17 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

## मारपीट में बालिका घायल

महोली /सीतापुर। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नारनी में नंदकिशोर पुत्र शिवलाल का पड़ोस के ही निवासी जगत नारायण पुत्र शिवलाल, गोविंद पुत्र जगत नारायण, गोपाल व सोनू पुत्र जगन नारायण से विवाद हो गया। आरोप है कि नंद किशोर की पुत्री सरोजिनी ने विरोध किया, तो उन लोगों ने उसे घसीट कर लाठी डंडों से जमकर धुनाई कर दी। घटना में सरोजिनी घायल हो गई। उसके पिता नंदकिशोर ने कोतवाली में तहरीर दी है। घायल बालिका को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है। पुलिस जांच में जुटी हुई है।

## बालिका की डूबने से मौत

लहरपुर/सीतापुर। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रतौली में शारदा नदी के किनारे शौंच के लिए गई 12 वर्षीय बालिका की डूबने से हुई मौत, पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा, गांव में मचा हाहाकार, परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल।प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रतौली निवासिनी निशा पुत्री शत्रोहन 12 वर्ष गांव के निकट शारदा नदी के किनारे शौंच के लिए गई हुई थी, तभी अचानक पैर फिसल जाने से वह गहरे पानी में चली गई और डूब गई। ग्रामीणों की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और सूचना पुलिस को दी, पुलिस ने ग्रामीणों की सहायता से शव को बाहर निकाला। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि, शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

संक्षेप

## धोखाधड़ी करने पर एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** शहर के मोहल्ला आजादपुरा द्वितीय बांध रोड के पास रहने वाले मोहित श्रीवास्तव पुत्र स्व0 विश्वनाथ ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि विगत दो वर्ष पहले उसने पड़ौस में रहने वाले राहुल रजक पुत्र रामआसरे व रामआसरे को किश्तों में 3 लाख 30 हजार रू0 आवश्यक कार्य के लिए दिये थे। रुपए वापस मांगने पर उक्त लोग विगत एक वर्ष से टाल-मटोल कर रहे थे। रुपए बार-बार वापिस मांगने पर उक्त पिता-पुत्र द्वारा गालियां देते हुये धमका रहे हैं। इतना ही नहीं रुपए वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दी गयी। पुलिस ने मोहित श्रीवास्तव की तहरीर पर पिता-पुत्र के खिलाफ धारा 420, 406, 504, 506 के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है। इस प्रकरण को लेकर विगत दिवस राष्ट्रीय बजरंग दल ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भेजकर दो दिन में एफआईआर दर्ज न होने की स्थिति में अर्द्धनग्न प्रदर्शन करने की चेतावनी दी थी।

## जमीन की पैमाइश करा रहे किसान से मारपीट

**ललितपुर।** थाना बानपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम सुनवाहा निवासी रामगोपाल पुत्र प्रताप लोधी ने पुलिस को दिये शिकायती पत्र में बताया कि विगत दिवस 2 बजे वह अपनी जमीन लेखपाल से नपवा रहा था। इसी बीच गांव के अशोक पुत्र भूपत, अमोल पुत्र बहादुर व रामअवतार पुत्र हीरा लोधी आये और जमीन की पैमाइश करने से मना करते हुये गालियां देने लगे। विरोध करने पर लात-घूसों व लाठी-डण्डों से मारपीट करने लगे। चीखपुकार सुनकर गांव के अन्य लोग मौके पर आ पहुंचे, जिन्हें देखकर उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने रामगोपाल की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

ललितपुर। कोतवाली तालबेहट क्षेत्रांतर्गत खांदी मजरा टेकरी निवासी विनोद प्रजापति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती रात वह अपने घर में सो रहा था कि रात करीब 3 बजे वह अचानक से जागा तो उसने देखा कि घर के बाहर खड़ी उसकी मोटर साइकिल संख्या यू.पी. 94 ए.यू. 7003 टीवीएस विक्टर चोरी हो गयी थी। पुलिस ने अज्ञात बदमाश के खिलाफ धारा 379 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## शराब के साथ तीन बाइक सवार पकड़े

ललितपुर। थाना बानपुर पुलिस ने गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुतली घाट के पास से मोटर साइकिल सवार तीन शातिर बदमाशों को पकड ? में सफलता हांसिल की हैं। पुलिस ने पकड़े गये बदमाशों के पास से 127 रसभरी के अवैध पाउच बरामद किये हैं। उप निरीक्षक लल्लू सिंह ने बताया कि वह हमराही कां. कनिष्क बघेल के साथ अपराह ढ़ाई बजे क्षेत्र में गश्त करते हुये पुतली घाट पहुंचे, जहां मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग मोटर साइकिल से अवैध शराब की तस्करी कर रहे हैं। सूचना मिलने पर उन्होंने चेतक मोबाइल के कां. प्रशान्त कुमार को तलब कर इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान सुनवाहा की ओर से तीन व्यक्ति बाइक से आते दिखायी दिये, जिन्हें रोकते हुये पुलिस ने पूछताछ की। इस पर बाइक चालक ने अपना नाम म0प्र0 के जिला टीकमगढ़ अंतर्गत थाना मोहनगढ़ के ग्राम जगतनगर निवासी कोनू राय पुत्र गजाधर राय बताया।

# राजकीय पॉलिटेक्निक में सुबह 8 बजे से आज होगी मतगणना



**महोबा।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत मतगणना कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण कलेक्ट्रेट सभागार में मतगणना प्रेक्षक रूपाली बिलास अवाले व जिला निर्वाचन अधिकारी मृदुल चौधरी की उपस्थिति में आयोजित किया गया, जिसमें 38 मतगणना पार्टी के 152 कार्मिकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। एक मतगणना पार्टी में मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक, अतिरिक्त मतगणना सहायक एवं माइक्रोआब्जर्वर तैनात रहते हैं। प्रशिक्षण के दौरान कार्मिकों को संपूर्ण मतगणना प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी गई, जिसमें सभी को अवगत कराया गया कि स्ट्रांग रूम से मशीन, काउंटिंग टेबल पर आने पर सर्वप्रथम मतगणना अभिकताओं को दिखाएं, कि यह मशीन उसी बूथ की है जिस पर मतदान हुआ है। कंट्रोल यूनिट की सभी सील को तोड़ने से पहले मतगणना अभिकताओं को अवश्य दिखाएं, इसके उपरांत टोटल का बटन दबाकर मशीन के टोटल को मतपत्र लेखा 17 सी से मिलान करें तथा स्वयं संतुष्ट होने के बाद अभिकताओं को भी दिखाएं। इसके उपरांत रिजल्ट सेक्शन में जाकर रिजल्ट का बटन दबाए तथा उम्मीदवार वार परिणाम 17 सी भाग 2 पर नोट करें एवं सभी उम्मीदवारों के मतों का टोटल करने के उपरांत इस टोटल को मतपत्र लेखा से मिलान करें। यदि कोई मशीन ऑन नहीं होती है अथवा मशीन से संबंधी कोई और समस्या होती है तो एआरओ को सूचित करते हुए आगामी कार्यवाही करें। यह भी बताया गया कि काउंटिंग के दौरान लैपटॉप, मोबाइल फोन, चार्जर, स्मार्ट वॉच, केलकुलेटर एवं अन्य कोई भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण साथ में लेकर नहीं आएंगे। मतगणना तिथि दिनांक 4 जून 2024 को सुबह 6 बजे सभी मतगणना कार्मिक प्रत्येक दशा में मतगणना स्थल राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज महोबा पर उपस्थित होकर कार्मिक पंडाल में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। प्रशिक्षण के समय जिला निर्वाचन अधिकारी मृदुल चौधरी ने मतगणना कार्मिकों से कहा कि मतगणना का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसमें सावधानी पूर्वक कार्य करें, किसी प्रकार की त्रुटि न होने पाए। सभी मतगणना कार्मिक प्रशिक्षण में मतगणना कार्य को भली भांति समझ लें। प्रशिक्षण में मुख्य विकास अधिकारी/ प्रभारी अधिकारी कार्मिक चित्रसेन सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम प्रकाश, डिप्टी कलेक्टर मृत्युंजय मिश्रा, उपजिलाधिकारी सदर जितेन्द्र सिंह, उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ अनुराग प्रसाद सहित सभी मतगणना कार्मिक उपस्थित रहे।

## मतगणना के दृष्टिगत यातायात मार्ग में किया गया बदलाव

**महोबा।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत सम्पन्न हुये मतदान के उपरान्त जनपद महोबा/हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के लिये मतगणना आज 4 जून 2024 दिन मंगलवार को चरखारी राजमार्ग में स्थित मतगणना स्थल राजकीय पॉलीटेक्निक कालेज महोबा में होना सुनिश्चित है, जिसके दृष्टिगत मतगणना सम्पन्न होने तक जनसामान्य की सुविधा हेतु यातायात व्यवस्था/रुट डायवर्जन प्लान किया गया है, जो निम्नानुसार रहेगा। झलकारी बाई तिराहा से बजरिया पुलिस चौकी तक ( निर्वाचन कार्य में लगे वाहनों को छोंडकर ) सभी तरह के वाहनों का आवागमन पूरी तरह प्रतिबन्धित रहेगा। महोबा नगर क्षेत्र से चरखारी नगर क्षेत्र को जाने वाले समस्त हल्के, चार पहिया वाहन भारी व्यावसायिक वाहनों एवं निजी बसों एवं राजकीय परिवहन की बसों का आवागमन बाया राठ चुंगी एवं सूपा तिराहा होकर रहेगा। इसी प्रकार चरखारी से महोबा आने वाले सभी वाहन सूपा होकर महोबा आयेंगे। महोबा नगर क्षेत्र से रेलवे स्टेशन महोबा को जाने वाले समस्त दो पहिया, तीन पहिया और हल्के चार पहिया वाहनों का आवागमन राठ चुंगी, बीएसएनएल टावर तिराहे से हनुमान मन्दिर से बजरिया चौकी होते हुये स्टेशन जायेंगे। इसी प्रकार रेलवे स्टेशन से महोबा शहर की तरफ आने वाले वाहन बजरिया चौकी से बीएसएनएल टावर, राठ चुंगी होते हुए शहर की तरफ आएंगे।

## मतगणना में हीट वेव से बचाव को दिए गये जरूरी सुझाव

बांदा। मतगणना के दौरान 4 जून को भीषण गर्मी व हीट वेव को देखते हुए मतगणना स्थल पर छाया के लिए टेंट की पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए गये हैं। टेंट में कूलर, एयर कंडिशनर एवं पंखों की पर्याप्त व्यवस्था के साथ ही राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों, मतगणना कर्मियों, मीडिया कर्मियों से अपेक्षा की गयी है कि वह हल्के सूती कपड़ों का प्रयोग करें एवं साथ में छाता एवं सर को ढकने के लिए सफेद सूती गमछा अथवा कोई अन्य कपड़ा रखें और पैरों में आरामदायक जूते या चप्पल पहनें। मतगणना स्थल पर पीने के लिए शीतल जल का पर्याप्त प्रबंध रखने के साथ गुड़ व ग्लूकोज आदि की व्यवस्था रखी जाए। तेज धूप से बचने के लिए टोपी, हैट, काला चश्मा, छाता आदि का प्रयोग किया जाए। अधिक चाय, कॉफी व काबोर्नेटेड साफ्ट ड्रिंक का सेवन न करें। इनसे शरीर में पानी की मात्रा कम होने की संभावना रहती है। हीट वेव से बचाव के लिए बासी भोजन से बचें, हल्का एवं ताजा भोजन लें। इसके लिए यथासंभव मतगणना स्थल पर भुगतान के आधार पर ताजा भोजन, नास्ता उपलब्ध कराए जाने के लिए फंजा सकती है।

मतगणना स्थल पर पर्याप्त ओ आर एस पैकेट की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। हीट स्ट्रोक के संबंध में क्या करें क्या न करें का हैंडबिल तैयार कराकर मतगणना कर्मियों को उपलब्ध कराया जाए।

# त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के बीच आज होगी मतगणना

ललितपुर। लोक सभा सामान्य निर्वाचन के अंतर्गत आज संपन्न होने वाली मतगणना की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। मतगणना पर्यवेक्षक जैसमिन बी., जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक मतगणना स्थल अमरपुर मण्डी का कई बार निरीक्षण कर चुके हैं। 04 जून यानि

**● अमरपुर मण्डी में प्रातः 8 बजे शुरू होगी मतगणना**

की आज राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रातः 6:30 मतगणना स्थल पर दोनो विधानसभाओं के स्ट्रॉन्ग रूम खोले जायेंगे, इसके पश्चात प्रातः 8 बजे से मतगणना प्रारंभ हो जाएगी। दोनो विधानसभाओं के लिए बनाये गए स्ट्रॉग रुम, मतगणना चबूतरों, राजनैतिक दलों के बैठने हेतु टेबलों व मीडिया सेन्टर की व्यवस्थाओं को देखा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नवीन कृषि उत्पादन मण्डी समिति, अमरपुर ललितपुर में प्रातः 08 बजे से मतगणना का कार्य प्रारंभ कराया जाना है। 226-ललितपुर की मतगणना चबूतरा संख्या-01 तथा 227-महरौनी की मतगणना चबूतरा संख्या-02 पर सम्पन्न होगी। मतगणना हेतु प्रत्येक विधानसभा हेतु 22-22 टेबल लगायी गई हैं, जिसमें 21 टेबिल मतगणना हेतु एवं 1 टेबिल एआरओ के लिए निर्धारित हैं। प्रत्येक टेबिल पर 4-4 कार्मिक रहेंगे, जो आरओ-एआरओ के निर्देशन में कार्य करेंगे। विधानसभा महरौनी की मतगणना 25 राउंड विधानसभा ललितपुर की मतगणना 26 राउंड में सम्पन्न होगी। मतगणना स्थल के बाहर मुख्य द्वार हाईवे पर खुलता है, जिसमे वन वे व्यवस्था बनाई गई है, गेट की तरफ का रोड रिजर्व रहेगा। मतगणना हाल में मोबाइल फोन, अन्य इलैक्ट्रानिक उपकरण, कैमरा सामग्री लेकर प्रवेश वर्जित है।

## मतगणना में धांधली का करेगी सपा विरोधः ऐरन

बरेली। टीवी चैनलों पर प्रसारित हो रहे एग्जिट पोल जनता को भ्रमित करने के लिए है क्योंकि सर्वे कंपनियों को पूंजीपतियों का संरक्षण प्राप्त है और मोदी है तो बेईमानी मुमकिन है। बरेली लोकसभा सीट के सपा गठबंधन के प्रत्याशी पूर्व सांसद प्रवीण सिंह ऐरन ने एक होटल में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

# कर्मचारियों का हुआ दूसरा रेंडमाइजेशन, मतगणना आज



जिला संवाददाता(vol)

**बांदा।** लोकसभा चुनाव की मतगणना के लिए सभी तैयारियां पूरी हो गयी हैं। मंडी समिति स्थित मतगणना स्थल में विधानसभावार जरूरी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गयी हैं। भीषण गर्मी को देखते हुए पर्याप्त मात्रा में कूलर व पंखों के अलावा शीतल पेयजल की भी व्यवस्था की गयी है। रविवार को आयुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी, जिला निर्वाचन अधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल, पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने मतगणना स्थल का निरीक्षण किया था और कमियों को दुरूस्त करने के निर्देश दिए थे। मतगणना कार्य को निष्पक्ष रूप से सकुशल संपन्न कराए जाने के लिए सोमवार को मतगणना कर्मियों का दूसरा रैंडमाइजेशन प्रेक्षक वी कलाईराशि, ए0 श्री एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल की मौजूदगी में कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी सेंटर में किया गया। इस दौरान मतगणना कर्मियों में मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक, माइक्रोआब्जर्वर्स तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का मतगणना के लिए द्वितीय रैंडमाइजेशन विधानसभावार हुआ। रैंडमाइजेशन के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी, अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार, मुख्य विकास अधिकारी, प्रभारी अधिकारी कार्मिक वेद प्रकाश मौर्य, सभी एआरओ, जिला सूचना विज्ञान एवं संख्याधिकारी संजीव बघेल तथा मतगणना से संबंधित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# रंगदारी मांगने पर भू-माफिया व उसका पुत्र मौके से गिरफ्तार, शातिर फहीम फरार

जिला संवाददाता(vol)

**बिजनौर।** पुलिस ने रंगदारी मांगने के आरोप में भू-माफिया व उसके पुत्र को मौके से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है जबकि मौके का फायदा उठाकर गैंग का एक शातिर सदस्य फहीम भागने में कामयाब हो गया। पुलिस का दावा है फरार आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

जानकारी के अनुसार नगीना थाना क्षेत्र के मौहल्ला छिप्पीपाडा निवासी जाकिर हुसैन पुत्र इफ्तेखार अहमद की बेनामाशुदा आराजी नगीना में ईदगाह के सामने है। जबकि इकबाल अहमद पुत्र सईद अहमद व हसन पुत्र इकबाल अहमद निवासी मौ0 पहाड़ी दरवाजा थाना नगीना व मुजम्मिल उर्फ फहीम पुत्र मास्टर राहिम अली निवासी मौ0 सय्यदवाड़ा थाना नगीना जो भू-माफिया व अपराधी किस्म के हिस्ट्रीशीटर व्यक्ति है। अपराधियों द्वारा फर्जी कागज दिखाकर व झूठे मुकदमें में फसाने व जान मारने की धमकी देकर रंगदारी के रुप में जाकिर से 5 लाख रुपए की मांग की गयी थी। यह लोग



पूर्व में दो बार ( दस-दस ) हजार रुपए रंगदारी के रुप में वसूल चुके हैं। आरोप है कि बीते शुक्रवार को पीडित जाकिर हुसैन दोपहर लगभग 12:30 बजे अपनी उपरोक्त अराजी पर काम कर रहा था, उसी समय भू-माफिया अपराधी इकबाल अहमद व उसका पुत्र हसन अपने गैंग के मुजम्मिल उर्फ फहीम के साथ खेत पर आ गये और उससे गाली गलोच कर मारपीट करते हुए कहा की अब तक तुमने हमें पांच लाख रुपए नही दिये और खेत पर काम कर रहे हों। हमे अभी पांच लाख रुपए लाकर दो नही तो हम लोग तुम्हे जान से मार देगें। पीडित ने खेत से भाग कर पुलिस 112 को फोन करके पूरी घटना बतायी। पीडित की सूचना पर पुलिस 112 तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस को आता देख शातिर मुजम्मिल उर्फ फहीम मौके का फायदा उठाकर वहा से भग गया जबकि इकबाल व हसन ने गुंडई दिखाते हुए पुलिस के साथ भी गाली गलोच करते हुए धमकी देनी शुरू कर दी। घटना की सूचना पर कोतवाल सुनिल कुमार भी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए और आरोपी इकबल व उसके पुत्र हसन को पकड लिया। पुलिस ने पीडित की तहरीर पर इकबाल उसके पुत्र हसन व गैंग के सदस्य मुजम्मिल उर्फ फहीम के खिलाफ रंगदारी सहित कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर इकबल व हसन को जेल भेज दिया है। कोतवाल सुनिल कुमार का कहना है कि घटना में शामिल फरार तीसरे आरोपी मुजम्मिल उर्फ फहीम की सरगर्मी से तलाश की जा रही है जल्द ही वह भी सलाखों के पीछे होगा।

# एसबीआई ने लगवाये 10 वाटर कूलर



**बांदा।** बुंदेलखण्ड के जिलों में गर्मियों के समय तापमान 50 डिग्री तक पहुंचता है। बांदा जनपद में भी दुरस्त ग्रामीण व नगरीय क्षेत्रों से आम लोग अनेक समस्याओं के निराकरण के लिए बड़ी संख्या में सरकारी कार्यालयों एवं इलाज के लिए जिला चिकित्सालय आते हैं। इसके अलावा जिला जेल में भी कैदियों से मिलाई के लिए उनके बच्चे, पत्नी, माता-पिता, व रिश्तेदार आते हैं। भीषण गर्मी के मौसम में लोगों की समस्याओं के निराकरण से पूर्व यह भी जरूरी है कि उन्हे सरकारी कार्यालयों मे सहजता महसूस हो। इसके लिए उन्हे शीतल जल दिया जाए। इसी उद्देश्य के चलते जिले में भारतीय स्टेट बैंक के सहयोग से सीएसआर के माध्यम से 10 वाटर कूलर क्रय कराए गये और इन्हे जिले की पैलानी, बबेरू, नरैनी, बांदा एवं अतर्रा में लगाया गया। इसके अलावा जनपद के महत्वपूर्ण कार्यालयों कलेक्ट्रेट विकास भवन, जिला अस्पताल, जिलाधिकारी कैंप कार्यालय एवं जेल परिसर में भी वाटर कूलर लगाए गये हैं। एक वाटर कूलर की लागत 56 हजार 640 रुपये है। इस तरह 5.66 लाख की धनराशि से वाटर कूलर खरीदे गये हैं। लोगों को शीतल पेयजल मुहैया कराने के लिए यह वाटर कूलर भीषण गर्मी के दौरान ही लगवाए जाने का संकल्प जिला प्रशासन ने लिया है। इसी के चलते सोमवार को 10 वाटर कूलर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने लोगों के लिए समर्पित किया है। इस शुभारंभ के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य, अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार, अमिताभ यादव, कलेक्ट्रेट एवं विकास विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# एसबीआई इंश्योरेंस ऑफिस जलकर खाक




**बांदा।** शहर के आवास विकास स्थित सिद्दकी कॉम्प्लेक्स में स्टेट बैंक लाइफ इंश्योरेंस की बिल्डिंग में संदिग्ध परिस्थितियों में भीषण आग लग गयी। धुआं उठता देख राहगीरों ने इसकी जानकारी ब्रांच के अधिकारियों को दी। मौके पर पहुंचे बैंक कर्मियों ने इसकी जानकारी फौरन फायर ब्रिगेड और पुलिस को दी। आग लगने की जानकारी मिलते ही कोतवाली प्रभारी नगर अनूप कुमार दुबे दल बल के साथ पहुंचे और दमकल कर्मियों के साथ पुलिसकर्मियों ने आग बुझाने में दमकल कर्मियों की मदद की। दमकल कर्मियों ने आनन-फानन आग बुझाने के लिए मोर्चा संभाला और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। रविवार को अवकाश होने के चलते ब्रांच बंद थी। आशंका है कि शार्ट सर्किट से आग लगी होगी। आग से ब्रांच में रखी बड़ी संख्या में फाइलें और कंप्यूटर आदि जलकर खाक हो गये। ब्रांच में आग लगने से लगभग 2 करोड़ रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। बैंक कर्मचारी प्रदीप यादव ने बताया कि रविवार होने की वजह से ऑफिस बंद था। बिजली की शार्ट सर्किट से आग लगने का अंदेशा है। इसमें लगभग 2 करोड़ रुपये का नुकसान होने का अंदेशा है।

# पेयजल से त्रस्त जनता पहुंची डीएम के पास

**ललितपुर।** नगर के वार्ड नंबर 17 के सिविल लाइंस द्वितीय में जल की आपूर्ति के ठप्प हो जाने से वहां की जनता को खासी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा। बता दे की गर्मियों के चलते क्षेत्र में पिछले महीने से जल आपूर्ति बाधित है। कई दिनों से क्षेत्र में जल आपूर्ति बिल्कुल बंद हो गई है। इसके फलस्वरूप क्षेत्रीय लोगों को पानी की एक एक बूंद के लिए तरसना पड़ रहा है। इस विषय में वार्ड नं 17 के सिविल लाइंस द्वितीय क्षेत्र वासियों ने जल आपूर्ति ठप्प होने पर चिंता जाहिर की और ज्ञापन पर हस्ताक्षर कर अपनी अपनी सिकायत को ने जलापूर्ति सुचारू करने हेतु जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन उप जिला अधिकारी को एवं एक ज्ञापन झांसी डिवीजन जल संस्थान के कार्यालय में अधिशासी अभियंता को दिया। उपस्थित लोगों ने अधिकारियों को बताया प्रति वर्ष ग्रीष्म काल में हमेशा क्षेत्र के लोगों को



असुविधा का सामना करना पड़ता है। संबंधित अधिकारियों द्वारा पहले से इस संकट से निपटने की तैयारी नही की जाती है और इससे लोगों को जल के अभाव में मुस्किल दौर से गुजरना पड़ता है। इस बार इस समस्या ने विकराल रूप ले लिया है। ज्ञापन देते समय पार्षद कुन्दन पाल, प्रभु पारासर, शशि शर्मा, कपिल सराफ, उमेश झा, स्वप्लिल बरया, ऊषा झा, हरी शर्मा, कुलदीप जैन, आयुष शर्मा, निकुंज तिवारी, जिनेन्द्र जैन, अनिल खजुरिया, सनत सराफ, अभय ठाकुर आदि मौजूद थे। इस पर अधिकारियों द्वारा आपूर्ति को ठीक करने का आशवासन दिया गया।

# नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी युवक को भेजा जेल

बहेड़ी-बरेली। नौकरी दिलाने के नाम पर बेरोजगार युवक से ठगी करने वाले आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने उसे जेल भेज दिया। ठगी करने वाले युवक ने मुख्यमंत्री व उनके भाई सोनू ठाकुर और सचिव से सम्बंध होने की बात कही थी।

ग्राम जागनडांडी निवासी महेश पाल का कहना है कि मोहल्ला आजादनगर के नत्थू लाल और उसके पुत्र ने जमीन खरीदने की बात कहते हुए उससे 5 लाख रुपए लिए थे और रुपए लेने से पहले उसे चेक देने को कहा था। रुपए लेने के बाद न तो कोई चेक दिया और न ही पैसे वापस किए। जब उसने पैसे मांगे तब उन दोनों ने कहा कि वह उनके परिवार में से किसी एक की सरकारी नौकरी दिला देंगे। दोनों ठगों ने कहा कि उनके मुख्यमंत्री योगी उनके भाई सोनू ठाकुर, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, अपर सचिव अजय कुमार ओझा, रवि रतन शर्मा व आनंद से सीधे संबंध है। और पैसा देकर वह इन्ही लोगों से नौकरी लगवाने और पेपर लीक करवाने का काम करवाते है। इसके बाद दोनों ठगों ने एक नम्बर देकर कहा चाहो तो इनसे बात कर लो। इसपर जब उसने भतीजे से काल लगवाई तो उक्त नम्बर पर कॉल रिसीव करने वाले व्यक्ति ने कहा कि वह चपरासी के पद पर नौकरी लगवा देगा लेकिन उसे 4 लाख रुपए और देने होंगे। इसपर उसने व्यवस्था करके उक्त रकम दे दी लेकिन काफी समय बीत जाने पर भी उसकी नौकरी नहीं लगवाई। पैसे वापस मांगने पर ठगों ने धमकाते हुए कहा कि अगर पैसे मांगे तो उसे स्कार्पियों से कुचलकर जान से मार देगा।

# बाइक चोर गिरोह के 4 सदस्य गिरफ्तार



**बिजनौर।** पुलिस ने मोटरसाइकिल चोर गिरोह का पदार्फाश करते हुए उनके कब्जे से चार बाइक बरामद की है। पुलिस ने सभी आरोपियों का चालान कर उन्हें जेल भेज दिया है। एसपी नीरज कुमार जादौन के आदेश पर नगीना पुलिस द्वारा वाहन चोरी में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी तथा चोरी गये वाहनों की बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना नगीना पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान चार युवकों पीयूष चैहान पुत्र महेन्द्रपाल सिंह निवासी ग्राम भूतपुरी थाना अफजलगढ, केशव पाल पुत्र गजेन्द्र सिंह निवासी ग्राम भूतपुरी थाना अफजलगढ़, कृष्णा सैनी पुत्र मोन सिंह निवासी ग्राम भूतपुरी थाना अफजलगढ व नदीम पुत्र नफीस निवासी ग्राम शरीफ नगर थाना ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की 04 मोटरसाइकिल बरामद की गयी। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि आरोपी पीयूष चैहान धामपुर, काशीपुर व अन्य स्थानों से मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं को अंजाम देता है तथा चोरी की मोटरसाइकिलों की पहचान छिपाने के लिये नम्बर प्लेट को बदलकर सस्ते दामों पर अपने दोस्तो केशव पाल, कृष्णा सैनी व नदीम के माध्यम से विक्रय करता था। थाना धामपुर क्षेत्र से चोरी गई मोटरसाइकिल के संबंध में थाना धामपुर पर मुकदमा पंजीकृत है। आरोपियों के आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है। चारों वाहन चोरों को पुलिस ने धारा 420, 411, 414, 465, 482 आईपीसी के तहत चालान कर जेल भेज दिया है।

# समस्याओं के निराकरण के लिए जन आंदोलन की व्यापारियों ने बनायी रूपरेखा

जिला संवाददाता(vol)

**ललितपुर।** जिला उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की एक बैठक जिलाध्यक्ष प्रदीप त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न नगरों कस्बों के अलावा जिले के विभिन्न संगठनों के प्रमुख पदाधिकारी सैकड़ो की संख्या में उपस्थित थे। बैठक में जिले के सभी कस्बा, नगरों, सेक्टरों के पुनर्गठन करने हेतु योजना तैयार करते हुए प्रभारी नियुक्त किए गए। इसके अलावा व्यापारियों ने जिले की समस्याओं को रखते हुए पेयजल की समस्या, विद्युत विभाग की समस्या, बिजली चेकिंग के नाम पर जनपद में की जा रही लूट खसोट, बिजली बिल को सुधारने की समस्या, बिना सूचना के घंटो की जा रही अघोषित कटौती, तालाब पुरा रोड पर हो रही जाम की समस्या रोड को शीघ्र बनाए जाने की मांग को लेकर, एवं आयकर विभाग द्वारा कानून को ताक पर रखकर विभिन्न व्यापारिक प्रतिष्ठान पर जाकर बिना किसी कारण के उनकी जांच करना और और उनसे अवैध वसूली करना आदि समस्याओं पर गंभीरता से विचार किया गया और समस्याओं के निराकरण के लिए जन आंदोलन करने की रूपरेखा तय करने का निर्णय लिया गया। आयोजित बैठक में व्यापारी नेताओं ने कहा कि उत्तर प्रदेश उद्योग

**● बैठक कर मूलभूत समस्याओं के निस्तारण की उठायी मांग**

व्यापार मंडल के निर्देश पर जनपद की संपूर्ण इकाइयों के चुनाव करने की प्रक्रिया शुरू की गई है और उनके प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। इसके अलावा शीघ्र ही सभी सेक्टर एवं नगरों कस्बों पुनर्गठित कर संगठन को मजबूत किया जाएगा। आयोजित बैठक में व्यापारी नेताओं ने कहा कि जनपद में पेयजल समस्या एवं विद्युत विभाग की समस्याओं के लिए अलग-अलग प्रतिवेदन तैयार कर प्रदर्शन एवं कार्यालय के घेराव किए जाएंगे। नेताओं ने व्यापारियों का आवाहन




करते हुए कहा कि हम और आप सभी को चाहे जन समस्या हो, चाहे व्यापारियों की समस्या हो एक जुटता के साथ सड़कों पर आकर संघर्ष करना होगा। लोकसभा की मतगणना के उपरांत व्यवस्था में सुधार न होने पर प्रदर्शन की रूपरेखा तैयार कर घोषणा की जावेगी। नेताओं ने प्रदेश सरकार से पान मसाला के संबंध में जारी 10 मई एवं 7मई के आदेश को वापस लिए जाने की मांग करते हुए कहा कि इससे छोटे-छोटे व्यापारियों का उत्पीड ? होगा और इंस्पेक्टर राज बढ़ेगा। इस संबंध में शीघ्र ही प्रदेश स्तर से इस वार्ता कर कार्यवाही अमल में लाई जावेगी। नेताओ ने कहा कि संपूर्ण जनपद के कस्बों नगरों में विद्युत विभाग के संविदा कर्मचारी अधिकारियों द्वारा चेकिंग के नाम पर आम जनता एवं व्यापारियों का उत्पीड ? किया जा रहा है बिल सुधारने के नाम पर उपभोक्ताओं को महिनों तक परेशान किया जा रहा है और उनके बिल नहीं सुधरे जा रहे हैं। एक-एक बिल सुधारने के लिए एक महीने से लेकर 1 वर्ष तक लग जाता है। जिसको लेकर आम उपभोक्ता परेशान है। व्यापारी नेताओं ने कहा कि संघेय शक्ति की मूल भावना को समझ कर एक जुटता के साथ हमें समस्याओं के समाधान के लिए लड ?ा है और उनका समाधान कराना है। उन्होंने व्यापारियों को आश्वस्त करते हुए कहा यदि हम और आप सभी संगठित रहेंगे और संगठित होकर कार्य करेंगे तो कोई व्यापारी समाज का दोहन उत्पीड ? नहीं कर सकेगा। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री अनिल जैन ने किया। बैठक में प्रदेश चेयरमैन महेंद्र जैन मयूर, जिलाध्यक्ष प्रदीप त्रिपाठी, महेश जैन मोनू, पंकज, मुन्नालाल, डा.प्रीतम सराफ, सेवाराम चैधरी, पवन, नवीन सिंघई, अशोक, महेश सतभैया, संजीव, प्रसन्न, मुकेश, राजेंद्र, सतीश बंटी, मनोज सोनी, राजीव सुडेले, पवन जैन, पार्षद आलोक मयूर, अंकित सतभैया, सन्मति सराफ, मनोज जैन, संतोष साहू, विनय जैन, रामप्रकाश साहू, उदयभान यादव, रमाकांत तिवारी, अवनीश जैन, ज्ञानचंद, आनंद जैन, वीरेंद्र जैन, राजीव पटवारी, अभय जैन एड., जिनेंद्र पंसारी, दीपक सोनी, रोहित जैन, पदमचंद जैन, कृष्ण गोपाल साहू, वीरेंद्र सिंह, रामकोटि तांत्रिक, बृजेश रावत, बृजेंद्र साहू, सतीश जैन, मनीष जैन, आयुष जैन, हर्षित जैन, संजय खन्ना आदि उपस्थित थे।

# अरुणाचल से भाजपा की विजय का आगाज

नरेन्द्र शर्मा



अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम दोनों के ही विधानसभा चुनाव नतीजे भाजपा के लिए चौंकाने वाले रहे हैं। अरुणाचल प्रदेश में जहां उसे उम्मीद से ज्यादा कामयाबी मिली है, वहीं सिक्किम विधानसभा चुनाव में एन चुनावों के दौरान टूट गठबंधन के कारण भाजपा 31 सीटों में चुनाव लड़कर एक भी सीट नहीं जीत पायी, हालांकि उसका वोट प्रतिशत में 3.5 फीसदी बढ़ा है। लेकिन उम्मीदवार सभी हार गये हैं। फिर भी अगर भाजपा की बल्ले बल्ले है तो इसलिए क्योंकि सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा जिसने इन चुनाव में 32 में से 31 सीटें जीती हैं, के मुखिया प्रेम सिंह तमांग ने एनडीए में बने रहने या उससे सहयोग करने की बात कही है। इन दोनों विधानसभा चुनाव में सही मायनों में सबसे ज्यादा नुकसान कांग्रेस को हुआ है। अरुणाचल प्रदेश, जहां 19 अप्रैल को 50 सीटों के लिए मतदान हुआ था, क्योंकि कुल 60 सदस्यों वाली विधानसभा में भाजपा ने 10 सीटें चुनाव के पहले ही निर्विरोध जीत चुकी थी। निर्विरोध जीतने वालों में मुख्यमंत्री पेमा खांडू और उप-मुख्यमंत्री चोवना मेन भी शामिल थे।

**अरुणाचल में भाजपा जबरदस्त बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है, तो सिक्किम में एनडीए के घटक के रूप में एसकेएम की सरकार बनेगी। पूर्वोत्तर के इन दो राज्यों में एनडीए की सफलता इस बात का संकेत है कि जब चार जून को ईवीएम से जनादेश बाहर आयेगा, तो एक बार फिर पूरा देश मोदीमय हो सकता है और भाजपा तीसरी बार ऐतिहासिक बहुमत से दिल्ली की सत्ता पर काबिज हो सकती है।**

इससे यह तो अंदाजा था कि भाजपा ही तीसरी बार सरकार बनायेगी। लेकिन इतना जबरदस्त बहुमत भी हासिल करेगी, इसकी उम्मीद नहीं थी। माना जा रहा था कि पिछली बार के जैसे नतीजे ही भाजपा के खाते में आएंगे। लेकिन 2019 के मुकाबले 2024 में भाजपा ने न केवल जीती हुई सीटों की संख्या 41 से 46 तक बढ़ा ली बल्कि वोट प्रतिशत को भी 50 प्रतिशत से 54 फीसदी तक ले गई है। भाजपा के अलावा पिछली बार के मुकाबले अरुणाचल प्रदेश विधानसभा सीट में एनपीपी ने भी अपनी बढ़त बनायी है। 2019 में जहां उसने 5 सीटें जीती थी, वहीं 2024 में सीटें तो उसने बेशक पिछली बार की तरह 5 ही जीती हैं, लेकिन इस बार उसका वोट शेयर पिछली बार के मुकाबले 2 फीसदी बढ़ा है। पिछली बार एनपीपी का वोट शेयर 14 फीसदी था, इस बार यह बढ़कर 16 फीसदी हो गया है। अरुणाचल प्रदेश में सबसे बड़ा नुकसान देखा जाए तो कांग्रेस का ही हुआ है, जबकि माना जा रहा था कि जिस तरह से राहुल गांधी ने मणिपुर की यात्रा की थी और फिर अपनी भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा चरण नार्थ ईस्ट से ही शुरू किया था, उसको देखते हुए लग रहा था कि शायद कांग्रेस नार्थ ईस्ट में उल्लेखनीय बढ़त बनायेगी। लेकिन हैरानी की बात ये है कि कांग्रेस का वोट प्रतिशत इस बार पिछली बार के मुकाबले 11 फीसदी तक घट गया है। पिछली बार कांग्रेस ने अरुणाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में 4 सीटें हासिल की थीं और 16 फीसदी वोट पाये थे, लेकिन इस बार न सिर्फ उसकी सीटों की संख्या घटकर 1 रह गई बल्कि उसका वोट प्रतिशत भी 16 फीसदी से घटकर महज 5 फीसदी पर आ गया है। अरुणाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में इस बार जो गौर करने वाला तथ्य है, वह यही है जहां कांग्रेस 19 सीटों में से सिर्फ 1 सीट ही जीत पायी, वहीं उसका वोट शेयर भी बुरी तरह से कम हुआ है, जिसका साफ मतलब है कि नार्थ ईस्ट में कांग्रेस का बड़े पैमाने पर सफाया हो रहा है और कांग्रेस की जमीन तेजी से बीजेपी के खाते में जा रही है।

**अगले पांच साल के लिए कौन होगा भाग्य विधाता, फैसला आज**

इस बार अरुणाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव का एक यह पहलू भी ध्यान देने लायक रहा है कि 20 ऐसे युवा जीते हैं, जिन्हें अब के पहले चुनाव का कोई अनुभव नहीं रहा। ये पहली बार विधानसभा पहुंचे हैं। इसमें जहां 11 विधायक भाजपा के हैं, वहीं 4 एनपीपी के हैं। इससे यह भी पता चलता है कि आने वाले सालों में भी इन दोनो ही पार्टियों का प्रदेश की राजनीति में दबदबा रहने वाला है। अगर पूर्वोत्तर के इन दो विधानसभा चुनाव के नतीजे पके हुए चावल की हांडी के दो नमूना चावल हैं, तो साफ है कि कल जब बाकी जगहों की लोकसभा और विधानसभा सीटों में पड़े मतों की गिनती होगी तो नतीजा किस कदर एग्जिट पोल जैसे रह सकता है? अरुणाचल प्रदेश अगर आने वाले नतीजों की बानगी है, तो सिक्किम का भी नतीजा ऐसा है, जो भाजपा को सैद्धांतिक रूप से तो परेशान करने वाला है, लेकिन व्यवहारिक रूप में इससे उसे कोई खास फर्क पड़ने वाला नहीं है। 32 विधानसभा सदस्यों वाली सिक्किम की विधानसभा में इस बार पिछली बार की तरह ही अधिकतर सदस्य सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा के ही होंगे, यह अंदाजा किसी ने न हीं लगाया था, क्योंकि चुनावों के ऐन पहले भाजपा और एसकेएम के बीच गठबंधन टूट गया था। भाजपा ने इस बार अपने 31 उम्मीदवार मैदान में उतारे थे, लेकिन उसे एक भी सीट नहीं मिली। जबकि पिछली बार कुल 17 सीटें पाने वाले एसकेएम ने इस बार प्रदेश विधानसभा की 1 सीट छोड़कर सभी सीटें जीत लीं। यह 1 सीट एसडीएफ को मिली है। भाजपा को हालांकि पिछली बार के मुकाबले वोट प्रतिशत में जरूर 250 फीसदी की बढ़ोत्तरी मिली है, लेकिन इन वोटों का कोई फायदा नहीं, क्योंकि उसे एक भी सीट नहीं मिली। गौरतलब है कि 2019 के चुनाव में जहां भाजपा को कुल 1.6 फीसदी वोट मिले थे, वहीं इस बार इसके वोट की संख्या बढ़कर 5 फीसदी हो गई है। लेकिन बात अगर कांग्रेस की करें तो कांग्रेस को भी पिछली बार की ही तरह इस बार भी कोई सीट नहीं मिली, जबकि उसके वोट फीसदी में भी काफी ज्यादा कमी आयी है। साल 2019 में जहां कांग्रेस को 0.7 फीसदी वोट मिले थे, वहीं इस बार ये घटकर 0.32 फीसदी ही रह गये।

इस बार सिक्किम के चुनाव में एसकेएम ने सबका इस तरह सूपड़ा साफ किया है कि 25 सालों तक प्रदेश में सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट की तरफ से प्रदेश में मुख्यमंत्री पद पर रहने वाले पवन चामलिंग खुद चुनाव हार गये हैं, एक नहीं बल्कि उन्होंने दो दो सीटों से चुनाव लड़ा, लेकिन दोनों ही सीटों में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। इससे लगता है कि सिक्किम में साफ-साफ एसकेएम की ही आंधी थी। कांग्रेस की तरह भाजपा को दोनों स्तरों पर नुकसान तो नहीं हुआ, लेकिन भाजपा भी सिक्किम में जीत पाने की रेस से मीलों पीछे रही। बावजूद इसके एसकेएम ने कहा है कि वह भाजपा के गठबंधन (एनडीए) का हिस्सा बने रहेंगे। इसलिए भाजपा कह सकती है कि निजी स्तर पर उसे भले प्रदेश में कोई खास सफलता न मिली हो, लेकिन गठबंधन के स्तर पर उसे सिक्किम में एक ताकतवर सहयोगी एसकेएम के रूप में साथ बना रहेगा। पूर्वोत्तर के दो राज्यों परिणामों ने भाजपा के विजय अभियान का आगाज कर दिया है। अरुणाचल में भाजपा जबरदस्त बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है, तो सिक्किम में एनडीए के घटक के रूप में एसकेएम की सरकार बनेगी। पूर्वोत्तर के इन दो राज्यों में एनडीए की सफलता इस बात का संकेत है कि जब चार जून को ईवीएम से जनादेश बाहर आयेगा, तो एक बार फिर पूरा देश मोदीमय हो सकता है और भाजपा तीसरी बार ऐतिहासिक बहुमत से दिल्ली की सत्ता पर काबिज हो सकती है।

## जनता का फैसला आज

अनुमानों, अटकलबाजियों, दावों-प्रतिदावों और सरकार के स्वरूप को लेकर जो नैरेटिव बीते कई महीनों से खड़े किये गये हैं, उन सबका पटाक्षेप आज हो जायेगा। सुबह जब ईवीएम खुलेंगे और जनादेश बाहर आयेगा, तो अगले पांच साल के लिए देश का भाग्य विधाता भी तय हो जायेगा। दिल्ली की राजसत्ता पर मोदी 3.0 का आगाज होगा या सत्ता के स्वरूप में कोई बदलाव आयेगा, यह ईवीएम खुलने के बाद ही पता चलेगा लेकिन अगर एग्जिट पोल के अनुमान सच निकले या फिर विपक्षी इंडिया गठबंधन का 295 का दावा आकार लेता है, तो देश की सियासत में भी ऐतिहासिक बदलाव देखने को मिलेगा। कांग्रेस 2014 में अपने कर्मों से हारी थी। 2019 में सत्ता में वापसी के लिए कांग्रेस ने जोरआजमाइश की। 'राफेल और चौकीदार चोर है' का नैरेटिव गढ़ा और इसी पर पूरा चुनाव लड़ा। कांग्रेस की कोशिश यह थी कि मोदी के इमेज को खंडित कर सत्ता वापसी की राह को आसन किया जायेगा। गौरतलब है कि कांग्रेस को जब 2014 में ऐतिहासिक हार मिली थी और लोकसभा में उसका आंकड़ा 44 पर सिमट गया था, तब उसके पीछे कांग्रेस पार्टी पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप ही मुख्य कारण थे। कांग्रेस भ्रष्टाचार के मुद्दे पर हारी थी इसलिए 2019 में उसकी रणनीति शायद यह थी कि भ्रष्टाचार की टोपी भाजपा को पहना कर सत्ता में वापसी की जाये। लेकिन जनता ने मोदी पर दुबारा भरोसा जताया। कांग्रेस महज सीटें भर बढ़ा सकी। लोकसभा का यह चुनाव इस बार कांग्रेस और भाजपा दोनों के लिए अग्नि परीक्षा का वक्त है। अगर भाजपा जीती, जैसा की अनुमान लगाया जा रहा है तो तीसरे कार्यकाल में सही मायने में अच्छे दिनों का वायदा समाज के आखिरी व्यक्ति तक डिलीवर करना होगा। हालांकि मोदी के दो कार्यकाल में ऐतिहासिक फैसले हुए हैं, देश आगे बढ़ा है और बड़ी उपलब्धियां मिली हैं, लेकिन आम जनता की उम्मीदें अभी पूरी हीं हुई हैं। तीसरे कार्यकाल में भाजपा को अपने पुराने वायदे 'अच्छे दिन आयेंगे' पर खरा उतरना होगा। जहां तक कांग्रेस की बात है, तो चुनौतियां उसके लिए भी कम नहीं हैं। कांग्रेस इस बार सबसे अधिक दिनों तक सत्ता से बाहर रहकर सत्ता पाने के लिए लड़ रही है। हाल के वर्षों में कांग्रेस की रीति-नीति, चाल-चलन में बहुत बदलाव आया है। कांग्रेस पहले सभी वर्गों के लिए समावेशी थी लेकिन इस बार क्षेत्रीय दलों के एजेंडे पर खेल रही है। चुनाव में कोई ठोस नैरेटिव खड़ा करने, जन-मन को प्रभावित करने वाले विमर्श को आगे बढ़ाने के बजाय आरक्षण बचाने, संविधान बचाने और ओबीसी आरक्षण बढ़ाने को मुख्य मुद्दा बनाया है। इतिहास गवाह है कि आरक्षण और सामाजिक न्याय के मुद्दे पर छोटी-छोटी पार्टियां बनी और देश के कुछ हिस्सों में उनका प्रभाव भी है। लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर जिसने भी आरक्षण को हथियार बनाया उसके खत्म होने में देर नहीं लगी। कांग्रेस ने जिस तरह ओबीसी कार्ड खेला है, उससे कांग्रेस से एक वर्ग नाराज है। स्वयं कांग्रेस के ज्यादातर नेता राहुल गांधी के ओबीसी कार्ड से सहमत नहीं हैं। ऐसे में कांग्रेस तीसरी बार हारी, तो गांधी परिवार को सही मायने राजनीतिक रूप से कठिन दौर का सामना करना पड़ेगा। जहां तक चुनावों की बात है, तो 18वीं लोकसभा का चुनाव अब तक के सभी चुनावों में सबसे अधिक शांतिपूर्ण रहा। चुनावी हिंसा में मौत की घटनाएं नहीं हुईं, पुनर्मतदान कम हुए, यह बहुत अच्छी बात है। इसके लिए चुनाव आयोग के सुरक्षा प्रबंधों की प्रशंसा करनी होगी। चुनाव लंबा खिंचा, चुनाव तिथियां सप्ताहांत में पड़ी, चुनाव अत्यधिक गर्मी में हुए यह ठीक नहीं हुआ। इससे मतदान कम हुआ, चुनाव प्रक्रिया बोझिल लगी और गर्मी से मतदान कर्मियों की मौतें हुईं। यह सबक सीखने वाली बात है। चुनाव आयोग ने इसे स्वीकार किया है। इसलिए उम्मीद की जानी चाहिए कि भविष्य में इस मुद्दे पर आयोग गौर करेगा।



**चुनाव आयोग ने अत्यधिक गर्मी और सप्ताहांत में चुनाव कराने को लेकर अपनी गलती को स्वीकार किया है।**

### विचार

बाद में उत्पन्न होने वाली इच्छाओं की पूर्ति करने की अपेक्षा अपनी पहली इच्छा का दमन कर देना ही सरल और श्रेयस्कर है।

-फ्रेंकलिन.

काम और क्रोध का मूल स्थान इन्द्रियां हैं। इन्हीं इन्द्रियों से कर्म प्रवृत्ति पैदा होती है। इसलिए सबसे पहले इन इन्द्रियों को ही वश में करना चाहिए।

-ज्ञानेश्वरी.

जब तक मनुष्य के मन में काम, क्रोध, अहंकार और लोभ की अल्प मात्रा भी शेष रहती है, तब तक पंडित और मूर्ख दोनों एक समान होते हैं।

-संत कबीर.

ऐसी पुस्तक का प्रतिदिन अवश्य अध्ययन करें जो आपके आत्मिक, शारीरिक, सामाजिक अथवा आर्थिक उन्नति में सहायक हो।

-जैन धर्मग्रंथ.

मनुष्य का अज्ञानता जैसा दूसरा कोई शत्रु नहीं होता।

-चाणक्य.

### सोशल मीडिया

जय श्री सोमनाथ! प्रथम ज्योतिर्लिंग श्री सोमनाथ महादेव अमिट अविरल और अडिग, सनातन संस्कृति के गौरव के प्रतीक हैं। हमे संघर्षों में ये दृढ़ रहने की प्रेरणा देते हैं। अमित शाह.



भाजपाई राजतंत्र के प्रतीक सेंगोल को फिर से स्थापित करना चाहते हैं, जबकि इंडिया गठबंधन लोकतंत्र के प्रतीक संविधान को फिर से स्थापित करना चाहता है। अखिलेश यादव



जय श्री राम!! आज पावन नगरी अयोध्या में भगवान श्रीराम के दिव्य स्वरूप का दर्शन कर समस्त देशवासियों के कल्याण के लिए मंगल कामना की। चिराग पासवान.



## जीवन में प्रसन्नता

जब तुम प्रेम में होते हो और खुश होते हो तो भूल जाते हो। लेकिन, जब संघर्ष, नफरत और गुस्सा होता है तो तुम उसे बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने लगते हो। ऊपर से वे अक्षम लोग, वे नैतिकतावादी, वे पुरोहित, वे राजनेता, वे मिल कर चिल्लाते हैं एक स्वर से कि देखो, हमने तुमसे पहले ही कहा था, और तुमने हमारी नहीं सुनी। प्रेम को त्यागो। प्रेम दुख बनाता है। इसे त्यागो, उसे त्यागो, जीवन को त्यागो। इन बातों को अगर बार-बार दोहराया जाता रहता है तो उनका असर होने लगता है। लोग उनके सम्मोहन में फँस जाते हैं। तुम कहते हो कि तुम उपवास करते रहे हो, तुमने ब्रह्मचर्य व्रत का पालन किया है। उपवास का भला बुद्धत्व से क्या ताल्लुक हो सकता है? ब्रह्मचर्य का बुद्धत्व से कोई संबंध नहीं हो सकता? बेतुकी बात है। जो भी तुम करते हो जैसे कि तुम कहते हो कि मैं बुद्धत्व प्राप्त करने के लिए रात-रात भर जागता रहता हूँ। दिन में बुद्धत्व प्राप्त करने की कोशिश क्यों नहीं करते? रात भर जागने की क्या जरूरत है? ये कुदरत के विरोध में तुम कयों खड़े हुए हो? बुद्धत्व प्रकृति के खिलाफ नहीं होता। वह प्रकृति की परितृप्ति है। वह तो प्रकृति की चरम अभिव्यक्ति है। वह तो जितना संभव हो सकता है, उतनी प्रकृति है। प्रकृति के खिलाफ होने पर नहीं, बल्कि साथ होने पर ही तुम बुद्धत्व तक पहुँचते हो। वह बहाव के खिलाफ तैरने से नहीं, बल्कि उसके साथ बहने से मिलता है। नदी की यात्रा तो पहले से ही समुद्र की तरफ है। तुम्हें उसके खिलाफ तैरना शुरू करने की कोई जरूरत नहीं, जबकि तुम करते यही रहे हो। अब तुम पूछोगे कि तो मुझे क्या करना चाहिए? मैं कहूँगा कि दुख के प्रति अपनी आसक्ति त्याग दो। तुम बुद्धत्व की खोज नहीं कर रहे हो, बल्कि तुम तो दुख की खोज में लगे हुए हो। बुद्धत्व तो सिर्फ एक बहाना है। जीवन से प्रेम करो, और अधिक खुश रहो। जब तुम एकदम प्रसन्न होते हो, संभावना तभी होती है, वरना नहीं। कारण यह है कि दुख तुम्हें बंद कर देता है, सुख तुम्हें खोलता है। क्या तुमने यही बात अपने जीवन में नहीं देखी? जब भी तुम दुखी होते हो, बंद हो जाते हो, एक कठोर आवरण तुम्हें घेर लेता है। तुम खुद की सुरक्षा करने लगते हो, तुम एक कवच-सा ओढ़ लेते हो। वजह यह है कि तुम जानते हो कि तुम्हें पहले से काफी तकलीफ है और अब तुम और चोट बर्दाश्त नहीं कर सकते। दुखी लोग हमेशा कठोर हो जाते हैं। उनकी नरमी खत्म हो जाती है, वे चट्टानों जैसे हो जाते हैं। एक प्रसन्न व्यक्ति तो एक फूल की तरह है। उसे ऐसा वरदान मिला हुआ है कि वह सारी दुनिया को आशीर्वाद दे सकता है।

अंतर्दृष्टि

## सत्ताहीन होने का दुख

व्यंग्यलोक

अगले चुनाव में जीतने की आज के जमाने में कतई उम्मीद न करें और उसी हिसाब से जितना भी हड़प अथवा हजम कर सकें कर लें, वर्ना आगामी चुनाव के समय आर्थिक परेशानी आ सकती है। हारने पर रोटी के भी लाले पड़ सकते हैं। इसलिए एक बार सरकार में रहकर पाँच पीढ़ियों के ऐशो आराम की व्यवस्था को ध्यान में रखिए। कई बार अंतुले कौतुक-करतब राजनीति में लम्बे समय तक जिन्दा रखते हैं। कोई भी बड़े नेता के नाम पर कोई बड़ा धंधे का धंधा, गबन-घोटाला करके, सत्ता से अलग हो जाओ, तब भी सत्ता में रहने के जैसे ही ऐशो आराम भोग सकते हो। ऐसा करने से राजनीति से अलग और सत्ताहीन होने का दुःख नहीं व्यापता है थोड़ी सावधानी यही रहे कि जरा केन्द्र को भी विश्वास में ले लें, वरना वह आपको चैन की बंशी नहीं बजाने देगा और कोई जाँच आयोग-वायोग का नाटक रचकर फिजूल परेशान किया जाएगा। राज्य में कोई न कोई ऐसा कार्यक्रम प्रारम्भ करवा दें जिसमें गरीबी की पीड़ा निहित हो तो इससे भी समय आसानी से कट जाता है। जैसे दस्यु उन्मूलन अभियान, पिछड़े को पहले, बेघर को घर, जंगल में मंगल, अन्त्योदय तथा सबको रोटी, ये ऐसे नारे और आश्वासन हैं कि जनता का सहज आपके प्रति विश्वास जग आएगा तथा उसकी लार टपकने लगेगी। करना आपको कुछ नहीं है बस सचिवालय से आदेश निकालकर विभागों के निदेशालयों के मार्फत, जिला मुख्यालयों तथा ग्राम पंचायत स्तर तक उनके निर्देश भेज देने हैं। सरपंच, जिला प्रमुख और जिलाधीश आपकी सरकार की दुकान साधे रहेंगे। कई बार स्थिति उस समय बड़ी विषम हो उठती है जब आपके मंत्रिमण्डल में कोई अन्य साथी आपकी बराबर की टक्कर का हो। उससे सचेत तो रहें ही, इसके साथ ही साथ आप केन्द्र से बातचीत करके, उपमुख्यमंत्री का पद सृजित करवाकर उसे वहाँ 'एडजस्ट कर दें। इससे उसका 'ईगो काफी हद तक मर जाएगा और वह खुलकर विरोध करने में संकोच करेगा। लम्बे समय तक सत्ताजीवी रहने के लिए यह भी जरूरी है कि आप जन सम्पर्क अथवा जन आयोजनों में ज्यादा भाग न लेवें। इससे आपके मुँह से अंट-संट निकलने तथा भूल-चूक होने का पूरा खतरा रहता है। इसलिए इस तरह की बातों से बचें और यदि नौबत जाने की आ ही गई है तो मित्तभाषी बनकर महान और बृद्धिजीवी होने का भ्रम उत्पन्न करें। राज्य में कई बार मजदूरों अथवा कर्मचारियों के आन्दोलन भड़क उठते हैं। ये अवसर भी अत्यन्त घातक होते हैं। आप प्रयास कीजिए उन्हें तत्काल राहत की पंजीरी देने की। यदि फिर भी वे लोग काबू में नहीं आ रहे हैं तो एक समिति बना दें तथा उसमें वह व्यक्ति जरूर शामिल कर देवें, जो आपका प्रतिद्वंदी हो, इससे जिन्दाबाद, मुर्दाबाद का जयघोष उसके ही नाम बुलेगा।



पूरन सरमा

## गोलकुंडा किले का अनछुआ वैभव



पर्यटन

समीर चौधरी

गोलकुंडा किला पर्यटकों के लिए सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक खुला रहता है। लिहाजा अगली सुबह 8 बजे मैंने अपने बैग में मिनरल वाटर की तीन बोतलों के साथ कुछ खाने का सामान भी पैक किया और आरामदायक कपड़े व जूते पहने, क्योंकि जब भी आप किसी किले को देखने के लिए जायें तो ऐसी तैयारी की एक खास वजह यह होती है कि किले में पैदल बहुत चलना पड़ता है। बहरहाल, अपने होटल से निकलने के दस मिनट बाद मैं हुसैन सागर झील पर था, जहां से गोलकुंडा किला लगभग 9 किमी के फासले पर है। मैं एक थ्री व्हीलर में सवार हो गया, रास्ते में ट्रैफिक कुछ खास न था, इसलिए मुझे अपनी मंजिल तक पहुंचने में 20-25 मिनट से अधिक का समय न लगा होगा। मैंने किले में प्रवेश करने के लिए टिकट लिया जो बहुत मामूली 5 रुपए का था (विदेशी पर्यटकों के लिए 100 रुपए का है) और एक गाइड भी हायर कर लिया। ऐतिहासिक इमारतों के बारे में जो बारीक व दिलचस्प जानकारियां गाइड से मिलती हैं वह किताबों से पढ़कर हासिल नहीं की जा सकतीं। गोलकुंडा किले का निर्माण 1600 में पूर्ण हुआ था और इसके विख्यात होने की एक वजह यह है कि एक समय में कोहिनूर को यहीं रखा गया था। कोहिनूर ही क्यों, संसार के जो कुछ सबसे मशहूर डायमंड हैं जैसे आइडल्स आई, होप डायमंड, दरिया-ए-नूर आदि यहीं की खदानों की देन हैं। एक अन्य दिलचस्प बात यह है कि अगर आप किले के सबसे निचले हिस्से में खड़े होकर ताली बजायेंगे तो उसकी गूंज किले के ऊपरी हिस्से में सुनायी देगी।

दरअसल, गोलकुंडा किले का आर्किटेक्चर, लीजेंड, इतिहास व रहस्य इसके आकर्षण में चार चांद लगा देते हैं और शायद यही कारण है कि हैदराबाद में यह सबसे ज्यादा विजिट किया जाने वाला स्थल है। लेकिन मेरी दिलचस्पी यह जानने में थी कि इस किले का नाम गोलकुंडा क्यों पड़ा? मेरे गाइड ने जो कुछ बताया, उसका सार कुछ इस तरह से है। आज जिस जगह किला है वहां एक चरवाहे को एक मूर्ति मिली थी। इस खोज की जानकारी जल्द ही काकतिया राजा को मिल गई और उन्होंने आदेश दिया कि मूर्ति के चारों तरफ मिट्टी का किला बनाया जाये। यह किला 'गोल्ला कोंडा' के नाम से विख्यात हो गया, जिसका तेलगु भाषा में अर्थ है- चरवाहे की पहाड़ी। काकतिया वंश के तहत गोलकुंडा किले का निर्माण 1143 में हुआ, लेकिन यह अपने रंग में आया 16वीं शताब्दी में कुतुब शाही वंश के शासन के दौरान यानी जब 1518 में कुली कुतुब शाह ने बहमानी सल्तनत से अलग होते हुए अपनी आजादी घोषित की। तब इस मिट्टी के किले का विस्तार होना शुरू हुआ और यह इतना विशाल किला बन गया कि इसकी बाहरी दीवार 10 किमी लम्बी थी। मुगल बादशाह औरंगजेब ने 1686 में इस किले को जीतने का असफल प्रयास किया और फिर आखिरकार नौ माह की लम्बी घेराबंदी के बाद 1687 में मुगल इस किले को जीतने में कामयाब हो सके, जिससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि किला बहुत मजबूत था और उसे भेदना आसान न था।

गोलकुंडा किला विशाल स्ट्रक्चर है जोकि 400 फीट ऊंची पहाड़ी पर बना हुआ है, जिसकी सर्कमफरेंस 7 किमी है। इसका आर्किटेक्चर हिन्दू-इस्लामिक शैली का सुंदर संगम है। इसकी दीवारों में आठ दरवाजे और 87 बुर्ज हैं जिनमें से प्रत्येक की ऊंचाई 50-60 फीट है। किले को मजबूत करने के लिए एक के बाद एक तीन शक्तिशाली दीवारें हैं। दीवार की पहली लाइन में शहर है। दूसरी लाइन दोहरी दीवार है जो पहाड़ी को नीचे से घेरे हुए है, जिसके ऊपर दुर्ग खड़ा है। तीसरी लाइन पहाड़ी के और ऊपर है और दूसरी के भीतर बनाये हुए व प्राकृतिक बोल्डर हैं। मुख्य किले के अंदर रानियों, राजकुमारों आदि के लिए रहने के स्थान हैं। यह शानदार किला अपने रॉयल अपार्टमेंट्स, परेड ग्राउंड्स, अनेक हॉलों व मस्जिदों के लिए विख्यात है। आठ दरवाजों में से फतेह दरवाजा मुख्य है, इसमें से ही विजयी मुगलों ने अंदर प्रवेश किया था। यह दरवाजा 13 फीट चौड़ा और 25 फीट लम्बा है, जोकि हाथियों से सुरक्षित रहने के लिए स्टील की कीलों से बनाया गया था। बालाहिसार दरवाजा नवाबी शैली में बनाया गया था और यह भी शानदार स्ट्रक्चर है। अब पर्यटक केवल पूर्वी दरवाजे को ही देख सकते हैं। गोलकुंडा किला पहाड़ी के ऊपर स्थित है, जहां शानदार हवा आती है, जिससे शाही परिवारों के लिए गर्मियों में रहना आसान हो जाता था।

## आप की बात

### महिलाओं की सुरक्षा जरूरी

महिलाओं की सुरक्षा के लिए देश में कठोर कानून बने हैं लेकिन फिर भी अपराधी इससे डर नहीं रहे हैं। फांसी जैसी सजा का प्रावधान होने के बावजूद लगातार दुराचार की घटनाएं बढ़ रही हैं। क्राइम रिकार्ड ब्यूरो के आंकड़ों पर गौर करें तो हर दिन सौ से अधिक महिलाओं के साथ रेप की घटनाएं होती हैं। दहेज हत्या, छेड़छाड़, घरेलू हिंसा, एसिड अटैक जैसे अपराध आज इतने वीभत्स रूप में हमारे सामने आये हैं कि इनका जिक्र करने पर भी शर्मिंदगी महसूस होती है। कई बार रेप की घटना होने पर भी पुलिस न्याय के लिए दौड़ाती रहती है। कई बार तो मेधावी छात्राएं, खिलाड़ी तक इसकी शिकार हो चुकी हैं। जब राज्य का गौरव बढ़ाने वाली लड़कियां सुरक्षित नहीं होंगी तो सामान्य के साथ कैसा बर्ताव होता होगा इसकी कल्पना की जा सकती है। महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए सुरक्षा पहली शर्त है। दरअसल किसी भी सरकार का प्रथम दायित्व नागरिकों की सुरक्षा करना ही है। ऐसे में अपराध की बढ़ती घटनाएं, महिला संबंधी अपराधों का दिनोंदिन और क्रूर होते जाना न सिर्फ चिंता की बात है बल्कि इस बात पर भी सवाल उठाता है कि सरकारें महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराधों को रोकने लिए गंभीर हैं भी या यूं ही लंबी चौड़ी बातें ही करती रहती हैं। दरअसल देश में महिलाओं की सुरक्षा के लिए व्यापक इंतजामों के साथ ही महिला अपराधों में शीघ्र न्याय दिलाने के लिए कानूनी प्रावधान को और अधिक दुरुस्त करने की जरूरत है।

**मदन मोहन श्रीवास्तव, लखनऊ.**

### बेरोजगारी सबसे बड़ी समस्या

शहरों का विकास रोजगारकी समस्या को हल करने में बड़ा मददगार साबित हो सकता है। इसलिए जैसे-जैसे शहर विकसित होंगे, उसी गति से अवसरों का विकास भी होगा। देश में स्मार्ट सिटी परियोजना कई वर्षों से चल रही है लेकिन उसमें कोई खास प्रगति देखने को नहीं मिल रही है। शहरों के बढ़ते आकार के मद्देनजर विकास प्राधिकरणों की स्थापना इस उद्देश्य से की गयी थी कि शहरों का नियोजित विकास हो ताकि बड़ी संख्या में लोगों को शहरों में घर मिल जाये और नागरिक सुविधाओं को भी बेहतर तरीके से प्रबंध किया जा सके। लेकिन स्थानीय निकायों एवं प्राधिकरणों की अकुशलता और भ्रष्ट कार्यप्रणाली के कारण शहरों के विकास का दायित्व प्रापर्टी डीलरों के जिम्मे आ गया और नागरिक सुविधाओं की जिम्मेदारी ठेकेदारों के पास पहुंच गयी है। उत्तर प्रदेश में करीब 78 फीसद से अधिक आबादी अभी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है, इसलिए भविष्य में आर्थिक विकास के साथ शहरीकरण तेज होगा। उत्तर प्रदेश में शहरीकरण का दौर अभी शुरुआती अवस्था में ही है। ऐसे में शहरों का दायरा तेजी के साथ बढ़ेगा लेकिन जन सुविधाओं और विकास की बात करें तो आज तक न तो स्थानीय निकाय तैयार दिखते हैं और न ही विकास प्राधिकरण। हर दिन यह खबर पढ़ने को मिल जायेगी कि एलडीए इस योजना में इतने सौ एकड़ की आवासीय परियोजना विकसित करेगा, इस योजना में इतने एकड़ की, लेकिन हकीकत यह है कि एक-दो दशक तक तो परियोजनाएं विवाद में ही लटकती रहती हैं। इसका फायदा उठाते हैं प्रापर्टी डीलर। प्रापर्टी डीलर किसानों से जमीन एग्रीमेंट कराकर जैसे-तैसे निशान बनाकर प्लाट काटकर बेच देते हैं। ऐसी अनियोजित बस्तियों में न सड़क होती है, न सीवर लाइन, न नाली। पार्क, स्कूल, अस्पताल जैसे बुनियादी सुविधाओं के लिए भी कुछ नहीं होता है। आज लखनऊ को जोड़ने वाली जिलों की किसी भी सड़क पर चले जायें। चाहे रायबरेली रोड हो। फैजाबाद रोड हो, हरदोई रोड हो या सीतापुर रोड अथवा सुलतानपुर रोड, लखनऊ से पन्द्रह-बीस किलो मीटर आगे तक प्लाटिंग हो चुकी है। कहीं भी नियोजित विकास की संभवना नहीं बची है। यह सब विकास प्राधिकरण और आवास विकास की असफलता है।

**मनीष कुमार श्रीवास्तव, लखनऊ.**

संक्षेप

## जनता ने हमें दे दिया है जीत का सर्टिफिकेट: अवधेश प्रसाद

**अयोध्या।** मतगणना से एक दिन पूर्व इंडिया गठबंधन के नेताओं ने प्रेस वार्ता की इस दौरान प्रत्याशी अवधेश प्रसाद ने एग्जिट पोल पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि एग्जिट पोल की पोल कई बार खुल चुकी है यह सरकारी एग्जिट पोल है। 2012 में, पश्चिम बंगाल में और दिल्ली के चुनाव में इसकी पोल खुल चुकी है। जनता का एग्जिट पोल ही सही है।

जो कल खुलेगा। उन्होंने कहा कि जनता ने हमें पूरा आशीर्वाद दिया है। साइकिल को जिताने का निर्णय दिया है। जब सामान्य सीट से टिकट मिला तो उसे क्षेत्र ही नही पूरे देश की जनता ने सराहा। जनता ने मुझे सांसद का सर्टिफिकेट दे दिया है। सरकारी सर्टिफिकेट मिलने में 24 घंटे बचे है।

उन्होंने कहा कि 11-12 चुनाव लड़ चुका हूं। नौ चुनाव में जीत चुका हूं। इतना समर्थन इतना लगाव, इतना प्यार, इतनी दुआएं इतनी प्रार्थनाएं पहली बार इस लोकसभा चुनाव में मुझे मिला है। उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की नगरी है।

# मतगणना की तैयारियां पूरी, डीएम ने लिया जायजा

जिला संवाददाता(vol)



**अयोध्या।** जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अन्तर्गत जनपद में मतदान प्रक्रिया सकुशल सम्पन्न होने के उपरांत 04 जून 2024 को राजकीय इंटर कॉलेज अयोध्या में होने वाली मतगणना की प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत की जा रही तैयारियों का जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने जायजा लिया। इस अवसर पर

- पांचों विधानसभाओं की ईवीएम मतगणना 14–14 टेबलों पर होगी

जिलाधिकारी ने बताया कि मतगणना सम्बंधी समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गयी हैं। जनपद की पांचों विधानसभाओं की ईवीएम मतगणना 14-14 टेबलों पर होगी इसी के साथ ही प्रत्येक विधान सभा में वीवीपैट मतगणना हेतु एक-एक टेबल तथा एकदएक एआरओ टेबल लगाए गए हैं। जिन पर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि अत्यधिक हीटवेब के दृष्टिगत मतगणना कार्मिकों, विभिन्न राजनैतिक दलों के मतगणना एजेंटों एवं मीडिया बन्धुओं हेतु बेहतर छायाध्पंडाल की व्यवस्था की गयी है, प्रयाप्त संख्या में वाटर कूलर लगाये गये हैं, शीतल पेयजल की समुचित व्यवस्था की गयी है। आवश्यकतानुसार मोबाइल टॉयलेट लगाये गये हैं। मतगणना एजेंट एवं मतगणना कार्मिकों के अलग-अलग प्रवेश द्वार निर्धारित किये गये है। मतगणना एजेंट जीआईसी के मुख्य द्वार (उत्तरी गेट) से मतगणना स्थल में प्रवेश करेंगे। मतगणना के दौरान मीडिया कवरेज हेतु निर्धारित स्थान पर मीडिया दीर्घा बनाकर उनके बैठने हेतु पंडाल, कुर्सी, मेज, पानी की व्यवस्था एवं लाइव प्रसारण हेतु टी0वी0 आदि व्यवस्था की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार व मतगणना प्रेक्षक पी. आकाश ने राजकीय इंटर कॉलेज, अयोध्या में स्थित 54 फैजाबाद व 55 अंबेडकरनगर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जनपद अयोध्या के विधान सभाओं के स्ट्रांग रूमों का निरीक्षण किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नितीश कुमार ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन के अन्तर्गत राजकीय इंटर कालेज अयोध्या में मतगणना की प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत मजिस्टेज्टगणों को 4 जून को प्रातः 5 बजे से मतगणना कार्य की समाप्ति तक ड्यूटी लगायी गई है। सम्बंधित मजिस्टेज्ट ड्यूटीरत पुलिस अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर वर्णित स्थानों पर शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु पूर्णतः उत्तरदायी होंगे। जिसमे अरविन्द कुमार डिप्टी कलेक्टर (9628365450) मतगणना स्थल राजकीय इंटर कालेज, प्रवीण कुमार डिप्टी कलेक्टर (999032905) राजकीय इंटर कालेज अयोध्या मेन गेट एवं आस-पास, सुधीर कुमार डिप्टी कलेक्टर (7905212897) राजकीय इंटर कालेज रेलवे क्रासिंग वाला गेट एवं निकट पार्किंग क्षेत्र व शिवौतार सिंह डिप्टी कलेक्टर (9358882271) राजकीय इंटर कालेज अयोध्या फ्लाई ओवर पुल के पास तिराहा व कार्मिक प्रवेश द्वार पर ड्युटी लगायी गयी है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने आगे बताया कि नगर मजिस्टेज्ट अयोध्या (9454416111) कार्यक्रम व सम्पूर्ण नगर क्षेत्र की शांति सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के प्रभारी होंगे। अपर जिला मजिस्टेज्ट (नगर) (9454416100) एवं अपर जिला मजिस्टेज्ट प्रशासन (9454416101) अपने-अपने क्षेत्र की शांति व्यवस्था के प्रभारी होंगे, जो काउण्टर पार्ट अपर पुलिस अधीक्षक नगर (9454401048) एवं अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण (9454401049) से समन्वय स्थापित कर शांति व्यवस्था सुनिश्चित करायेंगे।

# प्रशासनिक अधिकारी समेत छः को उम्रकैद की सजा

जिला संवाददाता(vol)

**अयोध्या।** शहर के साहबगंज मोहल्ले का बहुचर्चित विजय कुमार गुप्ता हत्याकांड में कलेक्ट्रेट के प्रशासनिक अधिकारी रामकृष्ण तिवारी उर्फ बड़कन, भाजपा नेता श्रीकृष्ण तिवारी उर्फ छोटकन, गगन श्रीवास्तव उर्फ गोगा, साजिद व अजय कुमार द्विवेदी समेत 6 लोगों को गैंगस्टर और हत्या समेत अन्य धाराओं में दोषी पाते हुए कठोर आजीवन कारावास की सजा सुनाई गयी है साथ ही दोष सिद्ध सभी हत्या अभियुक्तों पर 23-23 साल की भी सजा दी गयी है। इसी के साथ प्रत्येक अभियुक्तों पर 96 हजार रुपए का जुमार्ना भी ठोंका गया है। जुमार्ने की रकम में से 80 फीसदी वादी मुकदमा को प्रतिकर के तौर पर देने का आदेश भी दिया गया है। यह फैसला विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट के न्यायाधीश मोहिंदर कुमार की अदालत से सोमवार को भरी अदालत में सुनाया गया। यह घटना अयोध्या जनपद के नगर कोतवाली अन्तर्गत साहबगंज मोहल्ले का 24 साल पुराना है। गैंगस्टर कोर्ट के विशेष लोक अभियोजक विकास शुक्ला और

- अभियुक्तों को भुगतनी होगी 23 साल की भी सजा
- प्रत्येक अभियुक्तों पर 96 हजार रूपया का जुर्माना भी
- विजय गुप्ता हत्याकांड में दोष सिद्ध

जितेंद्र तिवारी ने अभियुक्तों को सजा दिलाने में जोरदार पैरवी किया। अभियोजन पक्ष के मुताबिक घटना 25 अप्रैल सन 2000 की शाम 7 बजे की है। कोतवाली नगर के साहबगंज मोहल्ला निवासी श्यामसुंदर गुप्ता के भतीजे विश्वनाथ और गगन उर्फ गोगा श्रीवास्तव के बीच पान खाकर थूकने के मामले को लेकर विवाद हो गया। गोगा ने यह बात जाकर अपने घर बताया। वहां से श्रीकृष्ण तिवारी, रामकृष्ण तिवारी जो अब कलेक्ट्रेट में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के पद पर तैनात हैं व उनके भाई राजन उर्फ. हरिकृष्ण तिवारी, भाजपा नेता श्रीकृष्ण तिवारी उर्फ छोटकन, गगन उर्फ गोगा श्रीवास्तव, साजिद तथा अजय कुमार द्विवेदी असलहा व तलवार से लैस होकर घटनास्थल पर पहुंचे और लाइसेंसी बंदूक तथा तमंचे से ताबडतोड़ फायरिंग करके विजय कुमार गुप्ता और और वादी श्याम सुंदर के पिता अयोध्या कुमार गुप्ता को जख्मी कर दिया। परिजनों ने घायल अवस्था में दोनों को जिला चिकित्सालय पहुंचाया जहां विजय कुमार को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया जबकि अयोध्या कुमार गुप्ता का कई दिनों तक इलाज जिला चिकित्सालय में चला। घटना से भयभीत आसपास के दुकानदारों में भगदड़ मच गयी दहशतजदा दुकानदारों ने अपनी दुकान बंद कर दी और घटना की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने मामले में गिरोह बंद अधिनियम के तहत कार्रवाई भी सभी आरोपियों पर की थी। इसकी रिपोर्ट मृतक के पिता श्याम सुंदर गुप्ता ने सभी के खिलाफ जानलेवा हमला, हत्या, जान से मारने की धमकी देने समेत अन्य धाराओं में यह मुकदमा नगर कोतवाली में अपराध संख्या 501/2000 के अन्तर्गत लिखाई थी। विवेचना के बाद पुलिस ने सभी धाराओं में आरोप पत्र अदालत में प्रस्तुत किया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने सभी 6 गैंगस्टर अभियुक्तों को जानलेवा हमला, हत्या तथा गैंगस्टर अधिनियम के तहत दोषी पाते हुए न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया था। सोमवार को सजा के प्रश्न पर सुनवाई के बाद सभी को अभियुक्तों को हत्या की धारा 302 में कठोर आजीवन कारावास और 50 हजार रूपया जुमार्ना, 307 में 10 साल का कठारे कारावास और 30 हजार रूपया जुमार्ना, 504 में एक साल की सजा व एक हजार रूपया जुमार्ना, 506 में दो की सजा व दो हजार रूपया जुमार्ना, 7 क्रिमिनल एक्टर में 6 महा की सजा व 500 रूपया जुमार्ना, गैंगस्टर एक्ट में पाच साल की सजा व 5 हजार रूपया जुमार्ना तथा 147 व 148 में दो साल व तीन साल की सजा और 7 हजार रूपया जुमार्ना किया गया है। इसी के साथ वादी मुकदमा को जुमार्ने की 80 प्रतिशत धनराशि को प्रतिकर के रूप में देने का भी आदेश दिया गया है। न्यायाधीश ने सजा सुनाने के पश्चात सभी गैंगस्टर अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में लेकर कड़ी सुरक्षा के बींच जेल भेज दिया। इसके पहले सभी अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल से न्यायालय में सोमवार को पेश किया गया था।

## प्रेक्षकों ने डीएम व एसपी के साथ किया गल्ला मण्डी परिसर का भ्रमण

**बहराइच।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की मतगणना प्रक्रिया को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त किये गये प्रेक्षकों अनिल राज राय, अमनदीप बंसल व सुश्री रूपाश्री के0 ने जिलाधिकारी मोनिका रानी, पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला व अन्य अधिकारियों के साथ नवीन कृषि उत्पादन मण्डी समिति सलारपुर का निरीक्षण कर मतगणना हेतु विधानसभावार की गई तैयारियों का जायजा लेते हुए व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा, ग्रामीण के डॉ. पवित्र मोहन त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# 2024 का लोकसभा चुनाव जनता ने स्वयं लड़ा है: डॉ.पीएल पुनिया



**बाराबंकी।** देश में इण्डिया गठबन्धन की सरकार बनेगी। 4 जून को सारे एग्जिट पोल झूठे साबित होंगे। इण्डिया गठबन्धन 295 प्लस सीटें जीत कर सरकार बनायेगा। 2024 का लोकसभा चुनाव जनता ने स्वयं लड़ा है। इण्डिया गठबन्धन के नेताओं

- इंडिया गठबंधन नेताओ ने की प्रेस वार्ता

कार्यकताओं की पल-पल पर निगाह है। भाजपा दबाव बनाने का काम करेगी। लेकिन मेरा मानना है कि प्रशासन दबाव में न आकर बिना भेदभाव के निष्पक्ष रूप से अपना काम करेगा। उक्त बात कांग्रेस पार्टी की केन्द्रीय चुनाव संचालन समिति सदस्य, पूर्व सांसद डा0 पी0एल0 पुनिया ने ओबरी आवास पर मतगणना के पूर्व इण्डिया गठबन्धन नेताओं के साथ आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान मीड़िया से रुबरु होते हुये व्यक्त किये। प्रेस वार्ता मे रामनगर के विधायक फरीद महफूज किदवई ने कहा कि देश मे दिखाये जा रहे एग्जिट पोल के नतीजे झूठे हैं।

पूरी दुनिया के एग्जिट पोल देश में इण्डिया गठबन्धन की सरकार बना रहे हैं। इण्डिया गठबन्धन के कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया ने सबका आभार व्यक्त करते हुये कहा कि सम्पूर्ण बाराबंकी संसदीय क्षेत्र में एकजुट होकर चुनाव लड़ा है। और जिसका नतीजा कल 4 जून को आपके सामने होगा।

प्रेस वार्ता के दौरान पूर्व सांसद रामसागर रावत, जैदपुर, विधायक, सदर विधायक धर्मराज यादव, सपा जिलाध्यक्ष मो0 हाफिज अयाज, कांग्रेस जिलाध्यक्ष मो0 मोहसिन, पार्टी प्रवक्ता सरजू शर्मा मौजूद रहे।

# टेक्नोलॉजी के जरिए दिखेगा राम मंदिर का इतिहास

जिला संवाददाता(vol)

**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या के सरयू तट स्थित अंतरराष्ट्रीय श्रीराम कथा संग्रहालय में म्यूजियम को टेक्नोलॉजी के जरिए दिखाये जाने का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। राम मंनिदर निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि नए सिरे से गैलरी के निर्माण का कार्य 9 माह में पूर्ण कर लिया जाए। जिसके म्यूजियम में भगवान राम से सम्बंधित सभी वस्तुएं टेक्नोलॉजी से नई शैली में दिखाने का प्रयास किया जाएगा। वहां मंदिर की खुदाई में मिले अवशेषों को भी रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि कितने संघर्षों के बाद मंदिर का निर्माण हुआ है। 500 वर्षों का जो संघर्ष रहा है उसे भी म्यूजियम के माध्यम से दिखाने का प्रयास किया जाएगा।

वहीं भव्य राम मंदिर के प्रथम तल पर संगमरमर से बने रामदरबार की मूर्तियों को स्थापित किया जाएगा। इसके साथ ही परकोटे में बनने वाले 6 मंदिर और जन्मभूमि परिसर में शेषावतार, सप्त ऋषियों के मन्दिरों के गर्भगृह में मूर्तियों के निर्माण की तैयारी भी शुरू हो गई है। इन मूर्तियों को भी संगमरमर की शिलाओं से बनाया जाएगा। जिसकी डिजाइन प्रसिद्ध चित्रकार वासुदेव कामत के द्वारा तैयार किया जा रहा है। राम मंदिर पर प्रथम तल के बाद के निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया तो वहीं मंदिर के 800 मीटर की परिधि में बनाये जा रहे परकोटे में भी छह मंदिरों के निर्माण कार्य की समीक्षा प्रत्येक माह में किया जा है। रविवार की शाम मूर्तिकारों के साथ भी मंथन किया गया था। अगले दिन की बैठक से पूर्व निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेन्द्र मिश्रा ने कहा कि निर्माण का एक लक्ष्य है कि दिसंबर 2024 तक मंदिर पूर्ण होना है। मंदिर के निर्माण की समीक्षा की विशेष बैठक बहुत ही महत्वपूर्ण है। वह यह है कि जो सप्त मंदिर है उसे हम अक्टूबर माह तक पूरा करना चाहेंगे। वहीं दूसरा जो महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया कि 25 वर्ष पुराने शेषावतार मंदिर की पुरानी आधारशिला परीक्षण में उपयुक्त नही पाया गया। जिस पर निर्णय लिया गया की आधारशिला को नए सिरे से रखी जाए साथ ही परिसर में ऑडिटोरियम के लिए जुलाई के प्रथम सप्ताह में फाउंडेशन का कार्य शुरू हो जाएगा। जिसे लगभग 12 महीने में पूर्ण कर लिया जाएगा। जहां भगवान राम से संबंधित सभी कार्यक्रम संपन्न किए जाएंगे। वहीं पर साधु संतों के लिए एक विश्रामालय का निर्माण भी किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि सप्त मंडपम के लिए जयपुर से संगमरमर को खरीदा जा रहा है। और संभवत वही के शिल्पकार निर्माण भी करेंगे। वहीं परकोटा के 6 मंदिर को भी पंचायतन के आधार पर संगमरमर से बनाया जाएगा लेकिन जो भगवान शिव का मंदिर है वह संगमरमर का नहीं होगा। उसके लिए विचार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रथम तल पर विराजमान होने वाले राम दरबार की मूर्ति संगमरमर की होगी।

# सीमित जगह में भी हॉकी खेली और सीखी जा सकती है: तनुज पुनिया



जिला संवाददाता(vol)

**बाराबंकी।** हमारा राष्ट्रीय खेल हॉकी है। और इसे गांव-गांव तक

- नि:शुल्क हॉकी समर कैंप का खिलाड़ियो से परिचय प्राप्त कर किया शुभारंभ

पहुंचाना प्रत्येक भारतीय का कर्तव्य होना चाहिए। निश्चित रूप में संसाधनों का अभाव है और खेल मैदान की कमी है। आज सीमित जगह में भी हॉकी खेला और सीखा जा सकता है। मौका मिलने पर किसी भी प्लेटफार्म पर जाकर खिलाड़ी अपना बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। बाराबंकी के खिलाड़ियो ने यह साबित करके भी दिखाया है। उक्त बात नगर पंचायत बंकी स्थित खेल मैदान में गांधी जयन्ती समारोह ट्रस्ट के तत्वाधान मे महात्मा गांधी स्पोर्टस क्लब के अर्न्तगत संचालित निःशुल्क हॉकी समर कैंप का शुभारम्भ खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए उ0प्र0 कांग्रेस के प्रदेश महासचिव तनुज पुनिया ने कही। समर कैंप में वरिष्ठ राष्ट्रीय खिलाड़ी सलाहउद्दीन किदवई ने बच्चों को हाकी की बारीकियां बताई। तथा हाकी के पुरोधा मेजर ध्यानचन्द और के0डी सिंह बाबू के बारे में बताया। इस मौके पर राष्ट्रीय खिलाड़ी मुजीब अहमद, राजनाथ मनीष गौतम आदि मौजूद रहे।

# दरगाह मेला परिक्षेत्र के लिए नामित किये गये मजिस्ट्रेट

जिला संवाददाता(vol)

**बहराइच।** जिला मजिस्ट्रेट के निर्देश पर सै. सालार मसऊद गाजी की दरगाह पर 30 मई से 30 जून 2024 तक चलने वाले वार्षिक जेठ मेला-2024 में शान्ति व्यवस्था सुनिश्चित कराने हेतु अधिकारियों की ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में लगायी जाती है। मेला में कानून एवं शान्ति व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने निम्नलिखित अधिकारियों की ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में निर्धारित स्थल पर लगायी जाती है।

रेड जोन स्थल चैकी मजार शरीफ के लिए जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी वी.पी. सत्यार्थी व अधि. अभि. स.ड्रे.ख. प्रथम जय प्रकाश वर्मा, पुलिस चैकी टाडा बगिया के लिए अधि. अभियन्ता सरयू नहर खण्ड-4 संदीप कुमार, व सहा. अभि. स.न.ख-3 सौरभ सिंह, पुलिस चैकी ठाकुर बाग के लिए ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक सुनील कुमार, सहा. अभि. स.न.ख-3 अनुपम सिंह को मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात किया गया है। इनके प्रभारी निरीक्षक पुलिस लाइन ब्रम्हा गौड़ होगें।

ऐलो जोन पुलिस चैकी कदम रसूल के लिए बाल विकास परियोजना अधिकारी चित्तौरा शिव शरण सैनी पुलिस चैकी नुमाइश के लिए सहा.अभियन्ता सरयू नहर खण्ड-3 राणा प्रताप यादव व बाल विकास परियोजना अधिकारी अनिल कुमार को मजिस्ट्रेट नामित किया गया है।

इसी प्रकार दरगाह परिसर में जिलाधिकारी कैम्प कार्यालय/कन्ट्रोल रूम जिला गन्ना अधिकारी आनन्द कुमार, सहायक चकबन्दी अधिकारी कौशल कुमार, अधि. अभि. स.न.ख.-1 हर्ष कुमार, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी संजय मिश्रा, जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर, सहायक अभि. स.ड्रे. ख. प्रथम योगेश कुमार सागर, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक मनोज कुमार उपाध्याय व बीडीओ रिसिया रणजीत को मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात किया गया है। इनके प्रभारी निरीक्षक पुलिस लाइन मोहम्मद हंजल अंसारी होगें।

ग्रीन जोन पुलिस चैकी चुंगी नाका के लिए सहा. अभि. स.ड्रे.ख.-7 विवेक बरनवाल, रेलवे क्रासिंग, सहायक अभि. स.ड्रे. ख. प्रथम सुमित सचान, बीबी जौहरा, सहा. अभि. स.न.ख.-5 गोविन्द जी कल्लौल, पलरी बाग सहा. अभि. स.ड्रे.ख.-1 बजरंग बहादुर पाल, नूसी क्लीनिक सहा. अभि. स.न.ख.-1 सन्दीप चैहान, गुल्लावीर रेलवे क्रासिंग सहा. अभि. स.न.ख.-4 महेश राम, अनारकली सहा. अभि. स.न.ख. पलट नरायन व सहा. अभि. ग्रा.अभि.वि. नौमी लाल, सरबतही मस्जिद सहा. प्र.जि.उद्योग प्रोत्साहन जगदीश यादव, सुहेलदेव के लिए बीडीओ चित्तौरा राज किशोर, हठीला सहा.वि.अधि. चित्तौरा अशोक कुमार श्रीवास्तव व अधि. अभि. स.न.ख.-1 प्रशान्त गौतम को मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात किया गया है। इनके प्रभारी निरीक्षक अपराध विनोद कुमार राव होगें।

उपरोक्तानुसार तैनात मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया जाता है कि मेला से सम्बन्धित प्रमुख मार्गो एवं स्थलों तथा दरगाह मेला परिसर के अन्दर/जिलाधिकारी कैम्प कार्यालय के कन्ट्रोल रूम में तैनात अधिकारी कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपने दायित्वों का समुचित निर्वहन सुनिश्चित करेगें।

समस्त तैनात मजिस्ट्रेट, अपने-अपने क्षेत्र में किसी भी जायरीन के बीमार पड़ने पर मुख्य चिकित्साधिकारी बहराइच (मो0नं0-9454455262) से सम्पर्क स्थापित कर तत्काल समुचित उपचार हेतु प्रभावी कार्यवाही कराना सुनिश्चित करायेगे। मेला परिसर में किसी भी स्थान पर गन्दगी दृष्टिगोचर होने पर तत्काल अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद बहराइच (मो0नं0-8189078341) से सम्पर्क स्थापित कर समुचित साफ-सफाई कराया जाना सुनिश्चित करेगे। मेला परिसर में कहीं भी अग्निकाण्ड की स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल मुख्य अग्निशमन अधिकारी, बहराइच (मो0नं0-9454418331) से सम्पर्क स्थापित कर अपेक्षित कार्यवाही करना सुनिश्चित करेगे। मेले में तैनात अधिकारी आकस्मिक चेकिंग के दौरान अनुपस्थित पाये जाने पर उनके विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी।

जबकि नगर मजिस्ट्रेट मेला प्रभारी रहेगें। अपर जिला मजिस्ट्रेट जेठ मेला के ओवर आल प्रभारी तथा अपर पुलिस अधीक्षक नगर ओवर आल सह पुलिस प्रभारी रहेंगे जो मेले में तैनात सभी अधिकारियों से समन्वय रखते हुए शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत कड़ी निगरानी रखेंगें।

## रेलयात्रियों को पिलाया शीतल जल व मिष्ठान



**बाराबंकी।** भीषण गर्मी मे रेलयात्रियो को मिष्ठान-जल पिलाने का कार्यक्रम अश्वमेघ यज्ञ की तरह सभी स्टेशनो पर आयोजित हो रहा है। जिससे आम जनता इसको रेलमेघ यज्ञ नाम से जानने लगी है। उक्त विचार धर्मजागरण धाम संस्था संयोजक अधिवक्ता अमित अवस्थी के नेतृत्व मे आयोजित मिष्ठान-जल वितरण कार्यक्रम के दौरान धर्मसेवको को सम्बोधित करते हुये जिला परियोजना प्रमुख डॉक्टर तेज नारायण वर्मा ने व्यक्त किये। संयोजक अधिवक्ता श्री अवस्थी के नेतृत्व मे आज धर्मसेवको ने सफेदाबाद रेलवेस्टेशन पर लखनऊ-अयोध्या के बीच आने-जाने वाली ट्रेनों के यात्रियों मे पेठा, बताशा सहित शीतल जल वितरण किया गया। इस अवसर पर सफेदाबाद स्टेशन समन्वयक अधिवक्ता कृष्ण गोपाल गौतम, प्रवेश शुक्ल, संजीव वर्मा, अमित शुक्ल, सुशील कुमार गौतम, हरिश्चंद्र पांडेय, सचिन प्रताप सिंह, नरेन्द्र कुमार त्रिपाठी, शैलेंद्र श्रीवास्तव, सौरभ अवस्थी, राजेंद्र प्रसाद यादव आदि मौजूद रहे।

## लोक अदालत को लेकर डीएलएसए सचिव ने की बैठक



**बाराबंकी।** राजस्व न्यायालयों पर विचाराधीन वाद/प्री-लिटिगेशन वाद, विभिन्न विभागों में लम्बित पेंशन, जी0पी0एफ0 से संबंधित मामलों के अधिक से अधिक निस्तारण कराये जाने एवं लोक अदालत का व्यापक प्रचार प्रसार कराये जाने को लेकर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह ने बैठक की। बैठक मे सचिव श्री सिंह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आगामी 13 जुलाई राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन को लेकर विस्तृत जानकारी दी। तथा प्रशासनिक स्तर पर लोक अदालत का प्रचार प्रसार लेखपाल, आशा बहू, आगंनबाड़ी कार्यकर्ती आदि से कराने, विभिन्न स्कूलों के बच्चों के सहयोग से प्रभात फेरी, मनोरंजन विभाग द्वारा नुक्कड़ नाटक, समाचार पत्रों, पत्रिकाओं मे व्यापक प्रचार प्रसार कराने हेतु सुझाव दिये। बैठक में तहसीलदार रामनगर महिमा मिश्रा, तहसीलदार रामसनेहीघाट वैशाली अहलावत, सीमा भारती, तहसीलदार फतेहपुर अभिषेक कुमार नायब मौजूद रहे।

## कार्मिकों को द्वितीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न



**बाराबंकी।** जीआईसी ऑडिटोरियम में सामान्य लोकसभा चुनाव 2024 की मतगणना में लगे कार्मिकों को द्वितीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सामान्य प्रेक्षक आर0 आर दामोर व जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येन्द्र कुमार की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सामान्य प्रेक्षक श्री दामोर ने मतगणना कार्मिको को संबोधित करते हुए कहा कि सभी मतगणना कार्मिक निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतगणना सम्बन्धी सभी प्रोसीजर फॉलो करें और किसी भी प्रकार की कोई त्रुटि न होने पाए। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुमार ने कहा कि सभी मतगणना कार्मिक मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त करे। मतगणना के दौरान शतप्रतिशत पारदर्शिता बरती जाये। मतगणना में लगे एजेंट को सभी डेटा नोट कराते हुए मतगणना सम्पन्न करें। कोई भी समस्या आने पर एआरओ को तुरन्त सूचित करें। मतगणना प्रक्रिया में लगे सभी अधिकारी व कर्मचारी समय से मतगणना केंद्र नवीन मंडी परिसर पर पहुँचे। जिससे मतगणना की प्रक्रिया समय से शुरू की जा सके। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अ0 सुदन, ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट काव्या सी, एडीएम अरुण कुमार सिंह, एडीएम न्यायिक इंद्रसेन, परियोजना निदेशक डीआरडीए मनीष कुमार, मास्टर ट्रेनर आशीष पाठक मौजूद रहे।

## मासूम से दुष्कर्म कर हत्या करने वाले आरोपी को मिली फांसी की सजा



**बहराइच।** जनपद बहराइच मे मासूम के दुष्कर्म कर हत्या करने वाले आरोपी को फास्ट्रेक कोर्ट के द्वारा फांसी की सजा सुनाई गई है, जिले की पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने बताया कि 21 फरवरी 2024 को कैसरगंज थाना क्षेत्र के एक गाँव मे घर के बाहर खेल रही 6 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ गांव के ही एक युवक के द्वारा जबरन दुष्कर्म कर हत्या कर दिया गया था, मुकदमा लिखें जाने के बाद से लगातार इस मामले में पुलिस के द्वारा मजबूत पैरवी की जा रही थी, पुलिस के द्वारा की गयी मजबूत पैरवी और घटना मे मिले पर्याप्त सुबूतों के आधार पर पाकसो एक्ट न्यायलय दीपकान्त मणि ने दुष्कर्म के आरोपी राजेश उर्फ लाला को फांसी की सजा और एक लाख 10 हजार का जुमार्ना लगाया है, पुलिस की तत्परता एवं न्यायलय के द्वारा दिए गए फैसले की हर तरफ तारीफ की जा रही है।

## मतगणना कार्मिकों का सम्पन्न हुआ द्वितीय रैण्डमाइजेशन



**बहराइच।** लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 की मतगणना कार्य के लिए जनपद बहराइच में नियुक्त किये गये प्रेक्षकों अनिल राज राय, अमनदीप बंसल व सुश्री रूपाश्री के0, जिलाधिकारी मोनिका रानी व मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर की मौजूदगी में मतगणना कार्मिकों का विधानसभावार द्वितीय रैण्डमाईजेशन जिला सूचना विज्ञान केन्द्र, बहराइच में सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर डीएम मोनिका रानी ने बताया कि ईवीएम की मतगणना हेतु 04 सदस्यीय टीम में 01-01 माइक्रो आब्जर्वर, गणना सुपरवाईजर, गणना सहायक व चतुर्थ श्रेणी कार्मिक होंगे। डीएम ने बताया कि प्रत्येक विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र हेतु 14 गणना टेबल, एआरओ टेबल हेतु 02 व रिजर्व में 03-03 टीमों को रखा गया है। इस प्रकार 07 विधानसभा क्षेत्रों के लिए कुल 532 गणना कार्मिक लगाये गये है। जबकि पोस्टल मतपत्रों की गणना 02 टेबल पर होगी। इस कार्य के लिए 02 रिजर्व सहित 04 गणना टीमें गठित की गईं हैं।

संक्षेप

## जेल में बंद हिस्ट्रीशीटर की मौत

सुलतानपुर (वीओएल)। जिला कारागार में बंद विचाराधीन कैदी की सोमवार को संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गयी। उसे बुखार होने पर मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर लाया गया था। मृतक पर मोतिगरपुर थाने का हिस्ट्रीशीटर है औ उसपर नौ केस दर्ज हैं। मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के बढ़ौनाडीह भटपुरवा गांव का निवासी शुभम वर्मा (28) मारपीट के एक मुकदमें में फरवरी महीने से जेल में बंद था। सोमवार को अचानक उसका स्वास्थ्य खराब हुआ। जेल प्रशासन उसे लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचा। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सीएमएस डा. एसके गोयल ने बताया कि कैदी शुभम को जेल से ही ब्रॉड-डेड स्थिति में लाया गया था।

## किशोरी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

खीरो ,रायबरेली। थाना क्षेत्र के पाहो गांव में सोमवार की दोपहर 3 बजे परिजनों की डांट से नाराज 17 वर्षीय किशोरी लक्ष्मी पुत्री शिवनरेश ने घर के अंदर पंखे के हुक में साड़ी से फांसी लगाकर आत्म हत्या कर लिया ।घटना की जानकारी होते ही परिजनों ने साड़ी काटकर उसे नीचे उतारा । तब तक उसकी मौत हो चुकी थी । घटना की सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया ।मृतका कक्षा 8 तक पढ़ाई करने के बाद घर मे रहती थी । परिजनों के अनुसार मामला प्रेम प्रसंग का है ।पाहो गांव निवासी शिवनरेश की 17 वर्षीय पुत्री लक्ष्मी का गांव के एक युवक से प्रेम प्रसंग था । सोमवार को युवक बाहर से गांव आकर मृतका से मिलने उसके घर आ गया ।जहां दोपहर बाद मृतका के पिता ने उसे देखकर दोनों को डांट लगायी ।इसके बाद वह घर से बाहर चला गया ।तथा करीब 5 बजे जब वह घर वापस आया ।जहां लक्ष्मी को घर के अंदर पंखे के हुक में साड़ी के सहारे लटका देखकर उसके होश उड़ गए ।पिता ने पड़ोसियों के सहयोग से साड़ी काटकर उसे नीचे उतारा । तब तक उसकी मौत हो चुकी थी ।मृतका किशोरी की मां स्व0 राम सखी की 12 वर्ष पूर्व मृत्यु हो जाने के कारण किशोरी ही घर के कामकाज के साथ अपने छोटे भाइयो आयुष 7 वर्ष , अनुभव 5 वर्ष , छोटी बहन रागिनी , कल्पना , चांदनी की परवरिश करती थी ।लक्ष्मी की मौत के बाद सभी का रोरोकर बुरा हाल है ।प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र भदौरिया ने बताया कि मृतका के पिता की सूचना पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है ।घटना की जांच के बाद आवश्यक कार्यवाही की जाएगी ।

## भैंस चोरी की रिपोर्ट दर्ज,सुराग लगाने मे पुलिस नाकाम

जगदीशपुर,अमेठी ।तीन दिन पूर्व हुई दो भैंसो की चोरी की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद सुराग लगाने मे पुलिस नाकाम साबित हो रही है जिसके चलते भुक्तभोगी ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया। थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक (वारिसगंज)के अंतर्गत स्थित पूरे शंकर सिंह मजरे मटियारी कलां निवासी अचल बहादुर की ट्यूबवेल पर बंधी दो भैंसो को अज्ञात चोर लेकर फरार हो गए थे जिसकी तहरीर भुक्तभोगी द्वारा थाने मे देने के पश्चात पुलिस ने मुकदमा तो दर्ज कर लिया परंतु अबतक सुराग लगाने मे नाकाम साबित हो रही है जिसके चलते भुक्तभोगी ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया। इस संबंध मे पुलिस ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर छानबीन जारी है जल्द ही चोरी का खुलासा हो जाएगा ।

## किसान की मौत

आंवला-बरेली। थाना क्षेत्र के गांव दिगोई में गन्ने के खेत में लगे तार में करंट छोड़ा हुआ था जिसकी चपेट में आने से 33 वर्षीय व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव पोस्टमार्टम को भेजा है। ग्राम दिगोई निवासी विक्रम पुत्र रामप्रसाद 33 वर्ष रात्रि में अपने खेत में लगी मक्का में पानी लगाकर आया था। वह सोमवार की सुबह अपने दूसरे खेत में शिवाला देखने गया था। मृतक के चाचा ओमपाल ने बताया कि वहीं पास में दूसरे के खेत जोकि गन्ना का है जिसमे तार लगा हुआ था और तारों में करंट था। उसे इस बात का पता नहीं था। वह जैसे ही अपने खेत में गया तभी बिजली के करंट की चपेट में आ गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेजा है। मृतक के चाचा ओमपाल और पत्नी पुनीता ने बताया मृतक के छह बच्चे हैं जिसमें एक पुत्र और पांच पुत्रियां हैं।

# जिले का कौन होगा सांसद राहुल या दिनेश

## सुबह आईटीआई परिसर में शुरू होगी मतगणना, पांच विधानसभा की होगी काउंटिंग

जिला संवाददाता (vol)





**रायबरेली।** देश की राजनीति में बड़ा महत्व रखने वाली जिले की संसदीय सीट पर आज तय हो जाएगा कि जनता का मत सबसे अधिक किसको मिला है। जिले में एक बार फिर से कांग्रेस के हाथ में सीट रहेगी या फिर इस बार भाजपा फतेह करने में कामयाब रहेगी। इस बार जिले से संसदीय सीट में प्रमुख मुकाबला कांग्रेस महासचिव राहुल गांधी और राज्य के स्वतंत्र मंत्री दिनेश प्रताप सिंह के बीच में हैं। जिले में इस बार 20 मई को मतदान हुआ था। पांच विधानसभा सीटों पर हुई वोटिंग में इस बार 10 लाख से अधिक मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया है। बता दें, साल 2019 में कांग्रेस उत्तर प्रदेश की इकलौती सीट थी, जहां से कांग्रेस जीती थी। सोनिया गांधी यहां से लगातार चैथी बार जीतकर सांसद बनी थीं। रायबरेली के अलावा यूपी की किसी और सीट पर कांग्रेस का खाता तक नहीं खुला था। राहुल गांधी खुद अमेठी की अपनी सीट हार गए थे। हालांकि वायनाड से जीतने में सफल रहे थे। राज्यसभा से सांसद बनने की वजह से इस बार सोनिया गांधी मैदान में नहीं हैं। वे लोकसभा का चुनाव नहीं लड़ रही हैं। उन्होंने जिले की जनता से बहुत ही मार्मिक अपील करते हुए जनता से कहा था कि मैं आपको अपना बेटा सौंप रही हूं। राहुल आपको निराश नहीं करेंगे। सोनिया गांधी की अपील का असर जिले की जनता में कितना पड़ा है, यह तो आज पता चल जाएगा। जिले में उनके हुए चुनावी कैंपेन में रायबरेली के राहुल नाम से स्लोगन के साथ में पोस्टर भी लगे थे। वहीं, दूसरी तरह दिनेश प्रताप सिंह आपके घर का बेटा नाम से स्लोगन चला था। जिले की जनता ने किसको स्वीकार किया है, यह आज मत खुलते ही दोपहर तक पता चल जाएगा।

### एक्जिट पोल में राहुल गांधी की जीत

कांग्रेस नेता राहुल गांधी रायबरेली सीट से चुनाव जीत सकते हैं। एग्जिट पोल की मानें तो राहुल गांधी कांग्रेस की पारंपरिक सीट रायबरेली को न सिर्फ बचाने में कामयाब रहेंगे, बल्कि अच्छे-खासे मार्जिन से चुनाव जीतने में सफल होंगे। बता दें कि बीजेपी ने रायबरेली में राहुल गांधी के मुकाबले दिनेश प्रताप सिंह को मैदान में उतारा है। उनकी भी क्षेत्र में अच्छी पकड़ है। इसके बावजूद एग्जिट पोल का अनुमान है कि यह सीट कांग्रेस के खाते में जाएगी। उनकी मार्जिन जीत की कितनी रहेगी यह भी एक बड़ा सवाल इस लोकसभा चुनाव में हैं।

### कांग्रेस का गढ़ कही जाती है रायबरेली की सीट

जिले की लोकसभा सीट पहले लोकसभा चुनाव से ही कांग्रेस का गढ़ रही है। 1951-52 में रायबरेली अलग सीट नहीं थी। तब रायबरेली और प्रतापगढ़ को मिलाकर एक सीट हुआ करती थी। पहले चुनाव में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के पति फिरोज गांधी यहां से चुनाव लड़े और सांसद बने। फिर 1957 जब रायबरेली अलग सीट बनी तब भी फिरोज गांधी ने इसी सीट से चुनाव लड़ा और जीतकर संसद पहुंचे। साल 1966, 1971, 1977 और 1980 में इंदिरा गांधी लगातार चार बार यहां से सांसद बनीं। इसके बाद वर्ष 2004 के लोकसभा चुनाव में सोनिया गांधी ने अमेठी सीट को छोड़कर जिले से चुनाव लड़ने का निश्चय किया था। तब से वे अनवरत जिले से सांसद का चुनाव जीतकर जाती रही। अब तक पहले लोकसभा चुनाव से लेकर 2019 में हुए आखिरी चुनाव तक कुल 16 बार कांग्रेस के उम्मीदवार इस सीट से जीत चुके हैं। सिर्फ तीन बार ऐसा मौका आया, जब कांग्रेस को सीट पर हार मिली है।

# एग्जिट पोल की आज खुलेगी पोल

## सपा प्रवक्ता मुहम्मद साजिद ने कहा : केंद्र में सरकार बनना तय



बरेली । केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। यूपी और देश की जनता ने भाजपा को नकार दिया है। यह बात सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता मुहम्मद साजिद ने कहीं। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने एग्जिट पोल को सरकार के एग्जिट पोल बताया। सरकार के खौफ में एग्जिट पोल देने वालों ने हमेशा भाजपा सरकार का गुणगान किया है। मगर, अब आज (मंगलवार) को एक्जिट पोल की सत्यता सामने आ जाएगी। केंद्र की 10 वर्ष की सरकार में कभी एमएसपी एवं अन्य मांगों को लेकर प्रदर्शन करने वाले किसानों पर सरकार की जुल्म ज्यादती को नहीं दिखाया।

उन्होंने कहा कि पीएम के किसानों की आय दोगुनी जुमले पर चर्चा नहीं की। 13 महीने से मणिपुर में बवाल है, देश का 83 फीसद युवा बेरोजगार है, महंगाई 50 फीसद से अधिक बढ़ गई। देश की जीडीपी का 57 फीसद कर्ज बढ़ गया। भारतीय रुपए के मुकाबले डॉलर 84 रुपये से अधिक पहुंच चुका है। हर महीने 2 से 3 लाख भारतीय देश छोड़ रहे हैं। मगर, एक्जिट पोल देने वाली मीडिया ने कभी देश के गंभीर मुद्दों पर चर्चा नहीं की। इस बार यूपी से लेकर देश के मतदाताओं ने संविधान, आरक्षण, और लोकतंत्र बचाने, बेरोजगारी और महंगाई खत्म करने को मतदान किया है।

इंडिया गठबंधन के पांच के बजाय 10 किलो राशन, महिलाओं के खाते में एक लाख प्रति वर्ष डालने के लिए वोट किया है। समाजवादी पार्टी ने हर लोकसभा सीट के 10 से 15 हजार कार्यकताओं से रिपोर्ट ली है। इसमें हम यूपी में 50 से 60 सीट जीत रहे हैं। एग्जिट पोल में सिर्फ कुछ चुनिंदा लोगों से ही पूछा जाता है। क्या बेरोजगार युवा, महिलाओं और किसानों से एक्जिट पोल पर पूछा है ?। ये सब एक्जिट पोल सिर्फ भ्रम पैदा करने को सेट किए गए हैं। देश की जनता ने इंडिया गठबंधन के पक्ष में मतदान किया है। इंडिया गठबंधन की सरकार बन रही है। हम लोग ईवीएम मशीनों पर निगाह रख रहे हैं। काउंटिंग ईमानदारी से होती है, तो इंडिया गठबंधन को करीब तीन सौ सीटें मिलेंगे।

# एग्जिट पोल झूठा व भ्रामक : वीरेन्द्र यादव



रायबरेली। समाजवादी पार्टी एवं कांग्रेस पार्टी की संयुक्त प्रेसवार्ता शहर के एक होटल में आयोजित की गयी। प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष इं0 वीरेन्द्र यादव ने कहा कि जमीनी हकीकत यह है कि 2024 का लोकसभा चुनाव भाजपा शासित केन्द्र सरकार की जन विरोधी नीतियों बढती हुई महंगाई, बेरोजगारी, संवैधानिक संस्थाओं के दुरूपयोग संविधान बदलने की साजिश कानून व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति जैसे अनेंक कारणों से दुःखी स्वयं जनता ने लड़ा है। एन.डी.ए. की गिरती साख व इंडिया गठबन्धन की बढ़ती लोकप्रियता के कारण 2024 का चुनाव हारता देख केन्द्र की भाजपा सरकार बौखला गई है। भाजपा ऐन केन प्रकारेण धन बल, छल एवं भ्रष्ट अधिकारियों के जरिये चुनाव जीतने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने प्रेसवार्ता में कहा कि इंडिया गठबन्धन के कार्यकताओं का मनोबल गिराने के लिए गोदी मीडिया द्वारा भाजपाई एग्जिट पोल परोस कर लोगों का ध्यान भटकाने की कोशिश की जा रही है।

चुनाव आयोग पूर्ण रूप से भाजपा सरकार की कठपुतली बन कर रह गया है झूठे प्रचार के जरिये लोगों में भ्रम फैलाया जा रहा है। प्रेसवार्ता में उपस्थित विधायकों एवं वरिष्ठ नेताओं ने सभी कार्यकताओं से अपील किया कि झूठे एग्जिट पोल पर कतई विश्वास न करें पूरी जागरूकता के साथ विजय का प्रमाण पत्र लिए बिना किसी प्रकार की लापरवाही न करें, मतगणना के समय निडरता व मजबूती के साथ जागरूकता धैर्य एवं संयम से कार्य सम्पन्न करायें।

प्रेसवार्ता में श्याम सुन्दर भारती विधायक बछरावां, सुरेन्द्र विक्रम सिंह पूर्व मंत्री, आर0पी0 यादव पूर्व प्रत्याशी सदर रायबरेली, वरिष्ठ अधिवक्ता ओ0पी0 यादव, धीरज श्रीवास्तव, मो0 अरशद खान, विनायक सोनकर, आफताब अहमद उर्फ रज्जू खान, सुरेश पटेल, सौरभ यादव एडवोकेट, अरूण प्रताप यादव, मो0 हसीन अहमद, अरविन्द यादव, राजेश मौर्य, योगेश्वर पटेल, आशुतोष यादव, अतुल सिंह, धीरज श्रीवास्तव, महताब आलम, आदि उपस्थित रहे।

# सुलतानपुर लोस सीट : भाजपा लगायेगी हैट्रिक या पहली बार सपा का खुलेगा खाता

## लोकसभा चुनाव परिणामों पर टिकीं हैं सबकी निगाहें

**सुलतानपुर (वीओएल)।** आज आने वाले लोकसभा चुनाव परिणामों पर सबकी निगाहें टिकी हुई हैं। सुलतानपुर लोकसभा सीट पर जीत-हार को लेकर लोगों में काफी उत्सुकता है। यहां पर भाजपा और सपा में सीधी लड़ाई मानी जा रही है। देखना दिलचस्प होगा कि भाजपा सुलतानपुर लोकसभा सीट पर हैट्रिक लगाएगी या फिर पहली बार सपा का यहां से खाता खुलेगा। सुलतानपुर लोकसभा सीट पर नजर डाले तो भाजपा ने 2014 व 2019 में जीत हासिल की है। निवर्तमान सांसद मेनका संजय गांधी अगर चुनाव जीतती हैं तो यह भाजपा के लिए हैट्रिक होगी। वहीं समाजवादी पार्टी को यदि जीत मिलती है तो उसके लिए यह पहली बार होगा जब लोकसभा चुनाव में सुलतानपुर सीट पर उसका खाता खुलेगा। इसके पहले रामलहर में भाजपा से डीबी राय लगातार दो बार सांसद चुने गए थे। भाजपा और सपा के समर्थकों में अपनी-अपनी जीत को लेकर दावे किए जा रहे हैं। भाजपा जहां मोदी व योजनाओं के नाम पर अपने जीत का दावा कर रही है तो वहीं सपा जातीय समीकरण को लेकर जीत के प्रति आश्वस्त नजर आ रही है।

### सुबह सात बजे से शुरू होगी मतगणना

सुलतानपुर। नवीन मंडी अमहट में मंगलवार की सुबह सात बजे से लोकसभा चुनाव की मतगणना की जाएगी। पांचों विधानसभाओं में कुल 70 टेबल पर तैनात कर्मी मतगणना करेंगे। जिसकी पूरी तैयारी कर ली गयी है। हर विधानसभा वार 14-14 टेबल लगाए गए हैं। डीएम कृत्तिका ज्योत्स्ना ने बताया कि मतगणना को लेकर सभी तैयारियां पूरी हैं। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस फोर्स, केन्द्रीय रिजर्व बल व पीएसी के जवान तैनात रहेंगे। रूट डायवर्जन को लेकर पहले से ही दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

# घर में घुसकर मां बेटियों के साथ मारपीट

## बुरी नीयत से लड़की के कपड़े फाड़ने का आरोप

जिला संवाददाता (vol)

सिरौली-बरेली। थाना सिरौली क्षेत्र के एक गांव में दबंगों ने घर में घुसकर मां बेटी के साथ जमकर मारपीट की। बुरी नीयत से बेटी के कपड़े फाड़ने का आरोप लगाते हुए थाना सिरौली पुलिस से मामले की शिकायत की गई है।

थाना सिरौली क्षेत्र की एक गांव की एक महिला ने थाना सिरौली पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह अपने घर पर अपनी बेटियों के साथ खाना खा रही थी तभी उसी के गांव के दो लोग जबरन उसके घर में गाली गलौज करते हुए घुस आए तथा मां बेटियों के साथ मारपीट करने लगे किसी दौरान उनकी एक बेटी के बुरी नीयत से कपड़े फाड़ दिए। उस समय मां बेटियों के अलावा घर में कोई नहीं था। शोर सुनकर पति और उनका बेटा घर आते देख दबंग गाली गलौज करते हुए और देख लेने की धमकी देते हुए तथा जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गए। महिला का आरोप है कि आरोपी पहले भी उनके साथ मारपीट कर चुके हैं। मारपीट करने से मां बेटियों को गुम चोटे आई है। आरोप है कि आरोपियों ने उनको धमकी दी है अगर उनकी शिकायत कहीं की तो परिवार सहित उनका जान से मार देंगे। महिला ने सोमवार को थाना सिरौली पुलिस से लिखित शिकायती पत्र देकर आरोपियों पर कानून कारवाई करने की मांग की है। तहरीर प्राप्त हुई है जांच की जा रही है जांच के बाद अग्रिम कार्यवाही की जाएगी लब सिरोही, इंस्पेक्टर, थाना सिरौली बरेली।

# आज खुलेगा दिग्गजों की किस्मत का ताला, प्रशासन ने की तैयारियां



बरेली। मतगणना की तैयारियां पूर्ण हो चुकी है चुनावी रण भूमि के मैदान में उतरे दिग्गजो की किस्मत का फैसले की घड़ी आज है। परसाखेड़ा में मतगणना होगी। जिलानिर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने बताया कि प्रशासन ने मतगणना कि सारी तैयारियां पूर्ण कर ली है। मतगणना निष्पक्ष और पारदर्शिता से कराई जाएगी और इसमें सहयोग के लिये कर्मचारियों और पुलिसकर्मियों की डूयटी लगाई गई है। जबकि पुलिसकर्मियों और कर्मचारियों को सुरक्षा मजबूत करने का जिम्मा दिया गया है। जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार व एसएसपी घुले सुशील चन्द्रभान ने मतगणना परिसर के परसाखेड़ा में पुलिसकर्मियों के साथ ब्रीफिंग की।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना स्थल एवं उसके आसपास के क्षेत्र में निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार कानून व्यवस्था बनाए रखे जाने आदि के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि गर्मी के दृष्टिगत सब लोग अपना ख्याल रखें। गर्मी के कारण किसी की तबीयत खराब न हो इसके लिये मतगणना में लगे कर्मी और सभी मतगणना एजेंट के लिए ओआरएस की व्यवस्था की गई है। ब्रीफिंग के दौरान निर्देश दिये गये कि मिनी बाईपास और झुमका तिराहे से ट्रैफिक डायवर्ट रहेगा। इसके साथ ही निर्देश दिए गए कि आयोग के द्वारा मतगणना से जुड़े निर्धारित कर्मियों के अलावा किसी भी कर्मचारी द्वारा मतगणना हाल के अंदर मोबाइल फोन या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाने की अनुमति नहीं है। मतगणना एजेंट के भोजन पानी के लिए अलग से हॉल निर्धारित किया गये हैं।

मतगणना हॉल के अन्दर किसी को भी भोजन, पानी की बोतल, आदि लेकर जाने की अनुमति नहीं दी गई है। परिसर के अन्दर स्वास्थ्य विभाग की ओर से दवा, ओआरएस आदि की पूर्ण व्यवस्था की गयी है। इस दौरान एसएसपी ने मतगणना की ड्यूटी में लगे सभी पुलिसकर्मियों से कहा गर्मी को ध्यान में रखते हुए अपना ख्याल रखें। अपनी ड्यूटी को पहले जाकर देखे लें, जिससे कि मतगणना दिन अपने स्थान पर पहुंचने में किसी प्रकार की समस्या ना हो तथा जिन पुलिस कर्मियों की गेट पर ड्यूटी लगी है वह अवश्य चेक करें कि मतगणना हॉल के अन्दर जाने वाले व्यक्ति के पास पानी की बोतल, मोबाइल व इलेक्ट्रॉनिक गैजेट आदि तो नहीं है, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही ना बरती जाये। उन्होंने कहा कि सभी कार्मिक अपनी गाड़ी पार्किंग स्थल पर ही खड़ी करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन दिनेश, अपर जिलाधिकारी संतोष बहादुर सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, पुलिस अधीक्षक नगर राहुल भाटी सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## कार व बाइक में टक्कर , दो गंभीर



दोस्तपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। ब्लॉक स्थित क्रय केन्द्र पर धान का बीज लेने जा रहे बाइक सवार दो व्यक्ति बुरी तरह से घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक दोनों बाइक से जा रहे थे, मोड़ के पास कार से टक्कर होने से हादसा हुआ। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां से गंभीर अवस्था में दोनों को राजकीय मेडिकल कॉलेज अंबेडकरनगर रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार दोस्तपुर थाना क्षेत्र के दोस्तपुर-बिरसिंहपुर मार्ग पर घोसियाना मोड़ के पास सोमवार को कार व बाइक की आमने-सामने भीषण टक्कर हुई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार दोनों व्यक्ति सड़क पर जा गिरे। एक व्यक्ति की तो हड्डी टूटकर बिखर गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल पहुंचकर दोनों घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दोस्तपुर पहुंचाया। जहां प्रथम उपचार के बाद दोनों को डॉक्टरों ने राजकीय मेडिकल कॉलेज अंबेडकरनगर रेफर किया है। गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों की पहचान लक्ष्मीकांत पांडेय पुत्र श्याम बहादुर पाण्डेय निवासी पिपरा भवानीपुर जयसिंहपुर व बनारसी पुत्र राम आसरे निवासी व्यासपुर जयसिंहपुर के रूप में हुई है।

## शिक्षा के साथ संस्कार भी आवश्यक : राजेश शुक्ला

लालगंज, रायबरेली। बाल संस्कारशाला दीक्षांत समारोह बाल्हेश्वर धाम श्री बालेश्वर धाम ऐहार मे श्री बालेश्वर सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित बाल संस्कारशाला के समापन एवं दीक्षांत समारोह का शुभारंभ समाजसेविका राजकुमारी वाजपेई ने दीप प्रज्वलित करके किया इस अवसर पर मेनका, रिया, अनिवेश, आयुष ने मंत्रोंच्चारण द्वारा पूजा अर्चना कराई इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजेश शुक्ला ( मांडलिक मंत्री लखनऊ एवं जिला अध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ रायबरेली ) ने आयोजन की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए कहा शिक्षा संस्कार के बिना अधूरी है, शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों का उन्नत होना भी बहुत आवश्यक है, पंचवटी विकास समिति के सचिव महान पर्यावरणविद् डा०एम डी सिंह द्वारा बच्चों को संस्कारों का महत्व बताया गया, मुख्य वक्ता साहित्यकार श्याम मनोहर शुक्ला ने अपने उद्बोधन में गीत द्वारा संस्कारों के महत्व को समझाया तथा समझाया राम,कृष्ण बुद्ध, नानक आज जन-जन के आदर्श केवल अपने संस्कारों द्वारा ही बने हुए हैं बालकों में संस्कारों के विकास के लिए समिति के आयोजन की सराहना की। समिति द्वारा प्रशिक्षक के रूप में बच्चों में योग एवं संस्कार की जागृति के लिए कीर्ति मनोहर शुक्ला, मनोज कुमार पांडेय, अतुल मिश्रा, राजेंद्र प्रसाद तिवारी, आलोक मिश्रा को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जूनियर संघ के जिला मंत्री सियाराम सोनकर, समाज सेविका श्रीमती राजकुमारी बाजपेई एवं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजेश फौजी द्वारा विचार व्यक्त किए गए बच्चों ने उत्कृष्ट पेंटिंग बनाई जिसके लिए उन्हें पुरस्कृत किया गया इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष राम शंकर तिवारी, प्रबंधक प्रदीप कुमार तिवारी, कोषाध्यक्ष अनुज अवस्थी, विनय त्रिवेदी, संरक्षक सूर्य प्रसाद मिश्र, शिक्षक संघ के उपाध्यक्ष उमेश त्रिवेदी, अशोक पाल, शिवबरन वर्मा प्रवीण कुमार तिवारी, पत्रकार संघ के अध्यक्ष सुशील शुक्ला, रामनाथ द्विवेदी आदि गणमान्य नागरिक एवं अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कीर्ति मनोहर शुक्ला ने किया। संस्कारशाला के निदेशक एवं मुख्य पुजारी पंडित झिलमिल महाराज ने आए हुए सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा बच्चों को आशीर्वाद प्रदान किया।

## इफको की सचल मृदा परीक्षण प्रयोगशाला में की गयी मिट्टी की जांच

महराजगंज,रायबरेली। महराजगंज क्षेत्र के कृषि वानिकी हरदोई में इफको के सचल मृदा परीक्षण वाहन दल ने शिविर लगाकर मृदा परीक्षण किया। मृदा परीक्षण अभियान के तहत इफको की सचल मृदा परीक्षण प्रयोगशाला में गांव से 200 मिट्टी नमूने मंगा कर जांच की गई एवं उसके परिणामों से किसानों को अवगत कराते हुए किसानों को परिणाम पत्र वितरित किए गए। किसान सभा के माध्यम से उसके परिणाम की जानकारी के हर पहलू पर किसानों को विस्तार से बताया गया। साथ ही किसानों को नैनो यूरिया, नैनो डीएपी तथा सागरिका का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। इफको के क्षेत्रीय प्रबंधक डॉ. विनोद सिंह ने बताया कि किस प्रकार से किसान साथी खेती में बोरी वाली रासायनिक की मात्रा को आधा कर सकते हैं। इस अवसर पर विनय कुमार चैधरी, आम सभा सदस्य,इफको नई दिल्ली सहित करीब 70 कृषक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन डॉ.विनोद कुमार सिंह द्वारा किया गया।

## राजनैतिक दल या मतदाता द्वारा मतगणना से संबंधित शंका समाधान के लिए प्रेक्षकगणों से करें सम्पर्क

रायबरेली। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल, स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढ़ंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु मा0 भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 36-रायबरेली संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत 177-बछरावां, 179-हरचन्दपुर एवं 180-रायबरेली के लिए नियुक्त सामान्यध्मतगणना प्रेक्षक श्री प्रियातु मंडल का जनपद में आगमन हो गया है, जिनका ठहरने का स्थान अतिथि गृह लोक निर्माण विभाग गेस्ट हाउस रायबरेली है। इसी प्रकार 182- सरेनी एवं 183-ऊँचाहार के लिए नियुक्त मतगणना प्रेक्षक सुश्री रुचि शर्मा एवं 37-अमेठी में समाविष्ट 181-सलोन ( अ0जा0 ) के लिए मतगणना प्रेक्षक शिली थॉमस का भी जनपद में आगमन हो गया है, जिनका ठहरने का स्थान आई.टी.आई. रायबरेली, है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए कहा है कि किसी भी राजनैतिक दल या मतदाता द्वारा मतगणना से संबंधित शंका समाधान के लिए प्रेक्षक गणो से सम्पर्क किया जा सकता है।

## पुलिस ने तीन अपहर्ताओं को गिरफ्तार कर भेजा जेल

तिलोई , अमेठी ।थाना जायस पुलिस द्वारा अपहरण के अभियोग में वांछित और प्रकाश में आये तीन लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने पकड़े गये युवकों के कब्जे से दो अदद तमंचा, दो जिन्दा कारतूस व घटना में प्रयुक्त वाहन बरामद किया है ।पुलिस ने पकड़े गये तीनों युवकों को जेल भेज दिया है। थाना क्षेत्र के गांव पूरे बख्शी निवासी नूर हसन पुत्र मोहम्मद नजीर को तीन ज्ञात व चार पांच अज्ञात कार सवार व्यक्तियों द्वारा अपहृत कर लिया गया था जिस घटना का त्वरित संज्ञान लेते हुये पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना जायस पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुये अपहृत नूर हसन को रविवार को दो घण्टे के अन्दर सकुशल बरामद कर लिया गया था ।इस घटना को अंजाम देने वाले लोगों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा चार टीमों का गठन कर आवश्यक आदेश निर्देश दिये गये थे ।उक्त घटना में आरोपियों की गिरफ्तारी के क्रम में सोमवार को थाना जायस के प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार सिंह मय हमराह द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन क्षेत्र में मौजूद थे तभी मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि नूर हसन के अपहरणकर्ता नईम के मुर्गीफार्म के पास एक सफेद गाड़ी में बैठे है। उक्त सूचना पर पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर हिकमतअमली से तीन लोगों को पकड़ लिया गया तथा चार युवक अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गये। कोतवाली प्रभारी रवि कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार युवकों के नाम पता पूंछने पर अपना नाम दानिश पुत्र मुस्तकीम निवासी कजियाना थाना जायस, मोहम्मद हकीम पुत्र मोहम्मद इन्तिजार निवासी पूरे मुनव्वर मजरे मोहना थाना जायस व मारुक अहमद उर्फ राजा पुत्र महमूद अहमद निवासी पूरे हसन मजरे हरकरनपुर थाना जामो जनपद अमेठी बताया। पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार युवकों की तलाशी में मोहम्मद हकीम के कब्जे से एक अवैध तमंचा एक जिन्दा कारतूस व मारुक अहमद के कब्जे से एक अवैध तमंचा व एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ है ।फरार युवकों का नाम पूंछने पर गिरफ्तार युवकों ने बताया कि एक का नाम नईम पुत्र मोहम्मद इन्तिजार निवासी पूरे मुनव्वर मजरे मोहना थाना जायस जनपद अमेठी, दूसरे का नाम आजिम पुत्र दिलशेर निवासी कजियाना थाना जायस जनपद अमेठी व दो अन्य लोगों का नाम नही बता सके और बताया कि उनका नाम नईम व आजिम को पता है।

# निष्पक्षता के साथ होगी मतगणना, पुलिस प्रशासन ने कसी कमर, बिना अनुमति प्रवेश वर्जित

जिला संवाददाता(vol)

**मथुरा।** मंगलवार मतगणना को लेकर जिला प्रशासन ने सोमवार तैयारियां पूरी कर ली हैं। मंडी समिति में रखी हुई मशीनों को मंगलवार निकालकर सुबह 8 बजे मतगणना के लिए लाया जाएगा। मतगणना स्थल पर पुलिस प्रशासन द्वारा व्यापक इंतजाम किए गए हैं। बिना अनुमति के यहां पर प्रवेश वर्जित रहेगा। सभी मतगणना कर्मियों को आज देर शाम तक तैयारियों को लेकर समीक्षा की जाएगी और इसके बाद आज मंगलवार सुबह आठ बजे से गणना का काम शुरू होगा। इस बीच पुलिस ने मंडी समिति के चारों ओर व्यापक इंतजाम किए हैं। रूट डायवर्जन किया गया है। मंडी समिति क्षेत्र में वाहनों का प्रवेश रोक दिया गया है। आसपास के क्षेत्रों से वाहन निकाले जाएंगे। इसको लेकर पुलिस ने एक रोज पूर्व ही डायवर्जन प्लान सार्वजनिक कर दिया है। जिलाधिकारी का कहना है कि मतगणना पूरी तरह पारदर्शी रहेगी और किसी प्रकार का विवाद स्वीकार नहीं किया जाएगा। निष्पक्षता के आधार पर गणना के काम में मतगणना कर्मियों को लगाया गया है और उन्हें हिदायत भी दी गई हैं। चुनाव कार्यालय के कर्मचारियों को भी विशेष निगरानी के लिए रखा गया है। मतगणना को लेकर जहां भारतीय जनता पार्टी के नेता और कार्यकर्ता उत्साहित हैं वहीं सभी पार्टी कार्यकताओं से इस दिन सतर्क रहकर मतगणना में सहयोग करने की अपील पार्टी द्वारा की गई है। महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी ने बताया कि हमारे कार्यकर्ता और एजेंट तैयार हैं पार्टी के वर्कर मतगणना पर नजर रखेंगे। जिला सूचना अधिकारी ने बताया कि सुबह



के 8 बजे मतगणना का काम शुरू हो जाएगा।

### 11 बजे से रुझान आने लगेंगे

सुबह के आठ बजे से मतगणना को लाई गई ईवीएम मशीनों से लगभग 11 बजे तक रुझान शुरू हो जाएंगे। इसके उपरांत थोड़े-थोड़े समय बाद जानकारियां मिलने लगेंगी। चुनाव कार्यालय से जुड़े सूत्र बताते हैं कि दोपहर तक स्थिति स्पष्ट होने लगेगी।

### मतगणना को लेकर आज रहेगा ट्रैफिक प्लान

मथुरा। मतगणना को लेकर ट्रैफिक प्लान में भी बदलाव किया गया है। यहां मतगणना के लिए सुबह 5 बजे से मंडी समिति के समीप वाहन प्रतिबंधित रहेंगे।पालीखेडा तिराहा पर सौंख की ओर से आने वाले भारी, कॉमर्शियल वाहन गोवर्धन रोड (शिवाशा तिराहा) की ओर डायवर्ट किये जायेंगे। जो गोवर्धन चैराहा, एन एच- 19 होकर अपने गंतव्य को जा सकेंगे। सौंख की ओर से आने वाले सभी प्रकार के वाहन नरसी विहार तिराहा से इंडस्ट्रियल एरिया, एन एच-19 की ओर डायवर्ट किये जायेंगे। यह वाहन एन एच 19 होकर अपने गंतव्य को जा सकेंगे। श्री जी मार्बल बैरियर, बैज ग्रिल बैरियर गोवर्धन चैराहे की ओर से तथा प्रेम चन्द्र अग्रवाल की परचून की दुकान के सामने एन0एच0-19 सर्विस रोड़, एन एच- 19 कट फुट ओवर ब्रिज के पास रुक्मिणी विहार कालोनी के सामने दिल्ली आगरा एन एच 19 बैरियर जय गुरुदेव की ओर से मंडी चैराहा सर्विस रोड पर समस्त प्रकार के वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। सभी वाहन गोवर्धन चैराहा, जय गुरुदेव, महोली अंडर पास से होकर अपने गंतव्य को जा सकेंगे। फार्मट्रैक ट्रैक्टर एजेन्सी बैरियर मंडी चैराहा, कृष्णा नगर, बिजली घर रोड तथा ठाकुर क्रेन सर्विस, महाकाली आर्म्स स्टोर सर्विस रोड़ बैरियर से मंडी चैराहा अंडर पास की ओर मतगणना हेतु आने वाले वाहनों को छोड कर अन्य सभी प्रकार के वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। दिल्ली की ओर से आने वाले वाहन जो मंडी चैराहा होते हुए सौख जाना चाहते है, वह गोवर्धन चैराहा होकर अपने गंतव्य को जा सकेंगे।

कृष्णा नगर बिजली घर तिराहा से मंडी चैराहा की ओर जाने वाले वाहन आवश्यकतानुसार गोवर्धन चैराहा की ओर डायवर्ट कर दन्त्य को भेजे जाएंगे।महोली रोड, जय गुरुदेव अंडर पास, थाना हाइ वे की ओर से आने वाले सौख की ओर जाने वाले वाहन होटल मैजेस्टी पाम तिराहा से औद्योगिक क्षेत्र होकर अपने दन्त्य को जा सकेंगे।जिला प्रशासन की कडी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कल 8 बजे से होगी मतगणना, पैरामिलिट्री फोर्स, पीएसी की कम्पनियां सहित भारी संख्या में तैनात रहेगा पुलिस बल।*

### डीएम एसएसपी ने शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की की अपील

**फिरोजाबाद।** मण्डी समिति शिकोहाबाद में पुलिस व जिला प्रशासन की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आज 4 जून को प्रातः 8 बजे से जनपद की सभी पांचो विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की मतगणना प्रारम्भ होगी। मतगणना को निष्पक्ष, पारदर्शी व सकुशल सम्पन्न कराने के लिए आज सोमवार को पुलिस लाइन प्रांगढ में सभी पुलिस व प्रषासनिक अधिकारियों को ब्रीफ्रिंग की गयी।

ब्रीफ्रिंग के दौरान जिलाधिकारी रमेष रंजन ने 2022 के विधानसभा चुनाव में हुए उपद्रव की घटना को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस व प्रषासनिक अधिकारियों को पूरी तरह मुष्तैद करते हुए कानून व्यवस्था बिगाडने वालों से कडाई से निपटने के निर्देष दिए।

मतगणना विधानसभा वार मतगणना चक्रों के अनुसार होगी, जिसमें विधानसभा जसराना में गणना चक्रों की संख्या 32 रहेगी, इसी प्रकार से टूण्डला में 31, फिरोजाबाद में 30, षिकोहाबाद में 28 व सिरसागंज में 27 चक्रों की संख्या रहेगी। एक चक्र की गणना में लगभग 10 मिनट का समय लगेगा इस प्रकार से एक घटें में 6 चक्र की गणना पूरी होने की सम्भावना होगी। मतगणना में अलग से माइक्रो ऑब्जर्वरस भी तैनात रहेंगे जो प्रेक्षक महोदय के निर्देषन में कार्य करेंगे। प्रत्येक मतगणना टेबल पर एक मतगणना माइक्रो ऑब्जर्वर नियुक्त किया गया है, इसका मुख्य कार्य अपनी मेज पर निष्पक्ष मतगणना की देख रेख करना होगा।

मतगणना माइक्रो ऑब्जर्वर प्रत्येक चक्र में अलग-अलग प्रपत्र पर रिपोर्ट तैयार कर प्रेक्षक महोदय को उपलब्ध कराएगें और मतगणना के अंत वह प्रेक्षक महोदय की आज्ञा के अनुसार ही मतगणना स्थल से प्रस्थान करेंगे।ब्रीफिंग के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने सभी पुलिस फोर्स को निर्देष दिए कि किसी को भी कानून व्यवस्था बिगाडने नही दी जाएगी और कानून व्यवस्था खराब करने वालों से कडाई से निपटा जाएगा इसके लिए लाठी चलानी पडे तो चलाई जाएगी। एसपी ग्रामीण व एसपी सिटी ने पूरी वेरिकेटिंग से लेकर त्रिस्तृतीय सुरक्षा व्यवस्था के बारें में विस्तार से बताया।

इस दौरान अपर जिलाधिकारी विषु राजा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कृति राज, सिटी मजिस्ट्रेट राजेन्द्र सिंह सहित सभी सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

## संक्षेप

### हार्ट अटैक से हुई विदेशी भक्त की मौत, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा

**मथुरा।** वृंदावन कोतवाली क्षेत्र के इस्कान मंदिर एमवीटी गेस्टहाउस के समीप स्थित साधना कुंज आवासीय अपार्टमेंट में जर्मनी के कृष्ण भक्त की संदिग्धावस्था में मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में विदेशी भक्त की मृत्यु का कारण हार्ट अटैक बताया गया है।बताया जाता है कि जर्मन निवासी 47 वर्षीय एलन टाइफिनबैच इस्कान के समीप साधना कुंज अपार्टमेंट में शनिवार को आकर ठहरा था। अपार्टमेंट के स्वामी मधुकांत दास मिश्रा के अनुसार रविवार की सुबह उन्होंने युवक का कमरा खुला देखा तो अंदर देखने पर युवक जमीन में पड़ा था। अर्द्धनग्न अवस्था में पड़े युवक के समीप जूस की बोतलें भी पड़ी थी और शरीर पर कुछ नीले निशान भी दिखाई दे रहे थे। मधुकांत दास मिश्रा ने इसकी जानकारी इस्कान प्रबंधन को दी। इस्कान प्रबंधन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को संरक्षण में लेकर कमरे की जांच शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया मृत्यु संदिग्ध प्रतीत हो रही है, जमीन पर पड़े मृत युवक के शरीर पर केवल लोअर ही था और कंधों व बाजू पर नीले निशान दिखाई दे रहे थे। पुलिस ने मृतक के शव को संरक्षित कर दूतावास को सूचना दे दी है। लोकल इंटेलिजेंस यूनिट के उपनिरीक्षक उमेश शास्त्री ने बताया मृतक के शरीर पर नीले निशान होने से संदिग्ध परिस्थिति नजर आ रही। कोतवाली प्रभारी आनंद शाही के अनुसार मृतक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्य का कारण हार्ट अटैक बताया गया है।

### जिला अस्पताल में नगर उद्योग प्रतिनिधि मंडल ने मरीजों को बांटे फल

मथुरा। नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने रविवार को जवाहर बाग को मुक्त कराने वाले शहीदों को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी वहीं शहीदों की स्मृति में जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरित किए। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री रविकांत गर्ग ने कहा तत्कालीन एसपी सिटी शहीद मुकुल द्विवेदी बहुत ही विनम्र स्वभाव के मृदुभाषी अधिकारी थे तथा फरह के तत्कालीन थानाध्यक्ष शहीद संतोष यादव जाबांज यौद्धा थे। नगर महामंत्री सुनील अग्रवाल एवं नगर संयुक्त महामंत्री रामचंद्र खत्री ने कहा कि आताताइयों के कब्जे से जवाहर बाग को मुक्त कराने में जिन्होंने अपनी कुबार्नी दी है हमें उनके जज्बे को नहीं भूलना चाहिए उन्हीं की शहादत के बदले आज मथुरा को खुबसूरत बाग मिला है, हर फूल उनकी कुबार्नी की महक फैला रहा है।

जिला उपाध्यक्ष सुनील साहनी के सहयोग से हुए फल वितरण कार्यक्रम में एसपी सिटी भी मौजूद रहे। इस अवसर पर नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के महामंत्री अजय गोयल वरिष्ठ मंत्री शशि भानू गर्ग उपाध्यक्ष गुरमुख दास दिलीप कुमार पांडे मंत्री राज नारायण गौड अनिल खंडेलवाल श्रीभगवान चतुवेर्दी विनोद अग्रवाल इंस्टॉल मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष कालरा आदि बड़ी संख्या में व्यापारीगण उपस्थित रहे ।

# बच्ची की हत्या के आरोपी ने की फायरिंग, मुठभेड़ में घायल

जिला संवाददाता(vol)

**शिकोहाबाद।** शुक्रवार को एक बच्ची को घर से ले जा कर बच्ची को अगवा करने के बाद उसको जमीन पर पटक कर आरोपित ने हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपित ने बच्ची के कपड़े और अपने खून से सने कपड़े नहर किनारे झाड़ियों में छिपा दिये। पुलिस जब उससे कपड़े बरामद कराने गई तो उसने पहले से ही छिपा कर रखे तमंचा से पुलिस टीम पर फायर कर दिया और भागने लगा। जिसके बाद पुलिस ने बचाव करते हुए आरोपित पर फायरिंग की। इस दौरान पुलिस की गोली उसके बायें पैर में लग गई, जिसके बाद वह गिर पड़ा।

पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया।31 मई की शाम सात बजे आरोपी गुलफाम अपनी रिश्ते के साले की डेढ़ वर्षीय पुत्री मेहर उर्फ महक को अगवा कर ले गया था। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज जांच शुरू कर दी। दो जून की सुबह उसका शव पंजाबी कॉलोनी में नाली के पास पड़ा मिला। शव मिलने के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस ने हिरासत में लिए आरोपी गुलफाम को रविवार रात को बच्ची के कपड़े और आरोपित के खून से सने हुए कपड़े बरामद करने को नहर किनारे ले गई। जहां आरोपी ने पहले से ही छिपाये हुए तमंचा से पुलिस टीम पर फायर कर भागने लगा। जवाबी कार्यवाही में पुलिस ने भी फायर किया



जो आरोपित के पैर में लग गया। जिससे वह घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। पुलिस ने उसको गिरफ्तार कर अस्पताल में भेज दिया।

उधर थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद बच्ची के शव को रविवार शाम सात बजे उसके स्वजनों के सुपुर्द कर दिया। स्वजनों ने रात में ही बच्ची के शव कोकब्रिस्तान में दफन कर दिया। शुक्रवार को अगवा बच्ची के गायब होने के बाद पुलिस ने अपहरण का प्राथमिकी एक जून की रात साढ़े 12 बजे के करीब दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी।

लेकिन दो जून को सुबह शव मिलने के बाद पुलिस ने हत्या, हत्या के उद्देश्य से अपहरण और हत्या में सहयोग और साक्ष्य मिटाने की विभिन्न धाराओं को प्राथमिकी में बढ़ा दिया है। पुलिस आरोपित को आजीवन कारावास तथा फांसी जैसी सजा दिलाने के लिए ठोस साक्ष्य संकलन कर रही है।जिससे आरोपित गुलफाम को ता उम्र कैद कराई जा सके। पुलिस ने आरोपी की पत्नी नेहा उर्फ नन्नो को हत्या में सहयोग करने का दोषी माना है। वहींपुलिस ने सोमवार को आरोपित को रिमांड पर लेकर जेल भेज दिया। इस मामलेमें सोमवार को इंस्पेक्टर आरोपित के रिमांड और अस्पताल से छुट्टी कराने में व्यस्त रहे। वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस ने बच्ची की हत्या के पीछे के अन्य बिंदुओं पर भी जांच शुरू कर दी है। सीओ प्रवीनकुमार तिवारी ने बताया कि चार जून को मतगणना को सकुशल संपन्न कराने केबाद इस काम पर अधिक तेजी लाकर दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहींजायेगा।

### बेचैनी व उलझन का है एंग्जाइटी कनेक्शनः डॉ. आलोक

**अयोध्या।** चिंतालु व्यक्तित्व विकार या एंक्शस पर्सनालिटी डिसआर्डर वह मानसिक प्रक्रिया है जो विचारों, भावनाओं व व्यवहार को दुष्प्रभावित कर पैनिक एंजायटी अटैक या तीव्र भययुक्त घबराहट मनोरोग का रूप ले सकता है। चिंतालु या शंकालु व्यक्तित्व विकार से ग्रसित व्यक्ति हर वक्त अनावश्यक तनाव पैदा करने वाले विचारों से घिरा रहने के कारण तनावग्रस्त रहता है। पैनिक अटैक या एंजायटी अटैक का मूल कारण तो मानसिक होता है पर इसके लक्षण शरीर पर भी दिखाई पड़ते हैं, जिनमे दिल की असामान्य धड़कन, भारीपन, घुटन, पेटदर्द, सर दर्द, शरीर में ऐंठन, बेहोशी, शुन्नपन इत्यादि हो सकते हैं।

सामान्य होने के बाद भी ऐसे अटैक होने तथा किसी बड़ी बीमारी या आकस्मिक मौत का बेवजह डर बना रहता है। शारीरिक जांच के बार बार सामान्य मिलने के बावजूद भी व्यक्ति डॉक्टर के चक्कर इस संशय से लगाता रहता है कि उसे ऐसा कोई गंभीर रोग तो नहीं जो अन्य डॉक्टर की पकड़ में नहीं आ रहा।

# अशोका सिटी में दंपति और पुत्री पर हुआ हमला, वीडियो हुआ वायरल

जिला संवाददाता(vol)



**मथुरा।** थाना हाईवे क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग से लगी अशोका सिटी में बीतीरात दो नामजदों सहित एक दर्जन लोगों ने कालोनी में रहने वाले दो परिवारों को घर से बुलाकर मारा पीटा जिससे कालोनी में अफरातफरी मच गई। इस दौरान हमलावरों ने दो नाबालिग किशोरियों के साथ भी मारपीट की इतना ही नहीं जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए। इस संबंध में पीड़ित नाबालिग किशोरी ने हाइवे थाने में तहरीर दी है। एसएसपी का कहना है कि थाना हाईवे क्षेत्र के आशोका सिटी में मारपीट का वीडियो सामने आया है, पीड़िता से तहरीर लेकर मामला दर्ज किया जाएगा। दोषियों के अपराधिक इतिहास भी खंगाले जाएंगे। उसके बाद नियमानुसार उनके खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब हो कि हाईवे थाना क्षेत्र अंतर्गत अशोका सिटी में रहने वाले साहिल खत्री के पास कल रात फोन आया जिसमें सुशील चैधरी निवासी राधापुरम और भूपेंद्र चैधरी निवासी गुरू कृपा विलास ने कहा कि उनसे कुछ बात करनी है कालोनी के गेट पर आ जाएं। पुलिस तहरीर में साहिल की बेटी यामनी खत्री ने कहा है कि वह अपने माता पिता के साथ घर से कालोनी के गेट पर पहुंची जहां पहले से इन दोनों के साथ दस बारह बाउंसर टाइप के लोग मौजूद थे।इन्होंने गालियां देते हुए मारपीट शुरू कर दी। जब बेटी बचाने का प्रयास किया तो उसके भी कपड़े फाड़ दिए और हाथापाई की। इस दौरान वह चीखती, चिल्लाती रही। उनके पड़ोसी उमेश मित्तल व उनकी पत्नी वर्षा मित्तल के साथ मारपीट की गई और धमकी दी कि स्कूल जाते समय दोनों बहनों को उठवा देंगे और पिता से कहा कि उन्हें फैक्ट्री जाने नहीं देंगे। उनके लिए आदमी मारना कोई बड़ा काम नहीं है।

# मुजफ्फरपुर की तीन छात्राओं की मथुरा में हुई मौत ने पकड़ा तूल

जिला संवाददाता(vol)

**मथुरा।** मथुरा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से कटकर हुयी तीन किशोरियों की मौत के मामले ने तूल पकड़ना शुरू कर दिया है। किशोरियों की शिनाख्त होने के बाद शुरू में जहां इनकी मौत को धर्म और अंधविश्वास से जोड़कर देखा जा रहा था वहीं मुजफ्फरपुर की तीन छात्राओं गौरी, माया व माही के मथुरा में ट्रेन से कट कर जान देने का मामला तूल पकड़ने लगा है। अब तक की जांच में पुलिस अंधविश्वास में पड़ कर इसे सुसाइड का मामला मान रही है। दूसरी तरफ विभिन्न संगठनों ने महापंचायत करने के बाद रविवार को सड़क पर उत्तर कर विरोध किया। शाम को अखिल भारतीय धोबी महासभा, अखिल भारतीय धोबी महासंघ, संत गाडगे सेवा परिषद और एक प्रयास सहित कई संगठनों ने शहीद खुदी राम बोस स्मारक स्थल से न्याय यात्रा व कैंडल मार्च निकाला। यहां श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। इस दौरान कांड की जांच में पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। मार्च में डिप्टी मेयर डॉ. मोनालिसा, अखिल भारतीय धोबी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष देवन रजक, शीतल गुप्ता, मनोज कुमार बैठा, प्रद्युम्न रजक, अमित कुमार लाला, शम्भू शरण ठाकुर, मो. युनूस सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए। तीनों छात्राओं की मौत की गुत्थी सुलझाने के लिए नगर थाने की पुलिस फिर से मथुरा जाएगी। वहां पुलिस टीम मथुरा पुलिस की सहयोग से तीनों छात्राओं के मौत के संबंध में जानकारी जुटाएगी। मृतका के गायब मोबाइल और बैग की तलाश करेगी। 13 मई को मुजफ्फरपुर से निकलने के बाद तीनों छात्राएं मथुरा कैसे पहुंचीं। स्टेशन पर उतरने के बाद किस जगह पर वह तीनों ठहरी हुई हुई थीं, थीं, वहां किसके संपर्क में थी इन सभी बिंदुओं पर जांच की जायेगी।

**● गुत्थी सुलझाने फिर आयेगी बिहार पुलिस**

### युवक ने फांसी लगाकर जान दी

मथुरा। टाउनशिप स्थित कांशीराम कालोनी में बीतीरात एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। घटना की सूचना मिलते ही रिफाइनरी पुलिस मौके पर पहुंच गई।

# रंगेश्वर महोत्सव में मां रंगेश्वरी का अभिषेक



जिला संवाददाता(vol)

**मथुरा।** महानगर के प्रमुख शिव मंदिर श्री रंगेश्वर महादेव में रविवार को राजराजेश्वरी महामाई मां रंगेश्वरी देवी का विभिन्न द्रव्य द्वारा अभिषेक किया गया वही नौका विहार देख मंदिर में मौजूद सैंकड़ों श्रद्धालुओं मोहित हो गए ।इस अवसर पर हुई भजन संध्या से सभी भाव विभोर हो उठे। परमपिता परमेश्वर श्री रंगेश्वर महादेव की प्रतिमा के समक्ष शीतल जल से भरे अप्राकृतिक कुंड में महामाई के भक्त कन्हैया लाल अग्रवाल ने मां को नौका विहार कराया।

ज्येष्ठ माह की तीव्र तपिश से शीतलता प्रदान करने हेतु रविवार 2 जून को राजराजेश्वरी महामाई मां रंगेश्वरी का ज्येष्ठाभिषेक सहस्त्र धाराओं के साथ विभिन्न द्रव्य गुलाब जल गंगाजल यमुना जल केवड़ा जल खसजल पुष्पजल के भरे हुए कलश द्वारा माईदास अशोक कुमार गुप्ता द्वारा वेद मत्रों की मंत्र ध्वनि के मध्य आचार्यों के पावन सानिध्य में किया गया। महामाई का सुंदर श्रंगार भव्य फूल बंगला के मध्य शाम को नौका बिहार भजन संध्या का कार्यक्रम रंगेश्वर मंदिर प्रांगण में हुआ। नौका में विराजमान मां रंगेश्वरी भगवान रंगेश्वर भोलेनाथ की छटा एवं नौका की सजावट अनुपम देखते ही बन रही थी। कार्यक्रम आयोजक कन्हैया लाल अग्रवाल (स्वीटी) द्वारा सभी भक्तों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम की व्यवस्था में प्रदीप अग्रवाल (श्री ग्रुप) आनंद कसेरे दिनेश बीमा अमरनाथ गोयल राजेश चैधरी दीपक रूहेरा श्याम अग्रवाल अनिल महावन निकुंज महावन सुनील सीए दिनेश नीरज शोभित अग्रवाल आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### रामगढ़ पुलिस ने अवैध हथियार सहित तीन दबोचे

**फिरोजाबाद।** थाना रामगढ़ पुलिस ने अलग-अलग क्षेत्र से अवैध हथियार सहित तीन युवकों को तंमचा और पिस्टल सहित गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेश पर जेल भेजा है।प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि सोमवार को रामगढ पुलिस चैकिंग कर रही थी। उसी समय मुखबिर ने सूचना दी कि पुराना थाना ग्राउण्ड एक आरोपी अवैध तमंचा लेकर किसी घटना को अंजाम देने के लिए खड़ा है। पकडे गये आरोपी ने अपना नाम एजाज पुत्र इब्राहिम खाँ निवासी कश्मीरी गेट को गिरफ्तार कर लिया। वहीं दूसरे आरोपी को भीकनपुर तिराहा से गिरफ्तार किया। आरोपी ने अपना नाम समीर पुत्र मौहम्मद जमीर निवासी नूर नगर टॉवर वाली गली बताया। पुलिस ने उसके पास से भी एक तमंचा बरामद किया है। वहीं तीसरे व व्यक्ति की गिरफ्तारी रैपुरा से नैपई जाने वाले रास्ते पर बडी लाईन के पास अर्ध निर्मित मकान के पीछे से हुई। पकड़े गये आरोपी ने अपना नाम रियाज मौहम्मद उर्फ पप्पू पिस्टल पुत्र स्व. मुंशी खाँ निवासी हबीबगंज रहमानिया स्कूल के पास बताया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक पिस्टल 32 बोर और दो कारतूस बरामद किये हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार, निरीक्षक रामप्रवेश, उनि भूप्रकाश शर्मा शामिल रहे।

### विज्ञान कैम्प में शीशे पर भूत की आकृति देखकर विद्यार्थी हतप्रभ



**फिरोजाबाद।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब फिरोजाबाद के तत्वाधान में जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में जिला विज्ञान क्लब के कार्यालय पर निःशुल्क विज्ञान कैम्प के नवम दिवस पर शीशे पर भूत की आकृति को दिखाकर अंधविश्वास पर कुठाराघात किया। अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि इस कैम्प में विज्ञान के चमत्कारों के माध्यम से अंधविश्वास को दूर करने के विषय में भी बताया जा रहा है। कैम्प के नवम दिवस पर विद्यार्थियों के वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ाने के लिए उन्हें विज्ञान के विभिन्न प्रयोगों को सिखाया जा रहा है। जिससे विद्यार्थी में विज्ञान को करके सीखने की प्रवत्ति में वृद्धि हो रही है। उन्होंने बताया कि नवम दिवस पर विद्यार्थियों को शीशे पर भूत का प्रकट होने के अंधविश्वास को बताया गया। उन्होंने बताया कि ढोंगी बाबा सर्वप्रथम एक काँच की शीट पर पौटेशियम सल्फो सायनाइड के घोल को भूत की आकृति में लगाकर सूखा देते हैं। उस कांच के शीशे के चारों ओर अगरबत्ती आदि जलाकर भूत होने का दिखावा करते हैं। उसके बाद बड़ी सफाई से शीशे पर फेरिक क्लोराइड के घोल को इस प्रकार लगाते हैं , जिससे भूत की आकृति लाल रंग की उभरकर दिखने लगती है। इस प्रकार शीशे पर भूत को देखकर विद्यार्थी हतप्रभ रह गए गए। उन्होंने कहा कि अंधविश्वास से नाता तोडो, विज्ञान से नाता जोड़ो।इस अवसर पर कु गोसिया फारूकी, तान्या माथुर, साक्षी यादव, पावनी जैन, खुशी, वर्षा, निशा, रोशनी, करिश्मा, सारिका, पायल कश्यप, उपासना सिंह, अंजली, पूजा, शिवानी, प्रीती, मोहित सिंह, अनुज कश्यप, सुशान्त, आर्यन प्रताप सिंह, नीरज कुमार, शिवांशु कुशवाह, कृष्णा आदि उपस्थित रहे।

### नशा मुक्ति जागरुकता बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन रोकथाम अभियान चलाया



**फिरोजाबाद।** शासन के दिशा-निदेर्शों के क्रम में एसएसपी के आदेशानुसार एवं अपर पुलिस अधीक्षक नगर नोडल अधिकारी एएचटीयू के कुशल मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक एएचटीयू मय पुलिस टीम द्वारा सोमवार को फिरोजाबाद शहर क्षेत्र में शैक्षणिक संस्थानों के आस पास नशीले पदार्थों की नाबालिग बच्चों छात्रों को बिक्री से रोकथाम हेतु एक युद्ध नशा के विरुद्ध अभियान एवं जनपद में बालश्रम बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन की रोकथाम हेतु थाना मक्खनपुर जनपद फिरोजाबाद क्षेत्रान्तर्गत बाल भिक्षावृत्ति एवं बालश्रम उन्मूलन, मानव तस्करी नशामुक्ति जागरुकता कार्यक्रम चलाया गया ।साथ ही थाना क्षेत्र में स्कूल कॉलेज के पास दुकानों पर नशीले पदार्थों की चैकिंग की गई व पैंपलेट चस्पा करते हुए बाल श्रम उन्मूलन व बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन के सम्बंध में जागरुक किया गया। उक्त अभियान के अंतर्गत टीम द्वारा दुकानदारों होटल ढाबा फैक्टरी आदि के मालिकों को हिदायत दी गयी कि कोई भी बाल श्रमिक को कार्य पर न लगाये अथवा पकडे जाने पर कानूनी कार्यवाही की जायेगी ।

### बालिकाएं सीखेंगी लाठी चलाना

आगरा। आर्य समाज के सहयोग से आर्य वीर-वीरांगना दल द्वारा वैदिक सभ्यता एवं संस्कृति को बचाने व युवाओ के सर्वांगीण विकास के लिए गुरुकुल पद्दति पर आवासीय शिविर आयोजित होने जा रहा है। सोमवार को आठ दिवसीय कन्या चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व विकास शिविर के पोस्टर का विमोचन कर जारी किया। संयोजक आचार्य हरिशंकर अग्निहोत्री ने बताया कि 9 से 16 जून तक आवास विकास कॉलोनी स्थित आर्यन इंस्टीटूट में निःशुल्क शिविर लगाया जा रहा है। जिसमे उन्हें प्रातः काल से रात्रि तक की दिनचर्या में आवास, भोजन, प्रशिक्षण, प्रचार, पारितोषिक एवं अतिथि सत्कार की व्यवस्था मिलेगी।

शिविर संचालिका प्रेमा कनवर ने बताया कि शिविर में शारीरिक प्रशिक्षण में सर्वांग सुन्दर व्यायाम, आसन, प्राणायाम, ध्यान, आत्मरक्षा अभ्यास, जुडो कराटे, लाठी चलना, सैनिक प्रशिक्षण और बौद्धिक प्रशिक्षण में अनुसाशन, राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व, मानसिक उन्नति, व्यक्तित्व विकास, चरित्र निर्माण, राष्ट्र समृद्धि पर प्रशिक्षण दिया जायेगा। शिविर अध्यक्ष डॉ. मनीषा गुप्ता ने बताया कि अभिवावको से संपर्क कर बारह वर्ष से ऊपर की बालिकाओ को आमंत्रित किया गया है। शिविर में आगरा जनपद की 150 बालिकाओ को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य रखा है। अब तक 80 बालिकाओ के नामांकन किये जा चुके है। इस अवसर पर संचालक वीरेंद्र कनवर, सूर्य प्रकाश गुप्ता, माता त्रिवेणी आनंद, विश्वेन्द्र आर्य, राकेश तिवारी, सुभाष अग्रवाल, रामपाल आर्य, अश्वनी दुबे आदि मौजूद रहे।

### मतगणना कार्मिकों की प्रशिक्षिण ब्रीफिंग संपन्न

**आगरा।** सूर सदन प्रेक्षागृह में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु मतगणना कार्मिकों को मतगणना कार्य हेतु प्रशिक्षिण/ब्रीफिंग संपन्न हुई। प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रदान किया गया, जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी भानु चन्द्र गोस्वामी द्वारा प्रेक्षागृह पहुंच कर, प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर द्वारा दिए जा रहे प्रशिक्षण की जानकारी ली गई। डाक मतपत्र से मतों की गणना के संबंध में परियोजना निदेशक जिला ग्राम विकास अभिकरण, द्वारा संबंधित गणना सहायकों को प्रशिक्षित जिलाधिकारी ने मतगणना कार्मिकों विशेष निर्देश देते हुए कहा कि मतगणना कार्मिकों को मतगणना स्थल खेरागढ़ गल्ला मंडी जाने के लिए कलेक्ट्रेट परिसर गेट से रोडवेज बसों की व्यवस्था की गई है जो प्रातः 05 बजे से 05:15 बजे तक उपलब्ध रहेंगी, निर्धारित 50 रुपया भुगतान कर जा सकते हैं, जो कार्मिक अपने निजी वाहन से जाएंगे उनके लिए निशुल्क पार्किंग की व्यवस्था की गई है सभी मतगणना कार्मिक फ्रीस्किंग/चेकिंग के बाद गेट नंबर 02 से मतगणना परिसर में प्रवेश की व्यवस्था की गई है।सभी मतगणना कार्मिक अपने आईडी कार्ड को साथ रखेंगे बिना आईडी कार्ड कार्ड के कोई मूवमेंट नहीं होगा, पान, बीड़ी सिगरेट, गुटखा, लाइटर, माचिस, मोबाइल फोन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा, मोबाइल जमा कराने हेतु क्लॉक रूम की व्यवस्था भी की गई है। जिलाधिकारी ने भीषण गर्मी के दृष्टिगत गमछा, पानी, ओआरएस आदि साथ रखें, प्रशिक्षण में बताया गया कि किसी भी मतगणना कार्मिकों को किसी भी समस्या हेतु मोबाइल नम्बर पर संपर्क करेंगे, सभी कार्मिक ससमय अपने ड्यूटी स्थल पर पहुंचेंगे।




# साउथ अफ्रीका ने श्रीलंका को 6 विकेट से हराया

एजेंसी

अमेरिका। साउथ अफ्रीका ने टी-20 वर्ल्ड कप में जीत से शुरूआत की है। टीम ने श्रीलंका को 6 विकेट से हराया। कप्तान वानिंदु हसरंगा ने टॉस जीतकर मुश्किल पिच पर बैटिंग का फैसला लिया और श्रीलंकाई 77 रन पर ऑलआउट हो गई। बाउंसी विकेट पर साउथ अफ्रीका ने भी 78 रन का टारगेट चेज करने में 4 विकेट गंवा दिए। यह टारगेट 17वें ओवर में चेज हुआ। न्यूयॉर्क के नसाउ काउंटी क्रिकेट स्टेडियम के पहले इंटरनेशनल मुकाबले में पिच की कठनाई का अंदाज इस बात से लगाया जा सकता है कि कोई भी बल्लेबाज 20 रन से ज्यादा स्कोर नहीं कर पाया। मुकाबले में 14 विकेट गिरे। इनमें से तेज गेंदबाजों ने 9 और स्पिनर्स को 5 विकेट मिले। नसाउ की इसी पिच पर भारत 5 जून को आयरलैंड और 9 जून को पाकिस्तान से खेलेगी। भारत ने अपना इकलौता वॉर्मअप मैच इसी मैदान पर बांग्लादेश के खिलाफ खेला था और जीत हासिल की थी।



श्रीलंका और साउथ अफ्रीका न्यूयॉर्क के नसाउ क्रिकेट स्टेडियम में वर्ल्ड कप 2024 का पहला मुकाबला खेल रही हैं। श्रीलंका ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी थी। ड्रॉप इन पिच पर अफ्रीकी पेसर्स को खूब मदद मिल रही है। अब तक तेज गेंदबाज 7 बल्लेबाजों को आउट कर चुके हैं। स्पिनर को 2 विकेट मिले। टीम ने बीच के 10 ओवर में 46 रन बनाने में 7 विकेट गंवा दिए। इससे पहले, पावरप्ले में श्रीलंका ने सिर्फ 24 रन बनाए थे। श्रीलंका ने 18 ओवर में 9 विकेट खोकर 71 रन बनाए हैं। महीश तीक्षणा और महीश तीक्षणा क्रीज पर हैं। मुश्किल पिच - श्रीलंकाई बल्लेबाजों को नसाउ की पिच पर दिक्कत आ रही है। स्पंजी बाउंस है और गेंद स्विंग भी कर रही है। इस ग्राउंड पर 70 मीटर तक की बाउंड्रीज हैं और आउट फील्ड भी धीमी है। इसके चलते चौके-छक्के आसानी से नहीं लग रहे हैं। एनरिक नॉर्त्या को 4, कगिसो रबाडा और केशव महाराज को 2-2 विकेट मिले। बार्टमैन के हिस्से एक विकेट आया है। पारी का 16वां ओवर लेकर आए एनरिक नॉर्त्या ने श्रीलंका के अनुभवी ऑलराउंडर एंजेलो मैथ्यूज को ओटनेल बार्टमैन के हाथों कैच कराया। उन्होंने मैच में चौथा विकेट हासिल किया है। 15वें ओवर में कगिसो रबाडा ने श्रीलंका को 7वां झटका दिया। उन्होंने ओवर की चौथी बॉल पर दासुन शनाका को बोल्ड कर दिया। शनाका 9 रन बनाकर आउट हुए। 13वें ओवर में श्रीलंकाई टीम ने 50 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। एंजेलो मैथ्यूज ने केशव महाराज के ओवर की 5वीं बॉल पर लॉन्ग ऑफ में सिक्स जमाते हुए टीम का स्कोर 50 पार पहुंचाया। इस ओवर के बाद श्रीलंका का स्कोर 53/6 रहा। 10वें ओवर की आखिरी बॉल पर श्रीलंका ने 5वां विकेट भी गंवा दिया है। एनरिक नॉर्त्या ने इस ओवर की आखिरी बॉल पर कुसल मेंडिस को ट्रिस्टन स्टब्स के हाथों कैच कराया। मेंडिस 19 रन बनाकर आउट हुए, जबकि नॉर्त्या को दूसरी सफलता मिली है। श्रीलंकाई टीम ने पावरप्ले के बाद 7-18 ओवर के बीच 16 रन बनाने में 4 विकेट गंवा दिए। पावरप्ले में श्रीलंका का स्कोर 24/1 रहा। श्रीलंका को सबसे ज्यादा नुकसान केशव महाराज ने पहुंचाया। 9वां ओवर लेकर आए केशव महाराज ने सबसे पहले कप्तान वनेंदु हसरंगा को कीपर के हाथों स्टंपिंग कराया। फ्लाइटेड गेंद फेंकी और हसरंगा सिक्स मारने के लिए आगे आए और चकमा खा गए। अगली ही गेंद पर महाराज ने सदीरा को बोल्ड कर दिया। इस ओवर के बाद श्रीलंका का स्कोर 36/4 रहा। टॉस जीतकर बैटिंग कर रही श्रीलंका की शुरूआत धीमी रही। टीम शुरूआती 6 ओवर में 24 रन ही बना सकी। इतना ही नहीं, एक विकेट भी गंवाया। चौथे ओवर की पहली बॉल पर पथुम निसांका को ओटनेल बार्टमैन ने पवेलियन भेजा।

चौथे ओवर की पहली बॉल पर श्रीलंका ने 13 रन के स्कोर पर पहला विकेट गंवाया। यहां पथुम निसांका 3 रन बनाकर आउट हुए। वे ओटनेल बार्टमैन की ऑफ स्टंप के बाहर की फुल लेंथ बॉल पर हेनरिक क्लासन को कैच थमा बैठे। बॉल बल्ले का बाहरी किनारा लेकर थर्ड मैन पर खड़े क्लासन की ओर गई, जिसे क्लासन ने आसानी से कैच किया।

## टी-20 विश्व कप के लिए रिकॉर्ड 11.25 मिलियन डॉलर का इनाम



न्यूयॉर्क। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने टी20 विश्व कप के लिये रिकॉर्ड 11 . 25 मिलियन डॉलर (करीब 93 करोड़ 51 लाख रूपये) पुरस्कार राशि का ऐलान किया है जिसमे से विजेता को 2 . 45 मिलियन डॉलर (करीब 20 करोड़ 36 लाख रूपये) दिये जायेंगे। उपविजेता को। . 28 मिलियन डॉलर मिलेंगे जबकि सेमीफाइनल हारने वाली टीमों को 787500 डॉलर दिये जायेंगे।

पिछली बार कुल ईनामी राशि 5 . 6 मिलियन डॉलर थी जिसमे से विजेता इंग्लैंड को। . 6 मिलियन डॉलर मिले थे। आईसीसी ने एक बयान में कहा , आईसीसी पुरूष टी20 विश्व कप के नौवे सत्र में 20 टीमों के टूर्नामेंट के विजेता को 2 . 45 मिलियन डॉलर ईनाम के तौर पर मिलेंगे जो टूर्नामेंट के इतिहास में सर्वोच्च ईनामी राशि है। इसके अलावा ट्रॉफी भी 29 जून को बारबडोस में फाइनल के बाद दी जायेगी। सुपर आठ से आगे नहीं जा पाने वाली चारों टीमों में से प्रत्येक को 382500 डॉलर दिये जायेंगे जबकि नौवें से 12वें स्थान की टीमों को 247500 डॉलर और 13वें से 20वें स्थान की टीमों को 225000 डॉलर मिलेंगे। आईसीसी ने कहा, हर टीम को प्रत्येक मैच जीतने पर (सेमीफाइनल और फाइनल के अलावा) 31154 डॉलर मिलेंगे। 55 मैचों का टूर्नामेंट 28 दिन तक अमेरिका और वेस्टइंडीज में नौ स्थानों पर खेला जायेगा। इसमें पहली बार 20 टीमें भाग ले रही हैं। पहले दौर के 40 मैचों के बाद शीर्ष आठ टीमें सुपर आठ में पहुंचेंगी। उनमें से चार टीमें सेमीफाइनल खेलेंगी।

**पीएनजी ने अच्छा क्रिकेट खेला : वेस्टइंडीज कप्तान पॉवेल**

जॉर्जटाउन (गुयाना)। दो बार की चैम्पियन वेस्टइंडीज के कप्तान रोवमैन पॉवेल ने रविवार को यहां टी20 विश्व कप मुकाबले के बाद पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने काफी अच्छा क्रिकेट खेला। वेस्टइंडीज को पांच विकेट की जीत दर्ज करने में मशक्कत करनी पड़ी जिसमें रोस्टन चेज (नाबाद 42 रन) और आंद्रे रसेल (नाबाद 15 रन) का प्रदर्शन अहम रहा। पॉवेल ने मैच के बाद कहा, इस प्रदर्शन का श्रेय पीएनजी को दिया जाना चाहिए। उनकी योजना सरल थी और उन्होंने अच्छा क्रिकेट खेला। अपना दूसरा टी20 विश्व कप खेल रही पीएनजी के कप्तान असद वाला ने कहा, अपनी टीम के प्रयास पर गर्व है।

## संक्षेप

### वर्ल्डएथलेटिक्स ने नई वैश्विक चैंपियनशिप की घोषणा

मोनाको। एथलेटिक्स की वैश्विक संचालन संस्था वर्ल्ड एथलेटिक्स ने सोमवार को एक नई सत्रांत चैंपियनशिप की घोषणा की जिसमें एक करोड़ अमेरिकी डॉलर की रिकॉर्ड पुरस्कार राशि दी जाएगी और विश्व तथा ओलंपिक चैंपियन के साथ-साथ डाइमंड लीग विजेताओं के बीच मुकाबले से सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी तय होंगे। इस टूर्नामेंट का नाम वर्ल्ड एथलेटिक्स अल्टीमेट चैंपियनशिप रखा गया है और इसका उद्देश्य व्यापक दर्शकों तक पहुंच बनाना है। वर्ल्ड एथलेटिक्स ने इसे अभूतपूर्व चैंपियनशिप बताया जो एथलेटिक्स कैलेंडर को बदल देगी और परिभाषित करेगी कि कौन सा एथलीट सर्वश्रेष्ठ में सर्वश्रेष्ठ है। ट्रैक एवं फील्ड के इतिहास में सबसे अधिक पुरस्कार राशि प्रदान करने वाली यह चैंपियनशिप 2026 के ट्रैक एवं फील्ड सत्र का समापन करेगी। बुडापेस्ट 11-13 सितंबर तक पहले टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा और चैंपियनशिप हर दो साल में आयोजित की जाएगी। चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक विजेताओं को 150,000 डॉलर मिलेंगे। वर्ल्ड एथलेटिक्स के अध्यक्ष सबेस्टियन को ने कहा, सिर्फ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खेलने और सीधे सेमीफाइनल तथा फाइनल में जगह बनाने से हम उन एथलीट पर प्रदर्शन करने का तुरंत दबाव बनाएंगे जिनका लक्ष्य अल्टीमेट चैंपियन का खिताब हासिल करना है।

### टी20 विश्व कप का प्रसारण करेगा दूरदर्शन

नयी दिल्ली। प्रसार भारती ने सोमवार को घोषणा की कि वह अपने डीडी स्पोर्ट्स चैनल पर मौजूदा टी20 विश्व कप, पेरिस ओलंपिक और विंबलडन का प्रसारण करेगा। प्रसार भारती के सीईओ गौरव द्विवेदी ने सोमवार को यहां मीडिया के साथ बातचीत के दौरान यह घोषणा की। प्रसार भारती ने इस मौके पर टी20 विश्व कप के लिए विशेष गान जज्बा भी लॉन्च किया। दूरदर्शन ने 26 जुलाई से 11 अगस्त तक पेरिस ओलंपिक और 28 अगस्त से आठ सितंबर तक पेरिस पैरालंपिक का सीधा प्रसारण, स्थगित प्रसारण और मुख्य आकर्षण के प्रसारण की भी घोषणा की। साथ ही छह से 14 जुलाई तक भारत के जिम्बाब्वे दौरे का भी प्रसारण किया जाएगा। टी20 विश्व कप के बाद इस दौरे पर पांच टी20 मैच खेले जाएंगे। विज्ञप्ति के अनुसार 27 जुलाई के सात अगस्त तक श्रीलका में भारत की सीमित ओवरों की श्रृंखला का प्रसारण भी डीडी स्पोर्ट्स पर होगा। दूरदर्शन इसके अलावा फ्रेंच ओपन और विंबलडन के फाइनल का भी प्रसारण करेगा। विज्ञप्ति में कहा गया, प्रसार भारती अपने खेल चैनल पर विभिन्न खेल लीग और प्रतियोगिताओं को दिखाने के लिए विभिन्न खेल संस्थाओं और एजेंसियों के साथ बातचीत के अग्रिम चरण में है।

### एडीडीपी ने बजरंग पर लगे आरोप को अस्थायी निलंबन हटाया

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक एजेंसी की अनुशासन पैनल (एडीडीपी) ने पहलवान बजरंग पूनिया को नाडा द्वारा आरोप का नोटिस नहीं दिए जाने तक उन पर लगा अस्थाई निलंबन हटा दिया है। पूनिया ने मार्च में चयन ट्रायल के बाद डोप टेस्ट के लिये नमूना देने से इनकार किया था। नाडा ने 23 अप्रैल को तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता पूनिया पर 23 अप्रैल तक का प्रतिबंध लगा दिया था। इसके बाद युनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग ने भी यही कार्वाई की थी। बिश्केक में हुए एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर के लिये पुरूष टीम के चयन ट्रायल 10 मार्च को सोनीपत में हुए थे और बजरंग हारने के बाद मूत्र का नमूना दिये बिना स्थान से चले गए थे। उन्होंने तीसरे चौथे स्थान के मुकाबले में भाग भी नहीं लिया था। बजरंग ने अपने वकील के मार्फत अस्थायी निलंबन को चुनौती दी थी। उन्होंने एडीडीपी को अपने जवाब में दोहराया था कि उन्होंने कभी नमूना देने से इनकार नहीं किया लेकिन वह जानना चाहते थे कि नाडा ने उनके इस सवाल का जवाब क्यो नहीं दिया कि दिसंबर 2023 में उनके नमूने लेने के लिये एक्सपायर्ड किट क्यो भेजी गई थी।

## स्वियातेक व गॉफ क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी

पेरिस। गत चैंपियन ईगा स्वियातेक और अमेरिकी ओपन चैम्पियन कोको गॉफ ने रविवार को यहां अपने मुकाबले जीतकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। स्वियातेक ने अनास्तिया पोतापोवा को सिर्फ 40 मिनट में 6-0, 6-0 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। गॉफ ने इटली की गैर वरीय एलिजाबेटा कोसियारेटो को 6-।, 6-2 से शिकस्त दी। अब वह आठवीं वरीय ट्यूनीशिया की ओन्स जाबेयूर से भिड़ेंगी जिन्होंने क्लारा टौसन को 6-4, 6-4 से शिकस्त दी। पुरुषों के चौथे दौर के मुकाबले में दो बार के ग्रैंडस्लैम विजेता कार्लोस अल्काराज और 2021 फ्रेंच ओपन उप विजेता स्टेफानोस सिटसिपास ने भी क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया। तीसरे वरीय अल्काराज ने 21वें वरीय कनाडा के फेलिक्स ऑगर अलियासिमे को 6-3, 6-3, 6-। से हराया। वहीं नौंवे वरीय सिटसिपास ने इटली के गैर वरीय माटियो अर्नाल्डी को 3-6, 7-6 (4), 6-2, 6-2 से पराजित किया। स्वियातेक को पूरे मुकाबले के दौरान एक भी गेम प्वाइंट का सामना नहीं करना पड़ा। पोतापोवा ने पहले ही मैच प्वाइंट पर फोरहैंड शॉट नेट पर मारकर मुकाबला स्वियातेक की झोली में डाल दिया। दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी स्वियातेक ने मैच के बाद कहा, मैं बेहद एकाग्र थी। मुकाबला काफी तेजी से खत्म हो गया, यह काफी अजीब था। स्वियातेक की नजरें रोलां गैरो पर लगातार तीसरे और कुल चौथे फ्रेंच ओपन खिताब पर टिकी हैं। पोलैंड की यह शीर्ष वरीय खिलाड़ी अगले दौर में पांचवीं वरीय चेक गणराज्य की मार्केटा वोंद्रोसोवा और सर्बिया की गैरवरीय ओल्गा डेनिलोविच के बीच होने वाले मैच की विजेता से भिड़ेगी। वहीं शनिवार रात को विश्व के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोवच ने पांच सेट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में जीत दर्ज करके टूर्नामेंट में खिताब का बचाव करने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। जोकोविच ने इटली के 22 वर्षीय खिलाड़ी लोरेंजो मुसेट्टी को तीसरे दौर के मैच में 7-5, 6-7 (6), 2-6, 6-3, 6-0 से हराया। यह मैच चार घंटे 30 मिनट तक चला और रविवार की सुबह तीन बजे तक खेला गया। जोकोविच की ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में यह 369वीं जीत है और इस तरह से उन्होंने रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। जोकोविच सोमवार को यह रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं, जब उनका सामना अर्जेंटीना के 23वीं वरीयता प्राप्त फ्रांसिस्को सेरुंडोलो से होगा।



## नामीबिया ने ओमान को हराया

एजेंसी

नामीबिया ने ओमान को सुपर ओवर में हराकर टी20 विश्व कप में अपने अभियान की जीत से शुरुआत की। आखिरी ओवर और जीत के लिए 5 रन की जरूरत। किसी भी टी-20 मैच में ये रन बेहद मामूली कहे जाएंगे। लेकिन टी-20 वर्ल्ड कप में नामीबिया और ओमान के बीच आज खेले गए मैच में ये मामूली रन भी नहीं बने। एक ओवर में 5 रन चाहिए थे और ओमान के कप्तान आकिब ने मेहरान खान को गेंदबाजी के लिए बुलाया। पहली 3 गेंदों में मेहरान ने बिना रन दिए 2 विकेट लिए। बची हुई 3 गेंदों पर 4 रन बने और मैच टाई हो गया। टी-20 वर्ल्ड कप में 12 साल बाद एक बार फिर मैच सुपर ओवर में पहुंचा। इससे पहले 2012 में न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज का मैच रिजल्ट सुपर ओवर से निकला था। वेस्टइंडीज जीता था। पहली गेंद- डेविड विसे को बिलाल खान ने पहली गेंद फेंकी। चौका लगा।

**❍ 12 साल में टी–20 वर्ल्ड कप में पहला सुपरओवर**

दूसरी गेंद- बिलाल ने फुलटॉस डाली और 39 साल के विसे ने सिक्स लगा दिया। तीसरी गेंद- विसे ने 2 रन लिए। चौथी गेंद- विसे ने 1 रन लिया। पांचवीं गेंद- इरासमस क्रीज पर थे और बिलाल की गेंद पर उन्होंने चौका मारा। छठवीं गेंद- इरासमस ने फिर चौका लगाया। पहली गेंद- विसे बॉलिंग के लिए आए। पहली गेंद यॉर्कर डाली और नसीम खुशी ने 2 रन लिए। दूसरी गेंद- विसे ने फिर यॉर्कर बॉल डाली। नसीम कोई रन नहीं बना पाए। तीसरी गेंद- विसे ने फिर फुल लेंथ बॉल डाली और बैट से लगकर गेंद स्टंप्स से टकरा गई। चौथी गेंद- ओमान के कैप्टन आकिब क्रीज पर आए, लेकिन विस ने इस बार लेंथ बॉल डाली। आकिब एक रन बना सके। अब ओमान को 2 गेंदों में 19 रन चाहिए थे। पांचवीं गेंद- मकसूद स्ट्राइक पर थे, लेकिन वो भी विसे को बाउंड्री पार नहीं पहुंचा सके। सिर्फ 1 रन बना। छठवीं गेंद- आकिब ने सिक्स लगाया, लेकिन बहुत देर हो चुकी थी। नामीबिया 11 रन से जीत गया। नामीबिया और ओमान के बीच ये रोमांचक मुकाबला बारबाडोस के केंसिग्टन ओवल मैदान में खेला गया। नामीबिया ने बॉलिंग का फैसला किया। ओमान 109 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। ऐसा लगा कि नामीबिया आसान जीत हासिल करेगी। लेकिन 110 का टारगेट वो भी नहीं हासिल कर पाई। 109 रन ही बना सकी और मैच सुपर ओवर में पहुंचा गया। नामीबिया की ओर से डेविड विसे ने ऑलराउंड प्रदर्शन किया। उन्होंने सुपरओवर में पहले कप्तान जेराड इरास्मस के साथ मिलकर छह गेंदों पर 21 रन बनाए। इसके बाद इस टारगेट को डिफेंड करने के लिए भी कप्तान ने विसे पर भरोसा जताया। विसे ने सिर्फ 10 रन ही दिए और एक विकेट भी झटका। विसे को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।



ओमान की बल्लेबाजी पहले ही ओवर से काफी खराब रही और टीम अंत तक इससे नहीं उबर सकी। पहले ओवर की शुरूआती दो गेंदों पर ट्रम्पेलमैन ने ओमान को लगातार दो झटके दिए। ओमान के लिए खालिद कैल ने 34 रन और जीशान मकसूद ने 22 रन बनाए। इन्हीं दोनों खिलाड़ियों के दम पर टीम 100 रनों का आंकड़ा पार करने में सफल रही। ओमान टीम के सात बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक नहीं पहुंच सके। नामीबिया के लिए रूबेन ट्रम्पेलमैन ने 21 रन देकर 4 विकेट लिए, जबकि विसे ने 28 रन देकर 3 विकेट झटके। इनके अलावा कप्तान जेराड इरास्मस ने 2 विकेट और बर्नार्ड स्कोल्ट्ज को एक विकेट मिला। रूबेन ट्रम्पेलमैन ने ओमान की पारी के पहले ही ओवर में पहली दो बॉल पर लगातार दो विकेट लिए। 110 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी नामीबिया की शुरूआत अच्छी नहीं रही। हालांकि नामीबिया पूरे मैच में ओमान पर हावी रही। टीम को पहला झटका पहले ओवर की दूसरी ही बॉल पर लगा। माइकल वान लिंगेन को बिलाल खान ने बोल्ड कर दिया। इसके बाद निको डेविन और जान फ्राइलिनक ने दूसरे विकेट के लिए 42 रन की साझेदारी की।

## खिताब बचाने उतरेंगे सात्विक व चिराग



एजेंसी

जकार्ता। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार भारतीय जोड़ी ओलंपिक को ध्यान में रखते हुए मंगलवार से यहां शुरू हो रहे इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में खिताब का बचाव करके अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने की कोशिश करेगी।

भारत की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी को पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। इस सत्र में उनका प्रदर्शन अच्छा रहा है। उन्होंने चार प्रतियोगिताओं के फाइनल में प्रवेश किया जिनमें से वह फ्रेंच ओपन और थाईलैंड ओपन जीतने में सफल रहे। थॉमस कप में हालांकि इंडोनेशिया और चीन के खिलाफ वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। इसके अलावा वह ऑल इंग्लैंड ओपन और पिछले सप्ताह सिंगापुर ओपन में शुरू में बाहर हो गए थे। सात्विक और चिराग पिछले साल इंडोनेशिया ओपन जीतकर सुपर 1000 टूर्नामेंट जीतने वाले पहले भारतीय बने थे। वे अब पिछले सप्ताह की गलतियों में सुधार करके पिछले साल का प्रदर्शन दोहराने की कोशिश करेंगे। उनका पहला मुकाबला मलेशिया के मैन वेई चोंग और काई वुन टी से होगा। ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता पीवी सिंधू पर भी दबाव होगा जो पेरिस ओलंपिक से पहले आत्मविश्वास हासिल करना चाहेंगी। मलेशिया ओपन के फाइनल में पहुंचने से उनका मनोबल बढ़ा होगा लेकिन खिताबी मुकाबले में चीन की वांग झी यी के खिलाफ 11-3 से आगे होने के बावजूद हारना चिंताजनक है। आन से यंग, चेन यू फी, अकाने यामागुची और कैरोलिना मारिन जैसी चोटी की खिलाड़ी मलेशिया ओपन में नहीं खेली थी लेकिन वे इंडोनेशिया ओपन में चुनौती पेश करेंगे और ऐसे में सिंधू के लिए राह आसान नहीं होगी। सिंधू अगर पहले दौर में चीनी ताइपे की वेन ची सू को हरा देती है तो फिर उन्हें मारिन का सामना करना पड़ सकता है जिनसे वह पिछले सप्ताह क्वार्टर फाइनल में हार गई थी। पुरुष एकल में भारत की निगाह एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन पर टिकी रहेगी। लक्ष्य जापान के कांता सुनेयामा के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। क्वार्टर फाइनल में पहुंचने पर उनका सामना मौजूदा ओलंपिक चैंपियन और शीर्ष वरीयता प्राप्त विक्टर एक्सेलसेन से हो सकता है जिनसे वह पिछले सप्ताह हार गए थे। इस सत्र में स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से जूझने वाले प्रणय पहले दौर में हमवतन प्रियांशु राजावत से भिड़ेंगे। विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत और किरण जॉर्ज भी अपनी चुनौती पेश करेंगे। पहले दौर में श्रीकांत का सामना चिको ऑरा ड्वी वार्डोयो से जबकि जॉर्ज का चीन के वेंग होंग यांग से होगा। महिला युगल में ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुकी तनिषा क्रैस्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी अपने अभियान की शुरुआत कनाडा की जैकी डेंट और क्रिस्टल लाई की जोड़ी के खिलाफ करेगी। त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की एक अन्य भारतीय जोड़ी का सामना चीनी ताइपे की चेंग यू पेई और सुन यू हिंग से होगा।

## ग्रिगोर व सिनर फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में



एजेंसी

पेरिस। ग्रिगोर दिमित्रोव ने एक कड़े मुकाबले में ह्यूबर्ट हर्काज़ को हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया जहां उनका सामना ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन यानिक सिनर से होगा। दसवीं वरीयता प्राप्त दिमित्रोव ने आठवें वरीय हर्काज़ को 7-6 (5), 6-4, 7-6 (3) से हराया। यह पहला अवसर है जबकि दिमित्रोव ने फ्रेंच ओपन के अंतिम आठ में जगह बनाई। वह अमेरिकी ओपन, ऑस्ट्रेलियाई ओपन और विंबलडन में एक-एक बार सेमीफाइनल में पहुंच चुके हैं। सिनर ने फ्रांस के गैर वरीयता प्राप्त कॉरेंटिन मौटेट के खिलाफ पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके 2-6, 6-3, 6-2, 6-। से जीत दर्ज की। पुरुष वर्ग में दो बार के ग्रैंडस्लैम विजेता कार्लोस अल्काराज और 2021 में फ्रेंच ओपन के उप विजेता स्टेफानोस सिटसिपास ने भी क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया जहां इनका आमना सामना होगा। तीसरे वरीय अल्काराज ने कनाडा के 21वें वरीय फेलिक्स ऑगर अलियासिमे को 6-3, 6-3, 6-। से जबकि नौंवे वरीय सिटसिपास ने इटली के गैर वरीय माटियो अर्नाल्डी को 3-6, 7-6 (4), 6-2, 6-2 से पराजित किया। महिला वर्ग में विंबलडन चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा और ओन्स जाबूर ने भी क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। चेक गणराज्य की पांचवीं वरीयता वोंद्रोसोवा ने सर्बिया की ओल्गा डैनिलोविच को 6-4, 6-2 से हराया। ट्यूनीशिया की आठवीं वरीयता प्राप्त जाबूर ने गैर वरीयता प्राप्त डेन क्लारा टॉसन को 6-4, 6-4 से हराकर लगातार दूसरी बार फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह सुरक्षित की। अंतिम आठ में उनका सामना अमेरिका की कोको गॉफ से होगा जिन्होंने इटली की गैर वरीय एलिजाबेटा कोसियारेटो को 6-।, 6-2 से पराजित किया।

**बोपन्ना . एबडेन की जोड़ी फ्रेंच ओपन क्वार्टर फाइनल में**

पेरिस। भारत के रोहन बोपन्ना और आस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन की जोड़ी एन श्रीराम बालाजी और एमए रेयेस वारेला मार्तिनेज की जोड़ी को सुपर टाइब्रेकर में हराकर फ्रेंच ओपन पुरूष युगल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई।

## एमबाप्पे को पेरिस ओलंपिक के लिए फ्रांस की टीम में जगह नहीं



पेरिस। स्टार खिलाड़ी काइलियान एमबाप्पे पेरिस ओलंपिक में फ्रांस के लिए नहीं खेलेंगे क्योंकि उन्हें सोमवार को थियेरी हेनरी की इन खेलों के लिए अस्थाई टीम में जगह नहीं मिली। विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रहे एमबाप्पे ने अपने देश में होने वाले ओलंपिक में खेलने की इच्छा व्यक्त की थी। हेनरी और यहां तक कि फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों भी चाहते थे कि एमबाप्पे पुरुष ओलंपिक टीम का हिस्सा बनें लेकिन उन्हें 25 सदस्यीय टीम में शामिल नहीं किया गया।

# चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने के सबूत दे विपक्ष

## निर्वाचन आयोग को संदेह के घेरे में नहीं ला सकते : मुख्य निर्वाचन आयुक्त

नयी दिल्ली। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने सोमवार को विपक्ष को चुनौती दी कि वे उन आरोपों के साक्ष्य साझा करें जिनमें कहा गया है कि निर्वाचन अधिकारियों और जिलाधिकारियों को चुनाव प्रक्रिया को दूषित करने के लिए प्रभावित किया गया था, ताकि आयोग उनके खिलाफ कार्वाई कर सके।




कुमार ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि विपक्ष को मतगणना शुरू होने से पहले चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश करने वालों के बारे में भी आयोग को बताना चाहिए। संवाददाता सम्मेलन में उनके साथ निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और एस.एस. संधू भी मौजूद थे। कुमार ने कहा, आप अफवाह फैलाकर सभी को संदेह के घेरे में नहीं ला सकते। उन्होंने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि आयोग ने चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने के किसी भी विदेशी प्रयास से निपटने के लिए तैयारी की थी, लेकिन ये आरोप देश के भीतर से ही आए हैं। जिलाधिकारियों को प्रभावित किए जाने के आरोपों पर आपत्ति जताते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा, आरोप लगाने वालों को बताना चाहिए कि किस जिलाधिकारी को प्रभावित किया गया और हम उन्हें दंडित करेंगे। मतगणना प्रक्रिया शुरू होने से पहले उन्हें हमें बताना चाहिए। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने दावा किया था कि गृह मंत्री अमित शाह जिलाधिकारियों या कलेक्टरों को फोन कर रहे हैं और उन्हें खुलेआम डराने-धमकाने में लगे हैं। चुनाव के दौरान जिला मजिस्ट्रेट या कलेक्टर अपने-अपने जिलों के निर्वाचन अधिकारी होते हैं। रमेश ने दावा किया कि शाह पहले ही 150 जिला मजिस्ट्रेट या कलेक्टरों से बात कर चुके हैं। कुमार ने रविवार को आयोग से मुलाकात करने वाले बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल की सभी मांगों को स्वीकार कर लिया था और कहा था कि उनके द्वारा उठाए गए मुद्दे सात दशकों से चली आ रही चुनाव प्रक्रिया का हिस्सा हैं। कुमार ने कहा, कुछ मांग बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल द्वारा की गई थीं। हमनें उनकी सभी मांगें मान लीं। उन्होंने संकेत दिया कि बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल द्वारा उठाए गए अधिकांश मुद्दे चुनाव नियमावली का हिस्सा थे। कुमार ने कहा, यह प्रक्रिया 70 सालों से चल रही है... हमने हर निर्वाचन अधिकारीसहायक निर्वाचन अधिकारी को निर्देश दिए हैं। ये हमारे आदेश हैं और ये कोई मजाक नहीं है... सभी को हैंडबुकानियमावली का पालन करने का निर्देश दिया गया है। कुमार ने स्वीकार किया कि निर्वाचन आयोग चुनाव प्रक्रिया के दौरान फैलाए गए शरारतपूर्ण विमर्श का मुकाबला करने में विफल रहा है।

# दिल्ली : ताज एक्सप्रेस के तीन डिब्बों में लगी आग

नयी दिल्ली। दक्षिण-पूर्व दिल्ली के सरिता विहार इलाके में सोमवार को ताज एक्सप्रेस के तीन डिब्बों में आग लग गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हादसे में कोई घायल नहीं हुआ है और यात्री समय रहते प्रभावित डिब्बों से बाहर निकलने में सफल रहे। अधिकारियों ने बताया कि आग लगने के कारणों का तत्काल पता नहीं चला।



दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने बताया, हमें अपराह्न चार बजकर 24 मिनट पर ताज एक्सप्रेस के तीन डिब्बों में आग लगने की सूचना मिली। आग बुझाने के लिए दमकल के आठ वाहनों को मौके पर भेजा गया है और आग पर शाम पांच बजकर 43 मिनट पर काबू पा लिया गया। इससे पहले डीएफएस अधिकारियों ने बताया था कि चार डिब्बों में आग लगी है। पुलिस ने बताया कि शाम को करीब चार बजकर 40 मिनट पर आग लगने की सूचना पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) को मिली। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, सूचना मिलने के बाद पुलिस कर्मी तत्काल अपोलो अस्पताल के नजदीक स्थित घटनास्थल पर पहुंचे। घटनास्थल पर पहुंचने के बाद पाया गया कि ताज एक्सप्रेस के तीन डिब्बों में आग लगी है। ट्रेन रुकी हुई थी। उन्होंने बताया कि डी3 और डी4 डिब्बे पूरी तरह जल गए हैं जबकि डी2 को आंशिक नुकसान पहुंचा है। अधिकारी ने बताया कि घटना में कोई घायल नहीं हुआ है क्योंकि समय रहते यात्री दूसरे डिब्बों में चले गए और फिर ट्रेन से उतर गए। पुलिस ने बताया कि रेलवे द्वारा आगे की कार्वाई की जा रही है।

## संक्षेप

### एनआईए ने 17 के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने सोमवार को प्रतिबंधित वैश्विक आतंकवादी संगठन आईएसआईएस से जुड़े 17 लोगों के खिलाफ युवाओं को कट्टरपंथी बनाने की साजिश में शामिल होने के संबंध में आरोपपत्र दाखिल किया। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान के मुताबिक, एनआईए ने मूल रूप से मार्च 2023 में तीन लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया था और सोमवार को दिल्ली की पटियाला हाउस अदालत के समक्ष 17 अन्य के खिलाफ पूरक आरोपपत्र दाखिल किया। इसमें कहा गया कि इन 17 आरोपियों में से 15 महाराष्ट्र से जबकि एक-एक उत्तराखंड और हरियाणा से है। एनआईए द्वारा जारी बयान के मुताबिक, इस मामले में कुल 20 आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया जा चुका है, जिसमें विदेश में बैठे आकाओं के साथ आरोपियों के संबंधों का खुलासा हुआ है। आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता, गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, शस्त्र अधिनियम और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत आरोपपत्र दाखिल किया गया है। आरोपी आईएसआईएस के षड्यंत्र में शामिल पाए गए, जिसमें भर्ती, प्रशिक्षण और भोले-भाले युवाओं के बीच आईएसआईएस की विचारधारा का प्रचार-प्रसार शामिल था।

# दर्ज प्राथमिकी से शाह और रेड्डी का नाम हटाया गया

हैदराबाद। हैदराबाद पुलिस ने पिछले महीने चुनाव प्रचार में कथित तौर पर बच्चों के इस्तेमाल को लेकर दर्ज प्राथमिकी से गृह मंत्री अमित शाह और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तेलंगाना इकाई के अध्यक्ष जी.किशन रेड्डी के नाम को हटा दिया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के उपाध्यक्ष जी.निरंजन ने राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) को शिकायत की थी कि एक मई को भाजपा की लालदरवाजा से सुधा टॉकीज तक निकाली गई रैली में शाह के साथ मंच पर कथित तौर पर कुछ बच्चे मौजूद थे। तेलंगाना के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने इस शिकायत को तथ्यात्मक रिपोर्ट के लिए शहर की पुलिस को भेज दिया था, जिसके बाद शाह, रेड्डी हैदराबाद लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार के.माधवी लता, विधायक टी राजा सिंह और पार्टी नेता टी.यमन सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि जांच में पाया गया कि अमित शाह और जी किशन रेड्डी की पूरे प्रकरण में कोई भूमिका नहीं थी।

# चुनाव नतीजों के बाद बैठक करेगी कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने सोमवार को कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडिया के घटक दलों के नेता लोकसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद इस संबंध में बैठक करेंगे।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह जानकारी देने के साथ ही उन खबरों को खारिज कर दिया जिनमें कहा गया था कि चुनाव परिणाम के बाद इंडिया गठबंधन के नेता बैठक कर आकलन करेंगे तथा राष्ट्रपति से मिलने के अलावा संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करने या विरोध प्रदर्शन करने समेत कई विकल्पों पर भी विचार कर सकते हैं। रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, परिणाम घोषित



होने के बाद जाहिर तौर पर इंडिया गठबंधन के नेता मिलेंगे। इसका जो भी अन्य अर्थ लगाया जा रहा है वो पूरी तरह से भ्रामक और गलत है। मतगणना मंगलवार सुबह आठ बजे आरंभ होगी। अधिकतर एग्जिट पोल में लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को प्रचंड बहुमत मिलने का पूर्वानुमान व्यक्त किया गया है। अधिकतर सर्वेक्षणों में राजग को 350 से अधिक सीट मिलने की संभावना जताई गई है। अगर असल परिणाम भी एग्जिट पोल के अनुमान के मुताबिक रहते हैं तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार बड़े बहुमत के साथ सत्ता संभालेंगे।कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के अन्य घटक दलों ने एग्जिट पोल को खारिज कर दिया और दावा किया कि विपक्षी गठबंधन अगली सरकार बनाएगा।

# इमरान खान को गोपनीय दस्तावेज लीक मामले में बरी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की एक शीर्ष अदालत ने सोमवार को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को बड़ी राहत देते हुए उन्हें और उनकी सरकार में विदेश मंत्री रहे शाह महमूद कुरैशी को गोपनीय दस्तावेज लीक होने के मामले में बरी कर दिया।

शासकीय गोपनीयता अधिनियम के तहत गठित इस्लामाबाद की एक विशेष अदालत ने जनवरी में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के संस्थापक खान और कुरैशी को 10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई थी।



गोपनीय दस्तावेज लीक मामला एक घटना से जुड़ा है, जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री खान ने इस्लामाबाद में एक रैली के दौरान एक कागज (कथित तौर पर राजनयिक पत्र की एक प्रति) दिखाकर दावा किया था कि यह विदेशी शक्ति द्वारा उनकी सरकार के खिलाफ रची गई साजिश का सबूत है। उन्होंने अमेरिकी राजनयिक डोनाल्ड लू का जिक्र करते हुए यह दावा किया था, जो इस विवाद के केंद्र में रहे थे। अप्रैल 2022 में संसद में अविश्वास प्रस्ताव के जरिए पीटीआई की सरकार गिराए जाने से महज दो सप्ताह पहले उन्होंने गोपनीय दस्तावेज दिखाया था। खान और कुरैशी दोनों ने अपनी 10 साल की सजा को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। उनकी याचिकाओं पर सोमवार को सुनवाई के बाद इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने उनकी सजा पर रोक लगा दी और कहा कि अगर उन्हें किसी अन्य मामले में हिरासत में नहीं रखा गया है, तो रिहा किया जाए। मुख्य न्यायाधीश आमिर फारूक और न्यायमूर्ति मियांगुल हसन औरंगजेब ने फैसला सुनाया। पाकिस्तान की एक अदालत ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी के अवैध विवाह मामले की सुनवाई कर रहे न्यायाधीश का अनुरोध स्वीकार करते हुए मामला किसी दूसरी अदालत को सौंपने की अनुमति दे दी। कुछ दिन पहले शिकायतकर्ता ने कहा था कि उसे न्यायाधीश पर विश्वास नहीं है। इस्लाम के अनुसार, पति से तलाक होने और दूसरा निकाह करने से पहले महिला के लिए अनिवार्य अवधि इद्दत के दौरान शादी करने के लिए एक अदालत ने खान (71) और बुशरा (49) को तीन फरवरी को सात-सात साल कैद की सजा सुनाई थी। बुशरा के पूर्व पति खावर मानेका ने नवंबर 2023 में दोनों के खिलाफ मुकदमा दायर करते हुए आरोप लगाया था कि बुशरा ने इद्दत किए बिना खान से शादी की है।

# ईरान के कार्यवाहक विदेश मंत्री लेबनान पहुंचे

बेरूत। ईरान के कार्यवाहक विदेश मंत्री अली बाकरी कानी हेलीकॉप्टर दुर्घटना में अपने पूर्ववर्ती हुसैन अमीर अब्दुल्लाहिया की मौत के बाद पहली आधिकारिक राजनयिक यात्रा पर सोमवार को लेबनान पहुंचे।

ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी इरना ने खबर दी है कि बाकरी लेबनान और फिर सीरिया की यात्रा करेंगे, जहां वह दोनों देशों के अधिकारियों से मुलाकात करके इजराइल के खिलाफ प्रतिरोध के बारे में चर्चा करेंगे। ईरान क्षेत्र में कई सशस्त्र समूहों का समर्थन करता है, जिनमें सबसे शक्तिशाली माना जाने वाला शिया उग्रवादी समूह हिज्बुल्ला भी शामिल है। उल्लेखनीय है कि 19



मई को ईरान से लगी अजरबैजान सीमा के निकट हेलीकॉप्टर दुर्घटना में बाकरी के पूर्ववर्ती हुसैन अमीर अब्दुल्लाहियान की मौत हो गई थी। इस दुर्घटना में ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की भी मारे गए थे। बाकरी ने सोमवार को लेबनान के विदेश मंत्री अब्दुल्ला अबू हबीब से मुलाकात कर दोनों देशों के बीच करीबी संबंधों की सराहना की। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि (इजराइल के खिलाफ) प्रतिरोध क्षेत्र में स्थिरता का आधार है। हमने इस बात पर सहमति जताई है कि क्षेत्र के सभी देशों, खासतौर पर इस्लामी मुल्कों को इजराइल के आक्रमण का सामना करने और विशेष रूप से रफह में फलस्तीनी लोगों को बचाने के लिए एक संयुक्त अभियान चलाना चाहिए। हबीब ने कहा कि लेबनान अपनी ओर से व्यापक युद्ध से परहेज करना चाहता है और दक्षिण लेबनान में शांति व स्थायित्व बहाल करने के लिए ठोस समाधान तलाश रहा है।

# मेक्सिको में क्लाउडिया शीनबाम पहली महिला राष्ट्रपति निर्वाचित

मेक्सिको सिटी। मेक्सिको में राष्ट्रपति चुनाव की संभावित विजेता क्लाउडिया शिनबाम देश के 200 साल के इतिहास में इस पद पर आसीन होने वाली पहली महिला होंगी।

जलवायु वैज्ञानिक और मेक्सिको सिटी की पूर्व महापौर शीनबाम ने रविवार रात कहा कि दो प्रतिस्पर्धियों ने उनकी जीत स्वीकार कर ली है। शीनबाम ने एक होटल के बाहर मुस्कुराते हुए कहा, मैं मेक्सिको की पहली महिला राष्ट्रपति बनूंगी। इससे कुछ देर पहले चुनाव अधिकारियों ने कुछ आंकड़े पेश किए हैं, जिनमें वह बढ़त हासिल करती हुई दिख रही हैं। शीनबाम ने कहा, मैं अकेले यह नहीं कर पाई हूं। हम सबने मिलकर कर दिखाया है। इसमें हमारी मातृभूमि की वीरांगनाओं, माताओं और बेटियों का भरपूर साथ रहा। हमने दिखा दिया है कि मेक्सिको एक लोकतांत्रिक देश है, जहां शांतिपूर्ण चुनाव हुए हैं। नेशनल इलेक्टोरल इंस्टिट्यूट के प्रमुख ने कहा कि आंकड़ों के अनुसार शीनबाम को 58.3 प्रतिशत से 60.7 प्रतिशत वोट मिले हैं। विपक्षी उम्मीदवार जोचिटल गाल्वेज को 26.6 से 28.6 प्रतिशत जबकि जॉर्ज अल्वारेज मेनेज को 9.9 फीसद से 10.8 प्रतिशत वोट मिले हैं।

## इंटरटेनमेंट...

# नेटफ्लिक्स पर जल्द दस्तक देगा 'हीरामंडी'

नयी दिल्ली। नेटफ्लिक्स पर संजय लीला भंसाली के शो हीरामंडी : द डायमंड बाजार का दूसरा सीजन जल्द दस्तक दे सकता है। इसका पहला सीजन एक महीने पहले ही इस ओटीटी मंच पर रिलीज हुआ था और अब नेटफ्लिक्स और भंसाली दोनों ने दूसरे सीजन की घोषणा की है।

शो के पहले सीजन में मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिती राव हैदरी, संजीदा शेख, ऋचा चड्ढा और शर्मिन सेगल ने मुख्य भूमिका निभाई है। भंसाली ने हीरामंडी के साथ ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अपना पहला कदम रखा और पहले सीजन की सफलता के प्रति आभार जताया। फिल्मनिर्माता ने एक बयान में कहा, हीरामंडी : द डायमंड बाजार को मिले प्यार और समर्थन से मैं बहुत खुश हूं। यह देखकर खुशी हुई कि यह सीरीज दुनिया भर के दर्शकों को पसंद आ रही है और मुझे नेटफ्लिक्स से बेहतर साझेदार नहीं मिल सकता। मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि हम दूसरे सीजन के साथ लौटेंगे।



# एंजेलिना ने अपने पिता का नाम हटाने के लिए दाखिल की याचिका

लॉस एंजिलिस। मशहूर कलाकार एंजेलिना जोली और ब्रैड पिट की बेटी ने याचिका दाखिल कर कानूनी रूप से अपने नाम से पिट शब्द हटाए जाने का अनुरोध किया है। लॉस एंजिलिस टाइम्स की एक खबर के अनुसार शिलोह नोवेल जोली-पिट ने 27 मई को लॉस एंजिलिस काउंटी सुपीरियर कोर्ट में अपना नाम बदलकर शिलोह नोवेल जोली रखने के लिए याचिका दायर की। शिलोह का जन्म 27 मई 2006 को नामीबिया के स्वाकोपमुंड में हुआ था और वह छह भाई बहनों में तीसरे नबंर पर है। उसके अन्य भाई बहन मैडॉक्स, पैक्स, ज़हरा और जुड़वां नॉक्स एवं विविएन हैं। खबर में कहा गया कि शिलोह कानूनी तौर पर नाम में बदलाव के लिए यचिका दाखिल करने वाली पूर्व दंपती की पहली संतान है हालांकि कुछ बच्चे पहले ही अपने नाम से पिट हटा चुके हैं। एंजेलिना जोली ने सितंबर 2016 में पिट से तलाक के लिए अर्जी दी थी लेकिन उस संबंध में विस्तार से जानकारी उपलब्ध नहीं है।



# 26 साल के लड़के ने तोड़ा टी-सीरीज का रिकॉर्ड

**मुंबई।** 26 साल के अमेरिकन यूट्यूबर जिमी डोनाल्डसन उर्फ मिस्टर बीस्ट अब दुनिया के सबसे ज्यादा सब्सक्राइबर्स पाने वाले यूट्यूबर बन चुके हैं। उनके चैनल मिस्टर बीस्ट के रविवार को 268 मिलियन (26 करोड़ 80 लाख) सब्सक्राइबर्स हो चुके हैं।



इसके साथ ही जिमी ने इंडियन म्यूजिक लेबल टी-सीरीज के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। टी-सीरीज के यूट्यूब अकाउंट पर 266 मिलियन (26 करोड़ 60 लाख) सब्सक्राइबर्स हैं। इस चैनल के मालिक फिल्म और म्यूजिक प्रोड्यूसर भूषण कुमार हैं। रविवार को एक ट्वीट करते हुए जिमी ने अपने इस अचीवमेंट की जानकारी दी।

# 'मिस्टर एंड मिसेज माही' ने कमाये 17.12 करोड़

नयी दिल्ली। राजकुमार राव और जाह्नवी कपूर अभिनीत फिल्मै मिस्टर एंड मिसेज माहौ ने अपने रिलीज के शुरुआती तीन दिन में 17.12 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। फिल्म के निर्माताओं ने सोमवार को यह जानकारी दी।

इस फिल्म का निर्देशन शरण शर्मा ने किया है और यह जी स्टूडियोज और धर्मा प्रोडक्शन्स द्वारा बनाई गई है। रोमांटिक स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हुई और इसे दर्शकों की मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली। धर्मा प्रोडक्शन्स ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया मंच एक्स पर बॉक्स ऑफिस पर फिल्म के प्रदर्शन के बारे में जानकारी साझा की है। निर्माता ने पोस्ट के साथ कैप्शन लिखा है कि फिल्म ने अपनी रिलीज के तीन दिन के भीतर घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 17.12 करोड़ रुपये की शुद्ध कमाई की है। मिस्टर एंड मिसेज माही में जाह्नवी कपूर ने महिमा की भूमिका निभाई है। वह एक डॉक्टर है जिसका पति महेंद्र उसमें क्रिकेट खेलने की प्रतिभा को पहचानता है और उसके सपनों को पूरा करने के लिए उसका प्रशिक्षक बन जाता है।







आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com